# कठिन परिश्रम व धैर्य के साथ पढ़ाई करने से मिलती हैं सफलताएं: आलोक सिंह

### कोरांव बाजार में आईएएस की परीक्षा में सफल अभ्यर्थी का आयोजित हुआ अभिनंदन समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव । सच्ची लगन कठिन परिश्रम और धैर्य के साथ पढ़ाई करने पर सफलता जरूर मिलती है। लक्ष्य की प्राप्ति के लिए साहस और धैर्य की जरूरत होती है। लगातार प्रयास एक न एक दिन मंजिल तक अवश्य पहुंचाता है। यह बातें देश की सर्वोच्च परीक्षा आईएएस पास कर प्रयागराज जनपद का नाम देश में रोशन करने वाले अवकाश प्राप्त कानूनगो प्रभाकर सिंह निवासी कोहड़िया बारा प्रयागराज आलोक सिंह के अभिनंदन में कोरांव बाजार में निकाली गई स्वागत यात्रा के बाद भागीरथी गार्डन में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर शनिवार को सायं 7:30 बजे बतौर मुख्य अतिथि कही। आईएएस की परीक्षा पास करने वाले आलोक सिंह अपने पिता अवकाश प्राप्त कानूनगो प्रभाकर सिंह के साथ कोरांव बाजार में नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे तो नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी अपने समर्थकों के साथ आईएएस बने आलोक सिंह और इनके पिता प्रभाकर सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया। तत्पश्चात रथ पर नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, आईएएस की परीक्षा पास करने वाले आलोक सिंह तथा इनके पिता प्रभाकर सिंह सवार होकर बाजार में स्वागत यात्रा निकाली।

इसके बाद भागीरथी गार्डन में अभिनंदन समारोह आयोजित हुआ। अभिनंदन समारोह में यूपी बोर्ड की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रदेश व जिले में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को इनके पिता प्रभाकर सिंह तथा नगर पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, सभी विद्यालयों के प्रधानाचार्यगणों की उपस्थिति में स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अभिनंदन समारोह को गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मोहम्मद साबिर अली, सरदार पटेल इंटर कॉलेज सिकरो के प्रधानाचार्य डॉ अवधेश कुमार सिंह, अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य इंद्रकरण सिंह, प्रकाश चंद्र सिंह, यदुवीर सिंह समेत कई वक्ताओं ने संबोधित किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में प्रमुख रूप से धर्मेंद्र प्रताप सिंह, बालेंद्र प्रताप सिंह, प्रकाश चंद्र सिंह, शिक्षक संदीप सिंह, शिक्षक अजय सिंह, बिजली विभाग के एसडीओ अजीत भाई पटेल, रामाश्रय सिंह, मनोज सिंह समेत भारी संख्या में स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं के अभिभावक बाजार के व्यवसाई व छात्र-छात्राएं तथा गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत शिक्षक त्रिवेणी प्रसाद सिंह व संचालन शिक्षक गुलाब शंकर मिश्रा ने किया।

# बाजार से घर लौट रहे युवक की पीट पीट कर निर्मम हत्या

### क्षेत्र के पियरी गांव में हुई घटना, पुलिस ने दो नामजद तीन अज्ञात के विरुद्ध लिखा मुकदमा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



कोरांव। कोरांव थाना क्षेत्र के पियरी गांव में शुक्रवार की रात 9 बजे के करीब महुली बाजार से घर लौट रहे युवक की पीट-पीट कर लहूलुहान कर दिया परिजन उसे उपचार के लिए प्रयागराज ले जा रहे थे कि घायल युवक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।

घटना की सूचना पुलिस को मिलने पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल में जुट गई। शनिवार को दोपहर 12 बजे के करीब पुलिस ने पियरी गांव से ही शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक अनंतजीत विश्वकर्मा (25) पुत्र जवाहरलाल निवासी ग्राम पियरी थाना कोरांव परदेश रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। वह लगभग एक वर्ष बाद दो मई को अपने घर आया था। शाम को कुछ दोस्तों के साथ महुली बाजार गया था। जहां दोस्तों के साथ शराब भी पिया था। बताया जा रहा है कि वह महुली बाजार से घर लौट रहा था कि अपने घर से 100 मीटर पहले पर कुर्मियान बस्ती में बाइक से गिर गया और गाली गलौज देने लगा। जिस पर सामने के घर से कुछ लोग निकले और गाली गलौज के दौरान मारपीट करने लगे। मारपीट में शराब के नशे में बाइक से गिरे अनंतजीत विश्वकर्मा को लहूलुहान कर दिया। मारपीट की सूचना पाकर परिजन मौके पर पहुंच गए और उसे उपचार के लिए ले जा रहे थे कि रास्ते में ही अनंतजीत विश्वकर्मा ने दम तोड़ दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अनंतजीत विश्वकर्मा तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था। मृतक के बड़े भाई अमरजीत विश्वकर्मा के द्वारा पुलिस को दो नामजद व दो-तीन अज्ञात के विरुद्ध तहरीर दी गई। जिस पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस ने नामजद एक आरोपी को हिरासत में ले लिया है। अनंतजीत को क्या पता था कि वर्ष भर बाद में घर चल रहा हूं तो मुझे गांव के ही लोग पीट पीट कर मौत के घाट उतार देंगे। बड़े भाई द्वारा नामजद किए गए अभियुक्तों में मनोज कुमार पुत्र अशर्फीलाल व श्याम बहादुर पुत्र राजित राम तथा दो तीन अज्ञात लोग शामिल हैं।

## ई रिक्शा पलटने से बेटी की मौत, मां गंभीर रूप से हुई घायल

कोरांव (कैनविज टाइम्स संवाददाता)। खीरी थाना क्षेत्र के देवीबांध गांव में शनिवार को दोपहर बाद दो बजे के करीब पिकअप की टक्कर से ई रिक्शा पलट गया। हादसे में ई रिक्शा पर सवार मां बेटी में बेटी की जहां मौके पर ही मौत हो गई, वहीं मां गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन में ई रिक्शा पर सवार रहे ससुर मणिकर्णिका पांडेय निवासी देवीबांध थाना खीरी घायल मां बेटी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां बेटी महक पांडेय को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल मां प्रीति पांडेय को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि मणिकर्णिका पांडेय निवासी देवीबांध थाना खीरी अपनी नातिन महक व बहू प्रीति के साथ नारीबारी की ओर कहीं जा रहे थे की देवी बांध गांव में पावर ट्रैक एजेंसी के पास अनियंत्रित पिकअप ने ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा सड़क से नीचे पलट गया और सवार मां बेटी में बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि हादसे में ससुर बाल बाल बच गए। हादसे के बाद पुलिस ने शनिवार को सायं 4 बजे के करीब बेटी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल मां की भी हालत नाजुक बताई जा रही है।

## बिजली विभाग ने चौक मंडल में चलाया मॉर्निंग रेड अभियान

लखनऊ। शनिवार को लखनऊ मध्य क्षेत्र के चौक मंडल में बिजली चोरी के खिलाफ मुख्य अभियंता रवि कुमार अग्रवाल के आदेश पर बिजली विभाग ने मॉर्निंग रेड अभियान चलाया। चौक मण्डल के अधीक्षण अभियंता रमेश चंद्र पाण्डेय ने बताया की चौक डिवीजन के अधिशासी अभियंता रमन वासुमित्रा व ठाकुरगंज डिवीजन के अधिशासी अभियंता दीपक कुमार के नेतृत्व में डिवीजन के कई इलाकों में मॉर्निंग रेट अभियान चलाया गया था। उन्होंने बताया की शुक्रवार की सुबह विशेष छापेमारी की यह कार्रवाई बिजली चोरी पर अंकुश लगाने और उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने बताया की चौक डिवीजन के उपकेंद्र विक्टोरिया के अंतर्गत आने वाले सब्जी मंडी इलाके में व उपकेंद्र नादान महल रोड के अंतर्गत आने वाले इलाके बिल्लोचपूरा व टूरियागंज में तथा ठाकुरगंज डिवीजन के उपकेंद्र राधाग्राम व बालाघाट, तथा गऊघाट के इलाके मौज़ज़्म नगर, न्यू रामनगर, परस लान, कब्रिस्तान,अहमदगंज, गढ़ी पीर खां, बाबा हज़ारा बाग़ आदि जगहों पर मॉर्निंग रेड अभियान के दौरान 146 बिजली कनेक्शनों की जांच की गई। इस दौरान 22 लोगों द्वारा बिजली चोरी किये जाने के मामले सामने आए हैं जिनके द्वारा लगभग 44 किलोवाट तक की बिजली चोरी की जा रही थी। विभाग ने ऐसे उपभोक्ताओं के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया और कुछ मामलों में कनेक्शन काटने की प्रक्रिया शुरू की। चौक मंडल के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि यह अभियान गर्मियों के मौसम को ध्यान में रखकर चलाया जा रहा है ताकि बिजली की मांग बढ़ने पर आपूर्ति में कोई व्यवधान न हो। उन्होंने कहा हमारा लक्ष्य बिजली चोरी को पूरी तरह खत्म करना और सभी उपभोक्ताओं को नियमित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करना है। इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे। स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का मिला-जुला रिएक्शन दिया। कुछ उपभोक्ताओं ने विभाग की इस पहल का स्वागत किया तो कुछ ने छापेमारी के दौरान असुविधा की शिकायत की। विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे नियमित रूप से बिलों का भुगतान करें और अवैध कनेक्शनों से बचें। इस अभियान में उपखंड अधिकारी रामू गुप्ता, उपखंड अधिकारी अवधेश प्रसाद चौधरी, उपखंड अधिकारी उपदेश कुमार व अवर अभियंता दुर्गेश चंद्र, अभय कुमार, अंकित पांडे, अंकित सिंह, राम जन्म व अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मां से हुए मामूली विवाद के बाद बेटे ने लगाई फांसी, मौत

कानपुर । बर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार की देर रात मां से हुए मामूली विवाद के बाद घर के इकलौते बेटे ने पंखे से फंदा लगाकर हत्या कर ली। अगले दिन शनिवार को घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर जांच कर जुट गई है।जरौली फ़ेस- वन नरपत नगर में रहने वाले रामशंकर पटेल अपनी पत्नी मीना व इकलौते बेटे जतिन (23) के साथ एक किराए के मकान में रहते हैं। पिता ने बताया कि उनका बेटा काफी होनहार था लेकिन वह बात-बात पर गुस्सा हो जाया करता था। डेढ़ महीने पहले वह इंडिगो एयरलाइंस में ट्रेनिंग करके आया था। इसी महीने पांच तारीख को उसकी नौकरी लगने वाली थी।बीती रात जतिन का उसकी मां के साथ खाने को लेकर कोई विवाद हो गया था। इसके बाद वह कमरे में सोने चला गया। सुबह जब मां उसे जगाने पहुंची तो दरवाजा अंदर से बंद था। उन्होंने खिड़की से झांक कर देखा तो जतिन का शव फांसी के फंदे पर झूल रहा था।

# रानीपुर मन्दिर का जीर्णोद्धार हुआ पूर्ण, भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने शामिल होकर कराया लोकार्पण

### भाजपा नेता ने बताया हिन्दू स्वाभिमान की जीत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। पिछले वर्ष अक्टूबर माह में रानीपुर गांव राष्ट्रीय मीडिया की सुर्खियों में आया था, क्योंकि मुस्लिम पक्ष इस मंदिर के जीर्णोद्धार न होने पर अड़ा हुआ था, तब नर सेवा नारायण सेवा समिति उन्नाव के संस्थापक व प्रखर हिंदूवादी भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने तब जीर्णोद्धार की कमान अपने हाथ मे ली थी।जिला प्रशासन ने भी मामले की संवेदनशीलता को समझते हुए हस्तक्षेप कर मामला शांत कराया था।इस अवसर पर रानीपुर गांव की निवासी शिव देवी चौहान ने पूजन व भंडारे में मुख्य यजमान की भूमिका निभाई, जिनके नेतृत्व में रानीपुर के भक्तों ने आवाज उठाई थी व शिवभक्तों ने इस अवसर पर बक्सर घाट तक शिव शोभा यात्रा भी निकाली।भाजपा नेता विमल द्विवेदी ने कहा रानीपुर प्रकरण हिन्दू स्वाभिमान पर सीधा हमला था,आज़ाद भारत मे रहकर हिन्दू अगर अपने मन्दिरो का जीर्णोद्धार नही करा सकते तो ये असहनीय हैं और हिन्दू समाज ऐसी किसी घटना को अब बर्दाश्त नही करेगा। इस अवसर पर हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अजय त्रिवेदी,कमलेश सिंह ,ग्राम प्रधान महानंद वर्मा,उदल फौजी प्रधान रुझाई, जितेंद्र सिंह , केतन अवस्थी, राकेश राजपूत, अभिषेक तिवारी,विनोद कुमार,अजय द्विवेदी, धर्मेंद्र शुक्ला,अभि तिवारी आदि भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक में ग्रामीणों को किया गया जागरूक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज कोतवाली में शनिवार को ग्राम सुरक्षा समिति के पुनर्गठन के तहत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रधानों समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।बैठक की अध्यक्षता कर रहे एसीपी रजनीश वर्मा ने की, वहीं कोतवाली प्रभारी दिलेश सिंह और प्रधान संघ अध्यक्ष देवेंद्र सिंह भी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

इस अवसर पर अपराध नियंत्रण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई और ग्रामीणों को अपराध से सतर्क रहने तथा पुलिस को समय पर सूचना देने की अपील की गई।एसीपी रजनीश वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध रोकने के लिए पुलिस और जनता के बीच समन्वय जरूरी है।

उन्होंने बताया कि ग्राम सुरक्षा समिति के माध्यम से ग्रामीणों को एक मजबूत मंच मिलेगा जिससे वे स्थानीय सुरक्षा व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभा सकें।उन्होंने कहा कि पुलिस ग्रामीणों के साथ हर संभव सहयोग करेगी और जागरूकता से ही अपराध पर लगाम लगाई जा सकती है।इस मौके पर मोहनलालगंज कस्बे के व्यापारी व दर्जनों गांवों के ग्राम प्रधान सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# जातिगत जनगणना का कांग्रेस नेता उदित राज ने किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

### कहा जातिगत जनगणना से देश का एक्सरे होगा, पहलगाम हमले पर कहा मोदी जी भाग्यशाली हैं कि समूचा विपक्ष साथ खड़ा है



आजमगढ़। जिले में दलित ओबीसी माइनॉरिटी एवं आदिवासी डोमा के तत्वावधान में आयोजित संविधान एवं आरक्षण बचाओ सम्मेलन में पहुंचे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद उदित राज ने कहा कि इंडिया गठबंधन की और तमाम संगठनों की मांग थी कि देश में जाति जनगणना की जाए। राहुल गांधी ने इसको पुरजोर तरीके से उठाया था। जिसके लिए संसद में उनकी जाति भी पूछी गई थी। लेकिन इसके बाद भी वह इस बात पर अड़े रहे। अंत में सरकार ने जाति जनगणना कराने का निर्णय लिया है। इसका इंडिया गठबंधन स्वागत करता है। इससे देश का एक प्रकार से एक्सरे होगा। एक्स रे के माध्यम से शरीर में सब कुछ स्पष्ट हो जाता है कि कहां पर कमियां हैं। उन्होंने कहा जातिगत जनगणना से देश का एक्सरे होगा, पहलगाम हमले पर कहा मोदी जी भाग्यशाली हैं कि समूचा विपक्ष साथ खड़ा है लेकिन उन्हें बिहार की जगह पहलगाम जाना चाहिए था, पाकिस्तान का पानी रोके जाने पर कहा पाइपलाइन का पानी नहीं है की रोक दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि उसी प्रकार से जाति जनगणना अगर ढंग से हो गई यहां तक की इंडस्ट्री कॉरपोरेट से लेकर व्यवसाय तक सभी जगह के आंकड़ों को इकट्ठा किया गया तो यह स्पष्ट हो जाएगा की देश में कमी कहां रह गई। कहां पर आगे काम करना है। जाति जनगणना से पता चल जाएगा सरकार से यही कहा जा रहा है कि इसको पारदर्शिता के साथ कराया जाए। इसी के अनुपात में लोगों को भागीदारी मिले। 50 फ़ीसदी के आरक्षण का संविधान में कहीं जिक्र नहीं है। 1962 में बालाजी के केस में सुप्रीम कोर्ट ने निर्धारित किया था। यह संविधान में नहीं है।

इसलिए यह खत्म होना चाहिए। वहीं उन्होंने कहा कि ईवीएम मशीन पर भी सवाल है। यहां तक कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, एलन मस्क, तुलसी गाबार्ड जैसी शख्सियत में भी एवं पर सवाल खड़े किए। इस प्रकार अमेरिका और जापान जैसे देशों से अच्छी टेक्नोलॉजी भारत में नहीं हो सकती या हमारा मानना है। इसमें गड़बड़ी की जा सकती है। उदित राज ने पहलगाम मुद्दे पर कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बहुत ही भाग्यशाली हैं कि समूचा विपक्ष उनके साथ खड़ा है और पहलगाम हमले का उचित जवाब देने की बात कह रहा है। हालांकि इस पर भी कई सवाल है। प्रधानमंत्री पहलगाम नहीं गए और बिहार चले गए और वहां से मिट्टी में मिलाने की बात कह रहे हैं। केवल भाव भंगिमाएं बनाई जा रही हैं। अमित शाह ऐसे हवाई जहाज पर जा रहे थे जैसे तुरंत जाकर गोला दाग देंगे। दो बार एएट्ट की मीटिंग हो रही थी। सरकार कुछ नहीं कह रही लेकिन फोटो मीडिया के पास आ जाती थी। पानी बंद करने की बात कही गई। वह कोई पाइप का पानी नहीं है कि बंद कर दिया जाए। करोड़ों वर्षों से नदियां बह रही हैं। पांच नदियां हैं। कई डैम कई नहर बनाने होंगे। तब जाकर यह होगा। यह इतनी आसानी से नहीं होगा। यह सब बातें मीडिया में चल रही है। सरकार से ज्यादा मीडिया लड़ाई लड़ रही है। डोमा कार्यक्रम में आयोजक इंजीनियर रामविलास राम समेत अन्य लोगों ने पूर्व संसद उदित राज का स्वागत किया। पूर्व सांसद ने कार्यक्रम से पहले अंबेडकर पार्क पहुंचकर डॉक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# एक देश एक चुनाव से देश होगा आर्थिक मजबूत: राजमणि कोल

### लक्ष्मी गेस्ट हाउस में आयोजित गोष्ठी को संबोधित कर बोले विधायक

कैनविज टाइम्स संवाददाता




कोरांव। एक देश एक चुनाव से देश आर्थिक रूप से मजबूत होगा। साथ ही दुनिया के अग्रणी देशों में सबसे शीर्ष पायदान पर पहुंच जाएगा। यह बातें कोरांव विधायक राजमणि कोल ने कोरांव बाजार के लक्ष्मी गेस्ट हाउस में एक देश एक चुनाव को लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों, अवकाश प्राप्त प्रधानाचार्य, वर्तमान प्रधानाचार्य एवं सम्मानित लोगों की गोष्ठी को संबोधित करने के दौरान बतौर मुख्य अतिथि कही। विधायक राजमणि कोल ने कहा कि 1971 से पहले एक देश और एक चुनाव की व्यवस्था थी। दुनिया के विकसित देशों जैसे चीन, जापान, रूस आदि जगहों पर एक साथ ही चुनाव कराए जाते हैं। एक देश एक चुनाव का ही परिणाम है कि आज कई देश विकसित देशों की श्रेणी में हमसे आगे हैं।

हमारे देश में भी अगर एक देश एक चुनाव की व्यवस्था लागू हुई तो निश्चित तौर पर देश दुनिया के विकसित देशों की श्रृंखला में सबसे आगे खड़ा मिलेगा। उन्होंने उपस्थित विद्वतजनों तथा जनप्रतिनिधियों के समक्ष अपने विचार प्रस्तुत कर एक देश एक चुनाव अभियान के सहभागी बनने और इसे लागू करा कर देश के विकास में योगदान देने की अपील की। एक देश एक चुनाव विषयक संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता भाजपा राष्ट्रीय कार्य समिति के सदस्य पूर्व विधायक प्रभा शंकर पांडेय ने एक देश एक चुनाव के महत्व तथा इससे देश को मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को गोपाल विद्यालय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ मोहम्मद साबिर अली, सरदार इंटर कॉलेज सिकरो के प्रधानाचार्य डॉ अवधेश कुमार सिंह, प्रधानाचार्य लल्लू प्रसाद त्रिपाठी, मनीराम शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य अरुण कुमार चतुर्वेदी पिंटू चौबे, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजेश पटेल, भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह, राजेश्वरी प्रसाद तिवारी, शशि द्विवेदी, बबुआन द्विवेदी समेत सभी मंडल अध्यक्ष व जिला स्तरीय पदाधिकारियों ने संबोधित किया। संगोष्ठी में भारी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सदर तहसील पहुंचीं लखनऊ कमिश्नर, शिकायतों की खुद सुनवाई कर दिए अफसरों को निर्देश

### इस दौरान उन्होंने तहसील परिसर का भी किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



उन्नाव। सदर तहसील में आयोजित तहसील समाधान दिवस के मौके पर लखनऊ मंडल की कमिश्नर रोशन जैकब ने लोगों की समस्याएं सीधे सुनीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे, जिनमें से अधिकतर की शिकायतें भूमि विवाद, पैमाइश गड़बड़ी, अवैध कब्जा, बंटवारा और नामांतरण से जुड़ी थीं। कमिश्नर रोशन जैकब ने जिलाधिकारी गौरांग राठी, एसपी दीपक भूकर, सीडीओ और अन्य अधिकारियों के साथ मिलकर शिकायतें सुनीं। उन्होंने सभी मामलों को गंभीरता से लेते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी शिकायत लंबित न रहे और उसका निस्तारण पारदर्शी और निष्पक्ष ढंग से हो। बता दे कि सुनवाई के दौरान कमिश्नर ने सख्त लहजे में कहा कि तहसील दिवस का मकसद आमजन को राहत देना है, न कि उन्हें बार-बार चक्कर कटवाना। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि एक ही बार में पूरी सुनवाई कर निष्पक्ष निर्णय लिया जाए ताकि फरियादी बार-बार तहसील न आएं। जन सुनवाई के बाद कमिश्नर रोशन जैकब ने तहसील परिसर का निरीक्षण भी किया। उन्होंने अभिलेख कक्ष, न्यायालय, रजिस्ट्रार कार्यालय समेत अन्य विभागीय कक्षों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दस्तावेजों की स्थिति, सफाई व्यवस्था और कर्मचारी उपस्थिति की जांच की गई। कई स्थानों पर कमियों को देख कमिश्नर ने अधिकारियों को फटकार लगाई और सुधार के निर्देश दिए।

# रोलबॉल में स्केटर्स हब ने बालक और डीपीएस ने बालिका का खिताब जीता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । चौक स्टेडियम में आयोजित इंटर डिस्ट्रिक सब जूनियर रोलबाल प्रतियोगिता सफलतापूर्वक संपन्न हो गई। अंडर 14 प्रतियोगिता में स्केटर्स हब की टीम बालक वर्ग में जबकि दिल्ली पब्लिक स्कूल इंदिरानगर की टीम बालिका वर्ग में विजेता रही। विवेकानंद एजुकेशनल सोसाइटी की अध्यक्ष सविता सिंह ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया । गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी आगामी माह में होने वाली राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में लखनऊ का प्रतिनिधित्व करेंगे। लखनऊ रोलबाल स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने बताया कि नॉक आउट बेस पर चौक स्टेडियम के लाल जी टंडन इनडोर हॉल में आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में दिल्ली पब्लिक स्कूल इंदिरानगर ने दिल्ली पब्लिक स्कूल जानकीपुरम को 6-2 से परास्त किया, जिसमें इंदिरानगर की खिलाड़ी



अमाल्या ने अकेले 4 गोल अपनी टीम के लिए किए। बालक वर्ग में दिल्ली पब्लिक स्कूल गोमतीनगर और स्केटर्स हब के बीच फाइनल हुआ। स्केटर्स हब टीम ने दिल्ली पब्लिक स्कूल गोमतीनगर को 6-5 से हराकर विजेता का खिताब जीत लिया। प्रतियोगिता में डीपीएस गोमतीनगर, डीपीएस इंदिरानगर, डीपीएस जानकीपुरम, सीएमएस गोमतीनगर, स्केटर्स हब लखनऊ, विगयोर, हैमिल्टन एकेडमी सहित लगभग 22 टीमों ने प्रतिभाग किया। चौक के पार्षद अनुराग मिश्रा 'अन्नू' ने विजेता टीम के खिलाड़ियों को पदक और ट्राफी प्रदान की और भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की। एसोसिएशन की सचिव श्रीमती मंजू श्रीवास्तव ने बताया आगामी माह में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हमारे खिलाड़ी शानदार प्रदर्शन करेंगे और लखनऊ का नाम रोशन करेंगे। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में रोलबाल एसोसिएशन के पदाधिकारी मनोज वर्मा, प्रकाश मिश्रा, आदित्य बाजपेई, प्रकाश मिश्रा, लक्ष्मी, मुस्कान, अफजल, गौरव साहनी, अनुपेंद्र, काव्या बाजपेई, प्रज्ज्वल, सुनील शुक्ला, मनोज तिवारी, रामगोपाल सिंह, अनंत तोमर, प्रियांशु ने मुख्य भूमिका निभाई।

## नगराम पुलिस ने चार वांछित आरोपियों को किया गिरफ्तार, भेजा जेल




कैनविज टाइम्स संवाददाता

नगराम, लखनऊ। थाना नगराम पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। नगराम थाना प्रभारी विवेक चौधरी के नेतृत्व में गठित टीम ने शनिवार को चार वारंटियों को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी ने बताया कि इनमें मितौली निवासी रामू और छेदा खेड़ा मजरा समेसी निवासी भगौती प्रसाद व पालखेड़ा मजरा पतौना निवासी बजरंग और देवी खेड़ा मजरा पतौना निवासी राकेश कुमार है जो लम्बे समय से न्यायालय में पेशी पर नहीं हाजिर हो रहें थे। शनिवार को चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को इंटेंसिव केयर यूनिट(आईसीयू) के सांसों की अपेक्षा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सुल्तानपुर हाइवे पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज में प्रतिदिन आने वाले मरीजों संख्या 400 के आस पास रहती है लेकिन यहां इमरजेंसी सेवाएं बहुत सीमित है जबकि 50 से अधिक ग्राम पंचायतो के लोगों के इलाज के साथ साथ सुल्तानपुर रोड, पूर्वांचल एक्सप्रेस वे और किसान पथ पर हादसों में घायल मरीजों को यहां की इमरजेंसी सेवा में इलाज के लिए लाया जाता है। 30 बेड के स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं के प्रसव के दौरान तबियत बिगड़ने पर गहन चिकित्सा इकाई ( आईसीयू ) की व्यवस्था भी नहीं है जिसकी वजह से जच्चा बच्चा दोनों की जान पर खतरा बना रहता है। यहां आपातकाल में इलाज के लिए सीमित संसाधन की व्यवस्था है मामला थोड़ा भी गंभीर होने पर राम मनोहर लोहिया अस्पताल, सिविल अस्पताल या ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जाता है। साल 2025 की बात करे तो मात्र चार महीने में लगभग




**हाइवे पर होते है एक्सीडेंट ट्रामा सेंटर है दूर**

**प्रसव में आईसीयू की कमी से जच्चा बच्चा को जान का खतरा**

**2025 में लगभग 350 मरीज अन्य अस्पतालों में हुए रेफर**

350 मरीजों को यहां से संसाधनों के अभाव में अन्य अस्पताल रेफर किया गया है। साल 2024 में लगभग 800 से अधिक मरीजों को रेफर किया गया। स्वास्थ्य केंद्र में ट्रामा के लिए 10 बेड , आईसीयू के लिए 5 बेड, एनआईसीयू के 5 बेड, 50 बेड मदर चाइल्ड विंग, सीएचसी 30 बेड की जरूरत को देखते हुए मोहनलालगंज विधायक अमरेश रावत और ब्लॉक प्रमुख गोसाईगंज विनय वर्मा ने पत्राचार के माध्यम से जिम्मेदारों को इस आवश्यकता से अवगत कराया था। हाइवे पर बने इस सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से रेफर किए गए लखनऊ के बड़े अस्पतालों की दूरी लगभग 30 किलोमीटर है जहां पहुंचने में लगभग 1 घंटे का समय लगता है इस एक घंटे के अंतराल में गंभीर स्थिति के कई मरीजों की सांसे अस्पताल तक पहुंचने से पहले ही थम जाती है।

## नगराम : ट्रैक्टर की टक्कर से गंभीर रूप से घायल युवक का आज भी चल रहा इलाज

**पुलिस कार्रवाई से नाराज परिजनों ने की मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत**

**सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ पूरा मामला**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । नगराम थाना क्षेत्र कस्बा अंतर्गत आरा मशीन के समीप लगभग दो सप्ताह पूर्व हुए सड़क हादसे में घायल युवक का अब भी इलाज जारी है। इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए युवक के परिजनों ने नगराम पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि पुलिस द्वारा तहरीर दिए जाने के बावजूद अभी तक न तो कोई कार्रवाई की गई है और न ही जांच-पड़ताल की गई।घटना 18 अप्रैल की है, जब अमवा मुर्तजा गांव




निवासी दीपक कुमार अपनी मोटरसाइकिल से नगराम से घर लौट रहे थे। रास्ते में आरा मशीन के पास तेज रफ्तार में आ रहे एक पावर ट्रैक्टर ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। ट्रैक्टर भजा खेड़ा मजरा नबी नगर निवासी धर्मेंद्र कुमार चला रहा था। परिजनों का आरोप है कि चालक ट्रैक्टर को लापरवाहीपूर्वक चला रहा था, जिससे यह हादसा हुआ।टक्कर इतनी भीषण थी कि दीपक कुमार छिटक कर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। उनकी बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। यह पूरी घटना वहां लगे एक सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। हादसे के बाद आरोपी चालक ट्रैक्टर लेकर मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर नगराम पुलिस मौके पर पहुंची और घायल दीपक को निकटवर्ती सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया, जहां से उन्हें गंभीर हालत में ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया। वहां भी स्थिति गंभीर बनी रहने पर पीड़िता सुमन देवी ने अपने पति को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज जारी है।दीपक की पत्नी सुमन ने बताया कि उन्होंने तत्काल नगराम थाने में हादसे की तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस ने न तो मौके की जांच की और न ही आरोपी चालक के खिलाफ कोई कदम उठाया।परिवार की ओर से इस मामले में मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई गई है। पीड़िता का कहना है कि उन्हें केवल न्याय चाहिए और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

### नगरामः प्रधान द्वारा पंचायत में कराए गए कार्यों की शिकायत

नगराम, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के जमालपुर ददुरी गांव के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान द्वारा कराए जा रहे अवैध निर्माण कार्यों को लेकर गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले में संबंधित अधिकारियों से कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इस संबंध में ग्रामीणों ने 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' के माध्यम से उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है।शिकायतकर्ता भानु प्रताप, आकीन अली, तथा अन्य ग्रामीणों द्वारा दिए गए शिकायती पत्र के अनुसार, ग्राम प्रधान द्वारा व्यक्तिगत उपयोग के लिए ग्राम पंचायत में एक इंटरलॉकिंग सड़क का निर्माण कराया गया है। इस निर्माण कार्य को अवैध बताते हुए ग्रामीणों ने पहले भी एपीओ उदय राज शर्मा से शिकायत की थी, परंतु कई महीनों के बीत जाने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि गांव के एक व्यक्ति द्वारा सरकारी नाली की दीवार को बालू एवं ईंट से बंद कर दिया गया है। यह कार्य दो महीने पहले हुआ था, जिसकी शिकायत पीडब्ल्यू विभाग के साथ-साथ विकास खंड अधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारियों से की गई थी। लेकिन आज तक कोई निरीक्षण रिपोर्ट या कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायत में व्याप्त भ्रष्टाचार और मनमाने ढंग से हो रहे कार्यों के चलते गांव की मूलभूत संरचनाओं को नुकसान पहुंच रहा है। शिकायतकर्ताओं ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि उनके प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेकर दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि ग्राम पंचायत में पारदर्शिता एवं विकास कार्यों की शुद्धता बनी रह सके।

### नगर आयुक्त से की शिष्टाचार भेंट

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ लखनऊ के अध्यक्ष राजेश सिंह एवं कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा नगर निगम लखनऊ के नव आगंतुक नगर आयुक्त से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर कर्मचारियों के सेवा संबंधित देयकों और आउटसोर्स कर्मचारी के वेतन में भिन्नता के संबंध में भी अवगत कराया गया तथा नगर निगम में कर्मचारी समस्याओं के विषय में नगर आयुक्त का ध्यान आकर्षण कराया गया। इस मौके पर संगठन के संरक्षक कंचन सक्सेना, महामंत्री रमेश चौरसिया, उपाध्यक्ष कृष्णा मगन सिंह, दीपक शर्मा, मोहम्मद रेहान संगठन मंत्री, ओमकार राजभर प्रचार मंत्री, राजीव रतन राय, हिमांशु सावंत, सर्वेश पाल, राजीव जैन, अमित शुक्ला, शील भान सिंह, मंगल सिंह मंत्री संतोष दुबे समेत अन्य मौजूद रहे।

### अपने व्यवहार के लिए समाज में जाने जाते रहे अच्छे लाल वाल्मीकि : ब्रजेश पाठक

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । पूर्व सांसद अच्छे लाल वाल्मीकि की ग्यारहवीं पुण्यतिथि पर लोगों ने उन्हें याद किया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के संस्थापक और अध्यक्ष रहे अच्छे लाल वाल्मीकि अच्छे आचरण और व्यवहार के लिए समाज में जाने जाते रहे। अच्छे लाल ने एमएलसी, राज्यसभा सांसद जैसे महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारी का निर्वहन भी किया था। लखनऊ के प्रमुख लोगों में अच्छे लाल वाल्मीकि अपने व्यक्तित्व से प्रभाव रखते रहे। पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने अच्छेलाल वाल्मीकि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस कार्यक्रम में भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, अखिल भारतीय सफाई मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष कौशल कुमार वाल्मीकि, भाजपा नेता मनीष शुक्ला, नरेश वाल्मीकि, ऋषि वाल्मीकि, बृजेश चौधरी, राजेंद्र वाल्मीकि, उपाध्यक्ष सौरभ वाल्मीकि, पार्षद रणजीत सिंह, अधिवक्ता अनिल कुमार सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

### प्रदेश में होगा बी.आर. अंबेडकर श्रमिक सुविधा केंद्रों का निर्माण

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । श्रमिकों के लिए शहरों में सुविधा स्थल विकसित किया जाएगा, जहाँ पेयजल, शौचालय, शेड और श्रमिक सुविधा केंद्र की व्यवस्था होगी। यह स्थल सीएससी सेंटर के रूप में कार्य करेगा, जहाँ श्रमिकों को पंजीकरण, नवीनीकरण और सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं आवेदन की सुविधा मिलेगी। इससे श्रमिकों के समय और पैसे की बचत होगी, साथ ही शहर में ट्रैफिक अवरोध कम होगा और उनका मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होगा। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने शनिवार को उत्तर प्रदेश में बी.आर. अंबेडकर श्रमिक सुविधा केंद्र योजना की प्रगति की समीक्षा की और विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि केंद्र की स्थापना के लिए भूमि चिन्हांकन के कार्य में प्रगति लाई जाए। केंदों की स्थापना में नगर निगम से युक्त जनपदों को वरीयता दी जाए।

## समाज की महिलाएं पीडीए का हिस्सा है सामाजिक न्याय की लड़ाई में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें : ममता त्रिपाठी

**फैजुल्लागंज में आयोजित हुई महिला पीडीए पंचायत**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । फैजुल्लागंज की श्याम विहार कॉलोनी में महिला पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। पीडीए पंचायत में सभी वर्गों की महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। पीडीए पंचायत को सम्बोधित करते हुए समाजवादी ममता त्रिपाठी ने कहा कि हर वह व्यक्ति जो शोषित है पीड़ित हैं जिसकी तकलीफों को कोई सुनने वाला नहीं है, सरकार में शासन में जिसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है, पुलिस थानों में जिसकी शिकायत सुने बिना भगा दिया जा रहा है वह पीडीए का हिस्सा है सर्व समाज की महिलाएं पीडीए का हिस्सा है। सभी एकजुट होकर सामाजिक न्याय की लड़ाई में



अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। ममता त्रिपाठी ने कहा कि लोकतंत्र में वोट का सर्वाधिक महत्त्व है। सभी महिलाएं अपने अपने इलाके में हर समाजवादी वोटर को जागरूक करने का काम करें। पीडीए पंचायत में सभी महिलाओं ने एकजुट होकर आगामी विधानसभा में सपा के पक्ष में वोट करने का संकल्प लिया। इस मौके पर वरिष्ठ समाजवादी नेता देवी बक्श सिंह मौजूद रहे।

## लखनऊ में बड़े व्यापारी की बिस्कुट फैक्टरी में लगी विकराल आग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । लखनऊ में अमौसी मार्ग पर गंगा नगर क्षेत्र में बड़े व्यापारी अखिलेश कुमार की बिस्कुट बनाने वाली फैक्टरी में आग लग गयी। फैक्टरी की आग ने कुछ मिनटों के भीतर विकराल रूप धारण कर लिया। आनन-फानन में वहां पहुंची फायर सर्विस के कर्मचारियों ने आग बुझाने और फैक्टरी के भीतर फंसे कुछ कर्मचारियों को बाहर निकालने का कार्य किया। फैक्टरी में लगी आग से आसमान काला हो गया तो वहां बचाव कार्य में जुटे फायर कर्मचारियों ने तीन और वाहनों को मौके पर बुलवाया। घटना के बाद हालात को काबू करने के लिए जुटे फायर कर्मियों ने फैक्टरी में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला और तत्काल ही सरोजनीनगर थाने की पुलिस टीम ने उन्हें अस्पताल भेजवाया। फैक्टरी के बाहर लगी भीड़ को पुलिस कर्मियों ने



घटनास्थल से दूर कर दिया। सरोजनी नगर फायर सर्विस अधिकारी सुमीत प्रताप सिंह ने बताया कि गंगा नगर में बिस्कुल फैक्टरी में आग लगने की सूचना पर फायर सर्विस की चार वाहनों को आग बुझाने के काम में लगाया गया है। पहले तो रेस्क्यू कर फैक्टरी में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया है। फायर सर्विस विभाग के कर्मचारियों की ओर से आग पर काबू पाने का प्रयास जारी है। आग के कारण फैक्टरी के बाहर खड़ी कार पूरी तरह से जल गयी है।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने सुनी जन समस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ,जनसुनवाई को प्रभावी बनाने एवं जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज जनपद लखनऊ की पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील मोहनलालगंज में आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी श्री विशाख जी0 ने स्वयं उपस्थित होकर जनसमस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में कुल 743 प्रकरण प्राप्त हुए, जिनमें से 130 मामलों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। तहसील मोहनलालगंज में कुल 301 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 55 मामलों का मौके पर समाधान किया गया, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को एक सप्ताह की समयसीमा में निस्तारित करने हेतु सौंपा गया है।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि जनसमस्याओं




के समाधान में लापरवाही नहीं चलेगी। सभी अधिकारी विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से मामलों का निस्तारण सुनिश्चित करें। साथ ही शिकायतकर्ताओं को निस्तारण की स्थिति से अवगत कराना अनिवार्य होगा।उन्होंने कहा, ल्लसमाधान दिवस का उद्देश्य यही है कि आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए स्थानीय स्तर पर ही उनका निस्तारण किया जाए। यह शासन की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है।ङ्क उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि निस्तारित मामलों की रिपोर्ट फोटो व वीडियो सहित प्रस्तुत की जाए और शिकायतकर्ताओं से कॉल करके फीडबैक भी लिया जाए।इस अवसर पर तहसील मोहनलालगंज में समाधान दिवस के दौरान एक मामले में लापरवाही पाए जाने पर नायब तहसीलदार प्रियंवदा मिश्रा को स्पष्टीकरण जारी किया गया और वेतन बाधित करने के निर्देश भी दिए गए।

**मौके पर 130 प्रकरणों का निस्तारण**

शिकायतकर्ता श्री हिमांशु तिवारी द्वारा प्रस्तुत पुराने प्रकरण में उच्च अधिकारियों से जांच न कराकर सीधे तहसील स्तर पर निस्तारण करना नियमों के विरुद्ध पाया गया।समाधान दिवस के दौरान अपर जिलाधिकारी नगर पूर्वी श्री अमित कुमार, ज्वॉइंट मजिस्ट्रेट व उप जिलाधिकारी श्री अंकित शुक्ला, तहसीलदार मोहनलालगंज, पुलिस, समाज कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रत्येक समाधान दिवस के पश्चात अधिकारीगण स्वयं शिकायतकर्ताओं से संवाद स्थापित करें और यह सुनिश्चित करें कि उनका समाधान संतोषजनक है या नहीं।

शासन की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# मिश्रित तहसील में सम्पन्न हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने जनसमस्याएं सुनीं, अधिकारियों को पारदर्शी व प्रभावी निस्तारण के निर्देश।**

सीतापुर। सीतापुर जनपद की मिश्रित तहसील में आज सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने मौके पर पहुंचकर नागरिकों की शिकायतों को गम्भीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि समस्याओं का निस्तारण न्यायसंगत, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने विशेष रूप से राजस्व विभाग को सचेत करते हुए कहा कि गरीब, कमजोर एवं वंचित वर्ग की समस्याओं को प्राथमिकता पर लिया जाए तथा किसी भी प्रकार की शिथिलता या उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निरीक्षक रामकोट व निरीक्षक संदना पर भड़के विधायक मिश्रित रामकृष्ण भार्गव। लगाए गंभीर आरोप, कहा कि मेरी सिफारिश की जांच करा ली जाए यदि गलत पाया जाए तो दूंगा इस्तीफा। माननीय विधायक ने कहा कि पुलिस मुकदमा लिखने से लेकर विवेचना करना तक करती है खेल। वसूली के चलते अपराधियों को देते हैं संरक्षण, या तो विवेचना के दौरान धाराएं हटा दी जाती है या फिर मुकदमा लिखने के दौरान तहरीर बदलवा दी जाती है। माननीय विधायक ने कहा कि मिश्रित, संदना, मछरेहटा, रामकोट के निरीक्षक पुलिस अधीक्षक एवम जिलाधिकारी को करते हैं गुमराह।

**महिलाओं की सुरक्षा पर सख्त रुख, पुलिस को चेतावनी**

हाल ही में आयोजित मिश्रित होली मेले में महिलाओं से छिनैती एवं चेन स्नैचिंग जैसी घटनाएं घटित हुईं, जिन पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी जताई। उन्होंने पुलिस विभाग को सख्त चेतावनी दी कि यदि कार्यशैली में शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो ऐसी अनुकरणीय कार्रवाई की जाएगी जो भविष्य के लिए नजीर बनेगी।

**अपराध नियंत्रण पर उठे प्रश्न, पुलिस व्यवस्था पर सवाल**



क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी और लूट की घटनाओं पर जिलाधिकारी ने अपराध निरीक्षक से जवाब तलब किया। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी घटनाओं के खुलासे के लिए अपर पुलिस अधीक्षक और पुलिस अधीक्षक को स्वयं क्षेत्र में उतरना पड़ रहा है जो स्थानीय पुलिस तंत्र की अक्षमता को दर्शाता है।

**मिश्रित थाने पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप**

थाना मिश्रित की कार्यप्रणाली पर कई गंभीर आरोप सामने आए हैं। प्राप्त शिकायतों के अनुसार, एक प्रसिद्ध दलाल की थाने में गहरी सांठगांठ है। बताया गया कि पुलिसकर्मियों द्वारा तहसील से जमानत, जेल से रिहाई, जुए में संरक्षण एवं अवैध पेड़ कटान जैसे मामलों में कथित रेट लिस्ट बनाकर आर्थिक लेन-देन किया जा रहा है। यह भी आरोप है कि नाबालिग या लापता लड़कियों से संबंधित मामलों में बिना पिंक सेंटर भेजे ही समझौते कर लिए जाते हैं और पीड़ित पक्ष से अवैध धन की वसूली की जाती है।

**पूर्व विरोध के बावजूद दलाल को मिला संरक्षण**

क्षेत्रीय महिलाओं द्वारा पूर्व में उक्त दलाल का सार्वजनिक विरोध किया गया था, लेकिन इसके बावजूद उसे थाना परिसर में शरण दी गई। चिंताजनक यह है कि वर्तमान में भी उसकी पकड़ थाने में पूर्ववत बनी हुई है।

**पुलिस थानों में भ्रष्टाचार और सांठगांठ के आरोप**

थाना मिश्रित की कार्यप्रणाली पर नागरिकों द्वारा अनेक शिकायतें दर्ज कराई गईं। आरोप हैं कि कुछ दलाल किस्म के लोग पुलिस थानों में अवैध गतिविधियों में संलिप्त हैं तथा पुलिस के कुछ कर्मियों से उनकी मिलीभगत है। शिकायतों में जमानत, जेल से रिहाई, अवैध कटान, जुए की गतिविधियों एवं नाबालिकों के मामलों में मनमाने समझौते किए जाने जैसे आरोप शामिल हैं। यह भी कहा गया कि थानों में कथित तौर पर रेट लिस्ट के माध्यम से वसूली की जाती है। एक शिकायतकर्ता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र दिया, जिसमें कुछ दबंगो ने उसे मारा पीटा, किंतु मिश्रित थाने में पैसे लेकर मुख्य आरोपी पर मुकदमा न लिखकर उनका नाम हटा दिया। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने थानाध्यक्ष मिश्रित को तलब कर कहा कि यहां फ्रॉड नही चलेगा। सभी आरोपियों पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

एक महिला शिकायतकर्ता द्वारा छेड़छाड़ से संबंधित शिकायत थाने में की गई किंतु कोई कार्यवाही नहीं कि गई उल्टे विपक्षी द्वारा मारपीट की गई।

एक शिकायत ऐसी भी रही जिलाधिकारी महोदय के समक्ष जिसमें शिकायतकर्ता द्वारा आरोप लगया गया कि उसके खेत से दबंगों ने पेड़ काट लिया है, जिसकी शिकायत थाने पर की गई किंतु कोई कार्यवाही नही हुई। जिलाधिकारी ने निरीक्षक को निर्देश देते हुए कहा कि जांचकर मुकदमा पंजीकृत किया जाए।

**नवागत पुलिस अधीक्षक की सख्ती भी बेअसर**

हाल ही में नियुक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा सख्त निर्देशों और चेतावनियों के बावजूद मिश्रित थाना क्षेत्र की कार्यशैली में कोई ठोस सुधार देखने को नहीं मिला है। यह संकेत करता है कि थाने स्तर पर कुछ पुलिसकर्मी अब भी पुराने भ्रष्ट तंत्र को संरक्षित करने में लगे हुए हैं।

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने निर्देश दिये कि पूर्व में हुए समाधान दिवस में आये शिकायती प्रार्थना-पत्रों में से सभी विभाग पांच-पांच शिकायत निस्तारण के संबंध में शिकायतकर्ताओं से प्रतिपुष्टि अवश्य करें।

तहसील मिश्रिख में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 56 शिकायतों में से 06 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील लहरपुर में प्राप्त 42 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील सिधौली में प्राप्त 56 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील महोली में प्राप्त 38 प्रार्थना पत्रों में से 04, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 43 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील बिसवां में प्राप्त 83 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील सदर में प्राप्त 26 प्रार्थना-पत्रों में से 06 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख शैलेन्द्र मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## एक अभियुक्त गिरफ्तार

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक सीतापुर अंकुर अग्रवाल द्वारा अवैध शस्त्र/शराब निष्कर्षण, बिक्री एवम्‍ परिवहन की रोकथाम हेतु ऐसे आपराधिक कृत्यों में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देश दिये गये हैं । उक्त निर्देश के क्रम में संबंधित क्षेत्राधिकारीगण के निकट पर्यवेक्षण में थाना तालगाँव पुलिस टीम द्वारा अपने थानाक्षेत्र में चेकिंग के दौरान 01 अभियुक्त को अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया गया है, विवरण निम्नवत है । थाना तालगाँव द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार:- थाना तालगांव पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त गुरु प्रसाद पुत्र छूटई पासी उम्र करीब 55 वर्ष निवासी काजी सराय थाना तालगांव जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया है। जिससे मौके से क अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर हुआ है। बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 110/2025 धारा 25(1-बी) आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर चालान मा0 न्यायालय किया गया ।

## शौच के लिए गई नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने का आरोप

बिसवा । बिसवा गांव की शौच के लिए गई नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने के मामले में चार लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। यह मामला कोतवाली बिसवां में शनिवार को दर्ज हुआ, जब पीड़ित पिता ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। कोतवाली बिसवां क्षेत्र के एक गांव की युवती को सुनील निवासी भगौतीपुर मज़रा कौव्वाखेरा थाना कोतवाली बिसवां के एक गांव की एक नाबालिग लड़की को जब वह शौच के लिए घर से निकली थी कि इसी बीच आरोपी सुनील उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया। तहरीर के अनुसार, जब युवती काफी देर घर नहीं आयी तब युवती के पिता ने काफी खोजबीन की। इस दौरान पता चला कि आरोपी सुनील व उसके चार पांच साथी उसकी पुत्री को अगवा कर ले गए हैं। आरोप है कि सुनील, राजकुमार, अजय प्रकाश पुत्र गण विद्याप्रसाद और एक अज्ञात ने शनिवार की सुबह पीड़ित के घर जाकर गाली-गलौज की, पूरे परिवार को जान से मारने और पीड़ित की अगुवा पुत्री को भी जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी सुनील, राजकुमार, अजय प्रकाश पुत्र गण विद्याप्रसाद सहित चार लोगों के खिलाफ मामला पंजीकृत कर लिया है।

## शहर को पॉलिथीन व प्लास्टिक मुक्त बनाने में नगर निगम नम्बर वन

गाजियाबाद। शहर को पॉलिथीन व प्लास्टिक मुक्त बनाने में नगर निगम ने उत्तर प्रदेश में नंबर वन हासिल किया है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य मलिक ने बताया कि गाजियाबाद नगर निगम शहर को पॉलिथीन व प्लास्टिक मुक्त बनाने में उत्तर प्रदेश में नंबर वन है। पिछले वर्ष में गाजियाबाद तृतीय स्थान पर था किंतु अबकी बार कड़ी मेहनत की उपरांत गाजियाबाद नगर निगम को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत लगभग 85 लाख की वसूली पॉलिथीन मुक्त अभियान के अंतर्गत की गई है।।उत्तर प्रदेश में दूसरे स्थान पर वाराणसी जिसके द्वारा लगभग 45 लाख की वसूली की गई तीसरे स्थान पर लखनऊ नगर निगम है। जिसके द्वारा लगभग 40 लाख की वसूली की गई है। कर्नल दीपक शरण प्रवर्तन दल प्रभारी की देख रेख में प्लास्टिक मुक्त अभियान लगातार जोरों से चल रहा है आगे भी शहर हित में बेहतर कार्य करने की योजना बनाई जा रही है 17 नगर निकायों में प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान चलाने में गाजियाबाद नगर निगम प्रथम स्थान पर है । नगर आयुक्त ने बताया गया कि शहर में लगातार जहां विकास कार्य हो रहे हैं वहीं जलप्रीनिधियों की विशेष सहयोग से कई अभियान में भी सफलता मिल रही है जन-जन के द्वारा प्रतिबंध प्लास्टिक का बहिष्कार किया जा रहा है।

## डंपर की टक्कर से बाइक सवार बहन की मौत, भाई गंभीर

वाराणसी । चौबेपुर थाना क्षेत्र के दानियालपुर में शनिवार को एक तेज़ रफ्तार डंपर ने बाइक सवार भाई-बहन को टक्कर मार दी। इस हादसे में बहन की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भाई घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को अस्पताल भिजवाया। साथ ही किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। थाना प्रभारी सारनाथ ने बताया कि 14 वर्षीय अंशिका, नरायनपुर गांव निवासी राम अवतार यादव की बेटी थी और चौबेपुर बाजार स्थित एक कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा 9 की छात्रा थी। रोज़ाना की तरह शनिवार को भी वह स्कूल से छुट्टी के बाद अपने भाई अनुज के साथ बाइक से घर लौट रही थी। जैसे ही दोनों दानियालपुर पहुंचे, तभी गाजीपुर की ओर से आ रहे एक तेज़ रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी ज़ोरदार थी कि अंशिका की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अनुज गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक डंपर छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना से गुस्साएं स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर दिया। मौके पर पुलिस बल के साथ पहुंचे और लोगों को समझा-बुझाकर जाम खत्म कराया, जिसके बाद यातायात सामान्य हो सका।

## घर में घुसकर 50 हजार नकदी व जेवरात लूट ले गए बदमाश

बिजनौर। जिले के नांगल सोती में बदमाशों ने एक घर में घुसकर 50 हजार कैश और जेवरात लूट ले गए। विरोध करने पर चोरों ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया और फायरिंग करते हुए बदमाश भाग गए। सूचना मिलते ही एसपी सिटी संजीव कुमार वाजपेई ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। नांगल सोती क्षेत्र के ग्राम पूंडरीकला निवासी नईम के यहां कमरे में लगा ताला तोड़ कर सोने चांदी के आभूषणों के साथ ही 50000 की नगदी चुरा ले गए। चोरों के घर में घुसने की आहट परिजनों को लगी तो महिला के सर पर कुछ भारी चीज मारकर घायल कर दिया। गृह स्वामी को जान से मारने की धमकी देते हुए समान लेकर वहां से भाग गए। सूचना मिलने पर मौके पर मय फोर्स के साथ पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक संजीव वाजपेई, नजीबाबाद क्षेत्राधिकार नितेश प्रताप सिंह व नांगल थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार सैनी, सर्विलांस टीम द फील्ड यूनिट ने मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। थाना प्रभारी निरीक्षक सुशील कुमार सैनी ने बताया कि अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही जिनको जल्द पकड़ लिया जायेगा।

## विन्ध्यवासिनी मंदिर में निकास द्वार किया चौड़ा

मीरजापुर। विन्ध्यवासिनी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मंदिर प्रशासन ने दो महत्वपूर्ण परिवर्तन किए गए हैं। मंदिर के गर्भगृह के प्रथम निकास द्वार पर लगी पुरानी लोहे की रेलिंग को हटा कर उसकी जगह अब साढ़े चार फीट चौड़ी नई स्टील रेलिंग स्थापित कर दी गई है। पहले की रेलिंग दीवार के अत्यंत निकट थी, जिससे श्रद्धालुओं को बाहर निकलते समय असुविधा होती थी। नई रेलिंग से अब पर्याप्त स्थान मिल गया है, जिससे आवाजाही में आसानी होगी। इसके अतिरिक्त, मंदिर के दक्षिण दिशा में स्थित शंकर जी के मंदिर की ओर बनी पुरानी ईंट की दीवार को भी हटा दिया गया है। दीवार हटाए जाने से अब मंदिर परिसर में अधिक भीड़ होने पर भी हवा का प्रवाह बना रहेगा, जिससे श्रद्धालुओं को गर्मी व घुटन जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी।

## बालू घाट का होगा सुंदरीकरण, 2 करोड़ 41 लाख की लागत से बनेगा पक्का घाट

एजेंसी

मीरजापुर । मुख्यमंत्री वैश्विक नगरोदय योजना के अंतर्गत चुनार नगर के काजी टोला स्थित बालू घाट पर 2 करोड़ 41 लाख रुपये की लागत से पक्के घाट निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य श्याम नारायण सिंह उर्फ विनीत सिंह ने भूमि पूजन कर शिलापट का अनावरण किया। इस अवसर पर एमएलसी ने कहा कि मुख्यमंत्री की इस योजना से गंगा किनारे के क्षेत्रों में सौंदर्यीकरण और आधारभूत ढांचे का विकास हो रहा है, जो नगर की सुंदरता में चार चांद लगाएगा। उन्होंने चुनार किले का उल्लेख करते हुए कहा कि ऐतिहासिक रूप से जलमार्गों के किनारे बने किले पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। गंगा की निर्मलता को लेकर उन्होंने बताया कि क्षेत्र में कई ट्रीटमेंट प्लांट लगाए गए हैं और अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने मीरजापुर और सोनभद्र में हो रहे विकास कार्यों की भी चर्चा करते हुए कहा कि चुनार नगर को एक नई पहचान देने के लिए आगे भी कई योजनाएं लागू की जाएंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिकाध्यक्ष मंसूर अहमद ने की, जबकि संचालन भाजपा महामंत्री अभिलाष राय ने किया। इस मौके पर चेयरमैन मंसूर अहमद और अधिशासी अधिकारी राजपति वैस ने मुख्य अतिथि का स्वागत बुके देकर किया। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष चंद्रहास गुप्ता, दिनेश सिंह पटेल, विजय वर्मा, विजय बहादुर सिंह, जलकल अभियंता सौरभ प्रकाश सिंह, ब्लॉक प्रमुख दिलीप सिंह सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

## फाउंडेशन की बैठक में दिव्यांगों की विभिन्न समस्याओं पर की चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

खैराबाद सीतापुर । सदर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम विशुन नगर चौराहा स्थित आत्मनिर्भर दिव्यांग एकता फाउंडेशन कार्यालय के सभागार में मासिक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह ने की। अलग-अलग ब्लॉकों से आए हुए दिव्यांगों ने अपनी-अपनी समस्याएं जैसे दिव्यांगजनों की पेंशन रूकी हुई है । आवास सर्वे में सर्वेयर के द्वारा की जा रही अनियमिताओं , राशन कार्ड में केवाईसी न होना इत्यादि समस्या राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव सिंह के समक्ष रखी। राजीव सिंह ने सभी को आश्वासन दिया है कि ससमय रहते हुए समस्त समस्याओं को लेकर उच्च अधिकारियों तक अवगत कराकर अतिशीघ्र समाधान



कराया जाएगा । प्रबंधक/ सचिव बिन्दू मौर्या ने बताया कि ऐसे परिवारों के बच्चों जो जीवन यापन करने में कठिनाई व समस्याओं से जूझ रहे है उन लोगों के लिए सरकार द्वारा महिला एवं बाल कल्याण विभाग के द्वारा स्पान्सरशिप योजना के अंतर्गत बच्चों के लिए सरकार चार हजार रुपए प्रतिमाह देती है । जिससे उनके बच्चों की अच्छी व उच्च कोटि की शिक्षा मिल सके ।

इस अवसर पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विजय पाल, गुड्डू, कासिम, रामकिशोर,अली हसन, कौशल किशोर, भोलानाथ, प्रीति, अनीता पाल, रिंकी, मोमिना खातून, रिजवाना, मानसी आदि पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।

## महमूदाबाद में पांच दिवसीय मूर्ति स्थापना समारोह 5 मई से, भव्य कलश यात्रा के साथ होगा शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महमूदाबाद (सीतापुर) । नगर के मां संकटा देवी मंदिर परिसर में नवनिर्मित महाकालेश्वर महादेव मंदिर में पांच दिवसीय मूर्ति स्थापना समारोह का शुभारंभ 5 मई (सोमवार) से होने जा रहा है। आयोजन को लेकर नगरवासियों और श्रद्धालुओं में उत्साह चरम पर है।

समारोह की भव्यता को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। 5 मई की सुबह 8 बजे, श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर, रामकुण्ड चौराहा से एक विशाल कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो मां संकटा देवी धाम तक जाएगी। पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्सव का माहौल है। 9 मई को मूर्तियों की भव्य शोभा यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली जाएगी। इस अवसर



पर यज्ञाचार्य अखिलेश शास्त्री वैदिक अनुष्ठानों का नेतृत्व करेंगे। महाकालेश्वर महादेव मंदिर की संस्थापक पारूल रस्तोगी ने सभी श्रद्धालुओं से यात्रा और कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है इस धार्मिक आयोजन को भव्य और दिव्य स्वरूप देने के लिए समिति द्वारा रूपरेखा तैयार कर ली गई है।

## वीर शिवाजी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में किया प्रवेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । क्रिकेट प्रतियोगिता न केवल खेल कौशल को मंच प्रदान कर रही है, बल्कि छात्र जीवन में अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व क्षमता और सहयोग की भावना के विकास को भी प्रेरित कर रही है। प्रतिभागी छात्रों के उत्साह, ऊर्जा और समर्पण ने इस आयोजन को अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक बना दिया है। यह बात शनिवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी परिषद सदस्य एवं केंद्रीय मीडिया टोली सदस्य अभिनव मिश्र ने कही। खेलो भारत अभियान के तहत शनिवार को इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रों के बीच शुरू हुई प्रतियोगिता के पहले दिन आयोजित लीग मुकाबलों में प्रथम वर्ष की ''वीर शिवाजी टीम'' ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे वर्ष की टीम को हराया तथा फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, तृतीय वर्ष की ''शहीद भगत सिंह टीम'' ने भी अपने उत्कृष्ट खेल के दम पर फाइनल में स्थान बनाया। उन्होंने बताया कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शताब्दी पुरुष छात्रावास परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की गतिविधि खेलो भारत द्वारा 3 एवं 4 मई 2025 को एक उत्साहवर्द्धक द्विदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ आज हुआ, जिसमें छात्रों के बीच खेल भावना, सौहार्द्र एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिली। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इलाहाबाद विश्वविद्यालय के क्रिकेट कोच राजवीर सिंह, अभाविप काशी प्रांत के पूर्व प्रांत मंत्री अतेंद्र सिंह एवं खेलो भारत काशी प्रांत संयोजक शैलेंद्र यादव की उपस्थित रहे। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अभिनव, काशी प्रांत सह-मंत्री कार्तिकेय मौजूद रहे। प्रतियोगिता के संयोजक श्रीपति पांडेय है।

## वक्फ की जमीनों का इस्तेमाल मुसलमानों के विकास में : पुष्पराज सिंह

एजेंसी

जौनपुर । भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह ने वक्फ कानून पर शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के बारे में कहा कि यह कानून मुस्लिम समुदाय के हित में लाया गया है। वक्फ की जमीनों का इस्तेमाल मुसलमानों के विकास में किया जायेगा। वक्फ बोर्ड की जमीनों पर अब मुस्लिम बच्चों के लिए शैक्षणिक संस्थान और अस्पताल बनाए जाएंगे।जौनपुर में कुछ सम्पत्तियां प्राथमिक जांच में चिह्नित की गई हैं। इन पर राजस्व परिषद निर्णय लेगा। नए प्रावधान के तहत वक्फ बोर्ड में सभी समुदायों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

1954 में लागू हुए वक्फ कानून का व्यापक दुरुपयोग हुआ है। वक्फ की सम्पत्तियों का लाभ वास्तविक हकदारों की जगह संपन्न लोगों को मिला। देश में 31 प्रतिशत मुस्लिम समुदाय के लोग गरीबी रेखा से नीचे हैं। वक्फ की 80 प्रतिशत सम्पत्तियों पर भ्रष्टाचार के आरोप है। कुछ लोगों ने वक्फ प्रावधान का दुरुपयोग कर मॉल और होटल बना लिए। आठ लाख एकड़ से अधिक जमीन में 70 प्रतिशत वक्फ की जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है। सच्चर कमेटी ने भी इस अवैध कब्जे की पुष्टि की थी। लखनऊ में कई ऐसी जमीनें हैं जिन पर वक्फ अपना दावा कर रहा है। वाराणसी के यूपी कॉलेज की जमीन पर भी वक्फ द्वारा दावा किया जा रहा है, जो वास्तव में राज परिवार की है।

भाजपा कार्यकर्ता अब क्षेत्र में जाकर वक्फ कानून की जानकारी देंगे और मुस्लिम समाज को जागरूक करेंगे। नया वक्फ कानून मुस्लिम समाज को उनका वास्तविक अधिकार दिलाने का प्रयास है।

## भाजपा की कथनी और करनी एक है : भूपेंद्र

एजेंसी

देवरिया। देश में जातीय जनगणना को मंजूरी देने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा मोर्चा द्वारा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह की अगुवाई में शहर के सुभाष चौक पर कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई तथा पटाखे जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद ज्ञापित किया । इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई और कार्यकर्ताओं की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया और व?श्?वास जताया क? उनके नेतृत?व में देश व समाज का उत्तरोत्तर व?कास होता रहेगा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने जातियों, जनजातियों के लिए बहुत काम किया। अब जाति जनगणना कराने का फैसला क?ए हैं। सभी जातियों का विकास कैसे हो, पीएम मोदी इस बात की चिंता कर रहे हैं। जातियों की संख्या के हिसाब से देश में योजनाएं बनाई जाएंगी।

उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्ग के लोगों की पीएम से डिमांड रही है कि उनका विकास



हो। इसलिए पीएम मोदी सबके लिए काम कर रहे हैं। वह नए भारत के निर्माता हैं। हमें इसके लिए उन्हें धन्यवाद देना चाहिए। सरकार के इस कदम से सभी जातियों को बहुत फायदा होगा। उन्होंने आगे कहा कि विपक्षी दलों ने सरकार को घेरने के लिए इसे सिर्फ चुनावी मुद्दा बनाया था। अब भाजपा ने पिछड़ों के विकास के लिए ऐसा काम किया है कि सारे दल उसका स्वागत कर रहे हैं। यह स्वागत पूरे देश में होना चाहिए। इससे पूरे देश के पिछड़े, दलितों का उद्धार होगा। यह पीएम मोदी की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। कार्यक्रम के आयोजक पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष गोविंद चौरसिया ने पिछड़ा समाज की तरफ से प्रधानमंत्री का आभार जताया। कार्यक्रम के दौरान जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, पर अग्रवाल, संपूर्णानंद गुप्ता, महामंत्री श्रीनिवास मणि, जिला मीडिया प्रभारी प्रभाकर तिवारी, नगर अध्यक्ष रमेश वर्मा, महामंत्री दुर्गेश नाथ त्रिपाठी, सुधीर मद्धेशिया, संजू सोनी, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप मधेशिया, जिला पंचायत सदस्य विनय जायसवाल, अभयनाथ त्रिपाठी, विपिन यादव, अरविंद चौहान, राजेश निषाद, विजेंद्र कुशवाहा, संजय प्रजापति, आकाश मधेशिया, सत्यप्रकाश सिंह, आदित्य सिंह,अजय सिंह, विजय बेलदार, रणविजय सिंह, धर्मेंद्र चौहान, रमेश गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, हरेंद्रपाल, रजनीश तिवारी आदि मौजूद रहे।

# मण्डलायुक्त एवं डीआईजी ने तहसील निजामाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस का किया निरीक्षण

## सुनी लोगों की समस्यायें, मौके पर हुआ 8 शिकायतों का निस्तारण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आज़मगढ़। जिले के मण्डलायुक्त विवेक एवं डीआईजी सुनील कुमार सिंह ने शनिवार को तहसील निजामाबाद में सम्पूर्ण समाधान दिवस का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों अधिकारियों ने मौके पर उपस्थित लोगों की समस्याओं को सुना तथा प्राप्त कुल 72 शिकायतों में 8 का मौके पर ही निस्तारण कराया। तहसील दिवस के अवसर पर प्राप्त कुल प्रार्थना-पत्रों में 63 राजस्व विभाग, 3 विकास विभाग, 2 पुलिस विभाग, 2 विद्युत विभाग तथा शेष 2 प्रार्थना पत्र अन्य विभागों से सम्बन्धित थे। निस्तारित सभी 8 प्रार्थना पत्र राजस्व विभाग से सम्बन्धित थे। मण्डलायुक्त के समक्ष कतिपय शिकायतकर्ताओं द्वारा इस आशय का प्रार्थना पत्र दिया गया कि अविवादित वरासत होने के बावजूद वरासत दर्ज नहीं हुई है।

इस स्थिति पर मण्डलायुक्त विवेक ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सम्बन्धित लेखपालों को कड़ी फटकार लगाई तथा उपजिलाधिकारी, निजामाबाद को निर्देश दिया कि जितने भी अविवादित वरासत के मामले लम्बित हैं उन्हें प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित कराया जाय, कोई भी अविवादित वरासत लम्बित नहीं रहना चाहिए। मण्डलायुक्त ने गर्मी के मौसम को देखते हुए शिकायतकर्ताओं के लिए पेयजल तथा बैठने की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि अपनी समस्याओं को लेकर दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों से तहसील में आने वालों के प्रति अच्छा व्यवहार और नरम रवैया अपनाया जाय। मण्डलायुक्त ने कहा कि जिन मामलों में राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम मौके पर भेजा जाना है उसमें सम्बन्धित थाना प्रभारी को अवगत कराते हुए समय सीमा के अन्दर ऐसे मामलों का निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए, ताकि एक ही समस्या को लेकर किसी व्यक्ति को बार बार तहसील या जनपद मुख्यालय न जाना पड़े।

डीआईजी सुनील कुमार सिंह ने पुलिस के मामलों की सुनवाई करते हुए उपस्थित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों के निस्तारण हेतु संयुक्त टीम के लिए आवश्यक पुलिस बल समय से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि आगामी पंचायत चुनाव के दृष्टिगत कुछ गलत शिकायतें भी प्राप्त हो सकती हैं, इसलिए गलत शिकायतकर्ताओं की पहचान की जाय। उन्होंने राजस्व और पुलिस विभाग को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण किसी भी दशा में लम्बित नहीं रहना चाहिए। मण्डलायुक्त और डीआईजी जब तहसील पहुंचे तो उस समय उपजिलाधिकारी निजामाबाद नरेन्द्र कुमार गंगवार आमजन से उनकी समस्याओं की सुनवाई कर रहे थे। मण्डलायुक्त द्वारा गत सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों की निस्तारण की स्थिति के सम्बन्ध में पूछे जाने पर अवगत कराया गया कि कोई प्रार्थना पत्र निस्तारण हेतु अवशेष नहीं है।

# भाजपा ने विकास करने के बजाय प्रदेश को विनाश की ओर धकेल दिया : यादव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि समाजवादी सरकार में प्रदेश में हुए विकास कार्यों की आज भी देश दुनिया में सराहना हो रही है जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विकास करने के बजाय प्रदेश को विनाश की ओर धकेल दिया है।

श्री यादव ने शनिवार को यहां जारी बयान में भाजपा पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा,ल्लभाजपा सरकार ने समाजवादी सरकार के विकासकार्यों को बर्बाद करने के अलावा कुछ नहीं किया। भाजपा ने विकास करने के बजाय प्रदेश को विनाश की ओर धकेल दिया है। प्रदेश की जनता एक बार फिर समाजवादी पार्टी की सरकार बनने का इंतजार कर रही है। वर्ष 2027 में समाजवादी सरकार बनने पर विकास के रुके कार्य फिर शुरू होंगे। प्रदेश में खुशहाली आएगी और नए विकास की नींव रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी सरकार ने लखनऊ में अन्तरराष्ट्रीय स्तर का क्रिकेट स्टेडियम, आधुनिक सुविधाओं से लैस पुलिस मुख्यालय की सिग्नेचर बिल्डिंग, एशिया का सबसे बड़ा पार्क जनेश्वर मिश्र पार्क, विश्वस्तरीय गोमती रिवरफ्रंट और मेट्रो रेल, विश्वस्तरीय आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे का निर्माण कराया। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे देश का पहला एक्सप्रेस-वे है जिस पर सेना के लड़ाकू विमान उतारने के लिए हवाई पट्टी बनायी गयी। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे का निर्माण रिकार्ड 23 महीनें में पूरा हुआ। जब एक्सप्रेस-वे का उद्घाटन हुआ तो देश के सबसे उन्नत किस्म के सुखोई और मेराज समेत अन्य लड़ाकू विमान उतारे गये। मालवाहक हरक्यूलिस विमान भी यहां उतरा था। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में हर कार्य विश्वस्तरीय किया गया। ये सभी कार्य प्रदेश और देश के लिए उदाहरण है। आज इन कार्यों की सराहना होती है तो सुखद अनुभूति होती है। समाजवादी पार्टी के समय लखनऊ में बने वर्ल्ड क्लास पुलिस मुख्यालय की महान क्रिकेटर कपिल देव जी ने सराहना की है। उनसे मिली सराहना ने हमारा उत्साह बढ़ाया है। श्री यादव ने कहा कि बड़ी सोच से प्राप्त हुई उपलब्धि का मोल और मान वही समझ सकता है जिसने स्वयं बड़ी उपलब्धि पायी हो। समाजवादी पार्टी के काम से आज दुनिया में लखनऊ और उत्तर प्रदेश का मान बढ़ रहा है।

# पुलिस ने 24 घंटे के अंदर हत्याकांड का किया खुलासा, घटना में प्रयुक्त चाकू तीन खाली बीयर की केन और कपड़े बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जनपद के थाना कप्तानगंज के गौरा गांव निवासी युवक की हत्या मामले का पुलिस ने 24 घंटे के अन्दर खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के पास से घटना में प्रयुक्त चाकू, तीन खाली बीयर की कैन व कपड़े बरामद किया गया। पुलिस ने स्वाट व सर्विलांस टीम की मदद से घटना के पर्दाफाश करने में सफलता पाई।अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि दो मई को सोहराज पुत्र नियाज अहमद निवासी ग्राम थाना कप्तानगंज ने थाने में तहरीर देकर अवगत कराया था कि उसके बेटे फहद की किसी अज्ञात व्यक्तियों द्वारा धारदार हथियार से गले, पेट व सिर पर वार व गमछे से हाथ बांधकर हत्या कर दी गयी। पुलिस से मामले में मुकदमा दर्ज जांच शुरू कर दी। विवेचक विवेक कुमार पाण्डेय द्वारा की गई विवेचना में मो0 हामिद उर्फ सद्दाम पुत्र मो0 सलमान व आतिफ खान पुत्र मेराज निवासीगण ग्राम गौरा थाना कप्तानगंज का नाम प्रकाश में आया।

पुलिस ने आतिफ को छाता का पुरा हाइवे पुल के नीचे से बीती रात गिरफ्तार कर लिया, वहीं दूसरे अभियुक्त हामिद उर्फ सद्दाम पुत्र मो0 सलमान को बीती रात जेहरा पिपरी से पुलिस ने हिरासत में ले लिया।पूछताछ में अभियुक्त मो0 हामिद उर्फ सद्दाम ने बताया कि मृतक फहद के दोस्त संगम से मेरे छोटे भाई सहवान से एक महीने पहले कहासुनी हुई थी और कई बार उसने मेरी बहन को आते जाते कमेन्ट करता था जिसको लेकर मैंने फहद को डांटा भी था। उसके बाद मैं अपनी मौसी के घर चला गया, जब मैं घर आया तो फहद ने मुझे जान से मारने की धमकी दी, जिससे मैं डर गया और उसकी हत्या करने की योजना बनाई।

एक मई को जब मैं सरायमीर से अपने घर आया तो शाम को करीब चार बजे फहद मुझे नशे की हालत में मिला और मुझसे कहा कि तुम कमाकर आये हो मुझे पार्टी दो। इस बात की सूचना मैंने अपने दोस्त आतिफ खान को दी। आतिफ और फहद शाम को मोटर सायकिल से पार्टी करने के लिए कोइनहा बाजार गये और तीन बीयर की कैन खरीदी और लक्ष्मी यादव के बंद पड़े ईंट भट्ठे के पास गये। जहां हम तीनों ने बीयर पी। जब फहद काफी नशे में हो गया, तब मैंने अपने लिए चाकू से फहद की गर्दन को रेत दिया, कुछ समय बाद उसकी मौत हो गयी। उसके बाद मैंने दूसरा कपड़ा पहनकर हम दोनों सुबाष पुत्र गिरजा के घर बहूभोज में जाकर खाना खाये और घर जाकर सो गये।

# यूपी एनर्जी एक्सपो में जुटेंगे ऊर्ज़ा क्षेत्र के दिग्गज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में सोलर और रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में व्यापार और नई टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देने के मकसद से राजधानी लखनऊ में आठ मई से शुरु होने वाली तीन दिवसीय 'उत्तर प्रदेश ऊर्ज़ा एक्सपो 2025 (यूपीईएक्स)' में देश भर के विशेषज्ञ नवीनतम ऊर्ज़ा विकल्पों पर चर्चा करेंगे।

एक्सपो का आयोजन यूपी स्टेट चैप्टर,पीएचडीसीसीआई (पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रिज)और यूपीनेडा के सहयोग से किया जा रहा है। यह प्रदर्शनी आठ से 10 मई तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के लॉन 2 में सुबह 10 बजे से शाम छह बजे तक लगेगी। सभी आगन्तुकों का प्रवेश निःशुल्क है। ऊर्ज़ा क्षेत्र के 150 से अधिक प्रदर्शकों के इस जमावड़े के दौरान सौर ऊर्ज़ा,स्मार्ट ऊर्ज़ा ग्रिड और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी में नवीनतम प्रगति और नवाचारों का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही प्रदर्शनी में आयोजित होने वाले सम्मेलन सत्रों में भविष्य के नवीनतम ऊर्ज़ा विकल्पों और नवाचार की भूमिका पर सार्थक चर्चाएं भी होंगी। यूपीईएक्स का उद्देश्य यूपी को सौर क्षेत्र में निवेश के अग्रणी गंतव्य के रूप में स्थापित करते हुए एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग करने का है। एक्सपो के मुख्य उद्देश्यों में प्रदेश में सौर ऊर्ज़ा के उत्पादन और भंडारण के क्षेत्र में निवेश के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करना है। साथ ही राज्य में सौर ऊर्ज़ा के बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए उद्योग की भागीदारी को प्रोत्साहित करते हुए इलेक्ट्रिक मोबिलिटी विकास और विनिर्माण के वैश्विक केंद्र के रूप में बढ़ावा देना है।

इसके अलावा चार्जिंग व बैटरी स्वैपिंग बुनियादी ढांचे के विकास के लिए निवेश को आकर्षित करने के लिए पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है। साथ ही ईवी पारिस्थितिकी तंत्र निर्माताओं को राज्य में अपनी विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने और वैश्विक बाजार में आपूर्ति करने के लिए आकर्षित करना भी है।

पीएचडी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के उत्तर प्रदेश चैप्टर के कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में चैप्टर के को-चेयर राजेश निगम ने बताया कि यह एक्सपो यूपी में ऊर्ज़ा क्षेत्र के विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करेगा। निगम ने कहा कि केंद्र सरकार की प्रमुख योजना 'पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना' के तहत घरों की छत पर सोलर पैनल लगाने के लिए केंद्र की ओर से सब्सिडी दी जाती है। उत्तर प्रदेश सरकार भी सोलर पैनल और इलेक्ट्रिक वाहनों पर सब्सिडी दे रही है। प्रदेश सरकार इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को प्रोत्साहित करने की दिशा में इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन आदि स्थापित करने में भी दिलचस्पी दिखा रही है। को चेयर ने बताया कि नेशनल सोलर मिशन का गठन देश में सौर ऊर्ज़ा के उत्पादन और उपयोग को बढ़ावा देने के मकसद से किया गया है। पीएम कुसुम योजना के तहत किसानों को सिंचाई के लिए सोलर पंप लगाने के लिए सब्सिडी प्रदान की जाती है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सौर ऊर्ज़ा नीति 2022 के तहत राज्य में 2026-27 तक 22 हजार मेगावाट सौर ऊर्ज़ा परियोजनाओं के संचालन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

# मंत्री नंदी लोगों की समस्याओं को सुना और हर सम्भव मदद का दिया आश्वासन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के मुट्ठीगंज मंडल मंडल में उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के घर पहुंचे और उनकी पीड़ा एवं समस्याओं को सुना। मंत्री ने कहा कि हर सम्भव मदद की जाएगी।

कैबिनेट मंत्री नन्दी ने शनिवार को अपने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के मुट्ठीगंज मंडल में प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी के साथ भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त किया, जिन्होंने पिछले दिनों अपनों को खो दिया। मंत्री नन्दी ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिवारजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। वहीं दुख की इस घड़ी में हर सम्भव सहायता का वादा किया। इस दौरान मंत्री नन्दी ने लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना और सम्बंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर वार्ता कर तत्काल समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए। मंत्री नन्दी ने मुट्ठीगंज में रविदत्त पाठक के मकान से पूर्व पार्षद शैलेंद्र मिश्रा के मकान होते हुए प्राचीन नागेश्वर महादेव मंदिर तक 6.94 लाख, मुट्ठीगंज के मखनुगंज मंडी में 9.72 लाख, विजयपुर कोठी में 3.59 लाख, महावीरन गली में 15.49 लाख, कटघर चौराहे पर समिया माई मंदिर के सामने वाली गली में 5.66 लाख, बलुआघाट रोड पर 6.46 लाख रूपए के लागत से निर्मित सीसी रोड, नाली निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। मंत्री नन्दी ने बूथ अध्यक्ष राधा श्रीवास्तव की माता के निधन की सूचना पर प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी के साथ दरियाबाद स्थित उनके घर पर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक संवेदना व्यक्त किया। इसके बाद मंत्री नन्दी दरियाबाद चाचर नाला क्षेत्र में भाजपा पदाधिकारी सुशील निषाद के आवास पर आयोजित सहभोज कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। आर्यनगर मुट्ठीगंज में भाजपा पिछड़ा मोर्चा अध्यक्ष शत्रुधन जायसवाल की माता जी एवं सालिकराम नगर बांसमंडी में राजेंद्र अग्रहरि के निधनोपरान्त आज उनके घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त किया।

# वक्फ संशोधन अधिनियम से हमारे मस्जिद मदरसे कर्बला पर नहीं आएगी आंच

## विपक्ष कर रहा बांटने की राजनीति: अल्पसंख्यक मंत्री दानिश आजाद अंसारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। सिधारी क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की तरफ से अल्पसंख्यक प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश के अल्पसंख्यक मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने पहलगाम और वक्फ़ बोर्ड संशोधन अधिनियम पर अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि यह अधिनियम इसलिए लाया गया ताकि मुस्लिम धर्म के पसमांदा समाज को आगे बढ़ाया जा सके।

महिलाओं को सुविधा मिले।लेकिन वक्फ़ बोर्ड के नाम पर तमाम राजनीतिक दलों के लोग राजनीति कर रहे हैं। क्योंकि वह नहीं चाहते कि समाज में विकास हो। वह स्वयं के विकास पर ध्यान दिए हैं। उन्होंने कहा कि वक्फ़ संशोधन अधिनियम से हमारे किसी भी मदरसे मस्जिद कब्रगाह और कर्बला पर कोई भी आंच नहीं आएगी। बल्कि मुस्लिम समाज के गरीब वर्ग के लोगों को कई सुविधाएं मिलेंगी। उनके लिए अस्पताल स्कूल जैसी संस्थाएं खुलेंगी। अवैध कब्जे हटेंगे।

वहीं पहलगाम की घटना को लेकर उन्होंने कहा कि कंग्रेस पार्टी देश को बांटने की राजनीति करती रही है। उसको यह बताना होगा कि वह हिंदुस्तान के साथ है कि पाकिस्तान के साथ है।आए दिन उसके नेता इस तरह के बयान दे रहे हैं जैसे कि वह पाकिस्तान के साथ खड़े हैं। देश के प्रधानमंत्री ने जब घटना में कार्रवाई की बात कही है तो वह होगी। उसका इंतजार करना चाहिए। लेकिन कंग्रेस ऐसा नहीं करना चाहती। यही उसकी राजनीति रही है।

## डीएम और एसपी के नेतृत्व में समाधान दिवस का किया गया आयोजन



**आजमगढ़।** जिले के जिलाधिकारी आजमगढ़ रविंद्र कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ हेमराज मीना द्वारा तहसील फूलपुर में संपूर्ण समाधान दिवस पर जनता के समस्याओं के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

## पाल ने शहीद गुलाब सिंह लोधी की जयंती पर उन्हें किया नमन

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री श्यामलाल पाल ने शनिवार को अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी जी की जयंती पर यहां अमीनाबाद स्थित झंडे वाला पार्क लखनऊ में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। कार्यक्रम का आयोजन युवा नेता यशवीर सिंह लोधी ने किया था।

इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष सी एल वर्मा, जिलाध्यक्ष जयसिंह 'जयन्त', जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, महानगर अध्यक्ष फाखिर सिद्दीकी, नगर महासचिव इरशाद अहमद एवं सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की।

श्री श्यामलाल पाल ने कहा कि अमर शहीद गुलाब सिंह लोधी ने लखनऊ के अमीनाबाद पार्क में झण्डा सत्याग्रह आन्दोलन के दौरान तिरंगा झण्डा फहराया था। झण्डा फहराने की इस क्रान्तिकारी घटना के बाद से अमीनाबाद पार्क को झण्डेवाला पार्क के नाम से पुकारा जाने लगा। तिरंगा झण्डा फहराने के दौरान अंग्रेजी पुलिस ने उन पर गोली चला दी और गुलाब सिंह लोधी शहीद हो गये।

इस मौके पर विधायक रविदास मेहरोत्रा, पूर्व विधायक राजेन्द्र यादव, पूर्व एम0एल0सी0 राजपाल कश्यप, कान्ती सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय बहादुर यादव, पार्षद शफीकुर्रहमान 'चचा', ब्लाक प्रमुख चिनहट ऊषा सेन, चेयरमैन बीकेटी गनेश रावत, पूर्व प्रत्याशी राजबाला रावत, प्रदेश सचिव दिनेश कुमार सिंह, त्रिवेणी पाल, लोधी समाज के वरिष्ठ नेता एवं अवंतीबाई लोधी महासभा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राधेलाल लोधी, जिला उपाध्यक्ष गुड्डू लोधी, ललिता राजपूत लोधी, टी0बी0 सिंह, बचान सिंह यादव, इब्राहीम मंसूरी, अनिल पासी, नवनीत सिंह, विधानसभा अध्यक्ष अजय कुमार रावत, चंद्रशेखर यादव, प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग शैलेन्द्र राजपूत लोधी, युवजन सभा प्रदेश सचिव विजय यादव, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छात्र सभा महेन्द्र कुमार यादव, जिलाध्यक्ष छात्रसभा ओम कुमार लोधी, जिलाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मनोज कुमार पाल, जिलाध्यक्ष अधिवक्ता सभा अंजनी प्रकाश, युवजन सभा जिलाध्यक्ष शिवकुमार रावत 'टाइगर', रामप्रकाश यादव, जिला सचिव अमित लोधी, विधानसभ अध्यक्ष महिला सभा सीमा लोधी, द्रौपदी लोधी, शिवशंकर लोधी, पार्षद आशू राजपूत लोधी, शैलेन्द्र वर्मा 'शैलू', राकेश लोधी 'मंत्री जी', दानिस रहमान, सत्येन्द्र लोधी 'राना', राजेन्द्र लोधी, उमेश लोधी, राजकिशोर लोधी प्रधान, गोकुल लोधी प्रधान, वीर सिंह लोधी प्रधान, उमेश लोधी, अशोक लोधी, ज्ञान प्रकाश लोधी, सीताराम लोधी, सत्येन्द्र लोधी, वीरू राजपूत, अनूप शर्मा, सूर्यभान यादव, एडवोकेट अरविन्द लोधी, अमर सिंह लोधी, अमित लोधी, सूरज लोधी, रवि लोधी, पिन्टू लोधी, प्रवेश यादव, एडवोकेट शुभम लोधी, मनीष यादव, अजीत लोधी, एडवोकेट सुजीत लोधी, मनीष लोधी, एडवोकेट पवन लोधी, अजय लोधी, तेजा लोधी, हरीश लोधी, विकास लोधी, रामस्वरूप लोधी, शुभम कश्यप, अमित लोधी प्रधान प्रतिनिधि, नवनीत रावत, शुभम राजपूत, एडवोकेट अमर लोधी, दीपक यादव 'महाकाल', मुलायम सिंह यादव, मोईन खान, शगीर खान 'अंगूर', मीडिया प्रभारी रमेश सिंह 'रवि', नगर उपाध्यक्ष जावेद खान, मध्य विधानसभा अध्यक्ष मो0 अहमद, पश्चिम विधानसभा अध्यक्ष मिर्ज़ा जफर इकराम, सनी कनौजिया, महेन्द्र सिंह लोधी, मो0 निहाल, प्रदीप कनौजिया, सफात हुसैन, फरहाना, तहसीन बानो, संदीप लोधी, राजकुमार सिंह 'राजा', शिवा राजपूत, रंजीत राजपूत, अंकित यादव, मोहित पाल एवं शिवम यादव 'गोलू' के साथ सैकड़ों पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने वाले बर्दाश्त नहीं किये जायेंगे: किसान नेता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरनगर। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के टाउनहाल मैदान में गत दिवस विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों की ओर से आयोजित 'जन आक्रोश यात्रा' में भारतीय किसान यूनियन के प्रवक्ता राकेश टिकैत के साथ अभद्रता के प्रकरण को लेकर शनिवार को राजकीय इंटर कालेज में आयोजित 'किसान स्वाभिमान पंचायत' में प्रदेशभर के विभिन्न जनपदों से आये किसान नेताओं व कार्यकर्ताओं ने एक स्वर से उक्त प्रकरण की कड़ी निंदा की और कहा कि किसी भी कीमत पर स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने वाले बर्दाश्त नहीं किये जायेंगे।

'किसान स्वाभिमान पंचायत' में भाकियू सुप्रीमो नरेश टिकैत ने अपने संबोधन में जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी और मजहब को भूलकर आये सभी लोगों का मैं आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि हम किसी भी पार्टी या व्यक्ति के विरोधी हो सकते है पर गद्दार नहीं हो सकते हैं। हमे भी देश से प्रेम है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने राकेश टिकैत के साथ अभद्रता की है उन्हेंाने शेर के मुंह में हाथ दिया है। अबकी बार तो हमने छोड दिया है लेकिन किसानों का सम्मान सर्वोपरि है। श्री टिकैत ने कहा कि भाकियू का इतिहास गरिमा से भरा है और कुछ लोग हमारे इतिहास को दाग लगाना चाहते है लेकिन हम ऐसा नहीं होने देंगे हम किसान और देश के साथ है। किसान का सम्मान कभी कम नहीं होने दिया जायेगा।

इससे पूर्व भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत ने कहा कि हम किसी के खिलाफ मुकदमा नहीं चाहते,पर जो कल हुआ है भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति ना हो। उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में इस तरह की घटना होगी तो स्वीकार नहीं की जाएगी। हम किसी के खिलाफ कोई मुकदमा नहीं चाहते हैं लेकिन चेतावनी है कि भविष्य में इस तरह की घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

किसान पंचायत मे पहुंचे सांसद हरेन्द्र मलिक ने पंचायत को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज परीक्षा की घडी है। आप सभी को हौसले से काम लेना होगा। उन्होंने मंच के माध्यम से अपील की कि अनुशासन व व्यवस्था बनाए रखें।

उन्होंने कहा कि भाकियू हमेशा से ही किसान, मजदूर, गरीब, मजलूम की आवाज उठाती आई है। कल की घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। यदि किसान यूनियन के साथ ऐसा हो रहा है तो आम आदमी के साथ क्या होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होने कहा कि किसान का कोई मजहब नही है। किसान की लडाई मे सभी बिरादरियां साथ मे हैं। श्री मलिक ने कहा कि इस परिवार की यह तीसरी पीढी आप सभी की सेवा कर रही है। इस परिवार के साथ यह बदतमिजी बर्दाश्त नही की जाएगी। यह लडाई लम्बी चलेगी। उन्होने कहा कि चै.नरेश टिकैत का जो वह हम सभी को मान्य होगा। उन्होंने कहा कि इस घटना से आज पूरे देश का राष्ट्रवादी परेशान है। उन्होने कहा कि इस घटना पर हमारी पूरी पार्टी भाकियू के साथ है। कैराना सांसद इकरा हसन ने कहा कि जिन लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया है। वे भी आतंकी हैं। उन्होने कहा कि किसान देश की रीढ है। उन्होने कहा कि हम अपना विरोध संविधान के तहत कर रहे थे। लोकतंत्र मे सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है। उन्होने कहा कि इस आक्रोश रैली मे आप सभी का समर्थन है। उन्होंने कहा कि भाकियू नेता चै.राकेश टिकैत ने हमेशा गलत बात का विरोध किया है तथा किसान हित की लडाई लडी है। सांसद इकरा हसन ने कहा कि कल की घटना बहुत ही निन्दनीय है।

उन्होंने कहा कि हम सभी पहलगाम घटना की निन्दा करते हैं इस घटना के आतंकियो पर लानत है। इस लडाई मे हम सब साथ हैं तथा साथ रहेंगे। भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव युद्धवीर सिंह ने कहा कि हम सभी कल की घटना की निन्दा करते हैं। उन्होने कश्मीर के पहलगाम प्रकरण पर बोलते हुए कहा कि हम सभी इस घटना की निन्दा करते हैं। उन्होने सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि कश्मीर की सुरक्षा की जिम्मेदारी गृह मंत्रालय की है। गृहमंत्री को नैतिकता के आधार पर अपना इस्तीफा दे देना चाहिए।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में गड़बड़ी पर जिलाधिकारी सख्त

**पात्र आवेदकों के साथ अन्याय पर जताई गहरी चिंता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अंतर्गत बैंकों द्वारा पात्र आवेदकों के ऋण आवेदन के निस्तारण में लापर वाही और भ्रष्टाचार की शिकायत का तत्काल संज्ञा न लेते हुए सख़्त कार्रवाई की है।उन्होंने इस प्रकर ण को गंभीरता से लेते हुए न केवल एक बैंक की जांच कराई, बल्कि जनपद के उन सभी शाखाओं की जांच के आदेश दे दिए हैं जहां इस योजना से संबंधित आवेदन लंबित हैं।अधिकारियों की छह अलग-अलग टीमों का गठन भी किया है,जो यह पता लगाएंगी कि किन कारणों से योजनांतर्गत आ वेदन लंबित हैं और कहाँ पर प्रक्रियात्मक लापरवा ही हुई है।

### डीएम हुई थी एक बैंक की शिकायत, जांच मिली लापरवाही की पुष्टि

यह मामला सामने आया जब करनैलगंज तहसील के मौजा देवापसिया निवासी समीरा ने जिलाधिका री को एक शिकायती पत्र प्रस्तुत किया।उन्होंने आ रोप लगाया कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास यो जना के अंतर्गत उनके ऋण आवेदन को बैंक द्वारा बिना आधार के निरस्त कर दिया गया और बैंक अधिकारी द्वारा अवैध धनराशि की मांग की गई।जिलाधिकारी ने शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपजिलाधिकारी द्वितीय विशाल कुमार एवं अग्र णी जिला प्रबंधक अभिषेक रघुवंशी की एक संयु क्त जांच टीम गठित की।इस टीम ने एक मई 2025 को संबंधित बैंक शाखा का निरीक्षण किया और शिकायतकर्ता एवं बैंक अधिकारियों से पूछ ताछ की।

### दोषियों पर कार्रवाई, सभी शाखाओं की जांच

जांच में पुष्टि होने के बाद जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता के ऋण आवेदन को पुन नियमानुसार प्रक्रिया में लाया जाए और शीघ्र नि स्तारित किया जाए।इसके साथ ही उन्होंने सभी बैंक शाखाओं के लंबित आवेदनों की समीक्षा एवं जांच हेतु 6 अधिकारियों की टीमों का गठन किया है, जिनमें उपायुक्त उद्योग, अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला कृषि अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, एवं प्रभागीय वन अधिकारी शामिल हैं।

### लापरवाही या भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई होगी

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने स्पष्ट किया है कि शा सन की प्राथमिक योजनाओं के पारदर्शी क्रिया न्वयन में लापरवाही,अनियमितता या भ्रष्टाचार कि सी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।दोषी पा ए जाने वाले बैंक कर्मियों एवं अधिकारियों के विरु द्ध कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### जांच में सामने आए तथ्य

जांच में पाया गया कि बैंक शाखा द्वारा ऋण आवे दन को टइएए को अग्रसारित किया गया था, किं तु स्पष्टीकरण की मांग आने के बावजूद बैंक ने न तो कोई कार्यवाही की और न ही लाभार्थी को सूचि त किया। आवेदन यह कहकर निरस्त कर दिया ग या कि शिकायतकर्ता के पति पहले से वही व्यवसा य संचालित कर रहे हैं,जबकि जांच में यह तथ्य सा मने आया कि पति का व्यवसाय भिन्न स्थान पर है और शिकायतकर्ता ने किराये की दुकान पर अलग इकाई के लिए आवेदन किया था।यह स्पष्ट हुआ कि बैंक द्वारा अनियमित और भ्रामक आधारों पर आवेदन अस्वीकृत किया गया।

# सरकारी जमीनों से हटाये जाये अवैध कब्जे: जिलाधिकारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार-।। ने बताया है कि संज्ञान में यह आया है कि उ0प्र0 राजस्व संहिता 2006 की धारा 67 के अन्तर्गत सरकारी जमीन पर हुए अनाधिकृत कब्जे में बेदखली आदेश जारी होने के बाद भी अवैध कब्जेदार सरकारी जमीन पर कब्जा बनाये रहते हैं।यह स्थिति आपत्तिजनक है, क्योंकि जहाँ एक तरफ भूमि प्रबन्धक समिति, जिनको कि ग्राम सभा की भूमि के संरक्षण का दायित्व है, द्वारा अपने दायित्व का निर्वहन सही ढंग से नहीं किया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप सरकारी जमीन पर निरन्तर कब्जा बना रह रहा है, वहीं दूसरी तरफ मा0 उच्च न्यायालय के संज्ञान में आने पर उनके द्वारा नाराजगी भी जाहिर की जा रही है और जिलाधिकारी के स्तर से व्यक्तिगत शपथ पत्र दाखिल करना पड़ता है। उदाहरण स्वरूप आज जिलाधिकारी द्वारा जन हित याचिका संख्या 99/2025 मो0 सलमान बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में धारा-67 तहसील मार्टिनगंज में वेदखली आदेश के बावजूद भी अवैध कब्जा बने रहने के कारण मा0 उच्च न्यायालय में व्यक्तिगत शपथ पत्र दाखिल करना पड़ रहा है।उक्त के आलोक में जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी/समस्त तहसीलदार को निर्देशित किया है किया। सुनिश्चित करें कि सरकारी जमीन से कब्जा शीघ्रातिशीघ्र हटे। विशेष कर भविष्य में यदि यह पाया जाता है कि धारा-67 में बेदखली आदेश के बावजूद अवैध कब्जा बना हुआ है, तो भूमि प्रबन्धक समिति के सदस्य सचिव/लेखपाल की इसमें दूरभि संधि मानकार उनके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जायेगी।

# डीएम व एसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । जिलाधिकारी मोनिका रानी ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह के साथ जिला कारागार का निरीक्षण कर कारागार प्रशासन द्वारा बन्दियों को मुहैय्या करायी जा रही सुविधाओं व कारागार की साफ-सफाई इत्यादि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कारागार के निरीक्षण के दौरान डीएम व एसपी ने पाकशाला, महिला व किशोर बैरक सहित अन्य बैरकों तथा मुलाकात स्थल का जायज़ा लिया।महिला बैरक के निरीक्षण के दौरान डीएम ने निरूद्ध महिला बन्दियों का मेडिकल परीक्षण कराने तथा स्टाफ नर्स की तैनाती कराए जाने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा कि महिला बन्दियों में ओ.डी.ओ.पी. अन्तर्गत गेहूँ के डण्ठल से निर्मित होने वाली कलाकृति के प्रति रूझान बढ़ाया जाय तथा इच्छुक बन्दियों को प्रशिक्षित भी कराएं ताकि महिला बन्दी सबल होकर जेल से बाहर जाएं और खुद के साथ दूसरे महिलाओं को भी स्वावलम्बन का मार्ग दिखाये। अल्पवयस्क बैरक के निरीक्षण के दौरान डीएम ने निरूद्ध अल्पवयस्कों के पठन-पाठन के बारे में जानकारी प्राप्त की। पाया गया कि छः माह पूर्व कापी चेक हुई थी। डीएम ने इस स्थिति पर नाराज़गी जताते हुए निर्देश दिया कि अध्ययन अध्यापन के लिए पर्याप्त सामग्री उपलब्ध करायी जाय।डीएम व एसपी ने अन्य बैरकों का भी निरीक्षण किया।

डीएम ने निर्देश दिया कि निरूद्ध बन्दियों को पेंटिंग, प्लंबरिंग, इलेक्ट्रिशियन इत्यादि ट्रेडों में प्रशिक्षण प्रदान करने की व्यवस्था की जाय। जेल चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान डीएम ने भर्ती 18 बन्दियों की चिकित्सा व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त की। पाकशाला के निरीक्षण के दौरान डीएम ने साफ-सफाई व्यवस्था को देखा तथा बन्दियों के लिए तैयार किये गये भोजन दाल, सब्ज़ी रोटी की गुणवत्ता का जायज़ा लेते हुए निर्देश दिया कि बन्दियों को निर्धारित मात्रा व मानक के अनुसार भोजन उपलब्ध कराया जाय।पेयजल की व्यवस्था के बारे में जेल अधीक्षक ने बताया कि आर.ओ. प्लान्ट लगा है जिसके माध्यम से पानी की सप्लाई की जा रही है। डीएम ने निर्देश दिया कि कारागार में स्थापित अग्निशमन उपकरणों की नियमित चेकिंग कराई जाए और उनके प्रयोग की विधिवत जानकारी के साथ-साथ आवश्यकतानुसार कुछ लोगों को ट्रेनिंग भी दिलायें।

डीएम ने सोलर प्लान्ट, जेल सुरक्षा, जल निकासी इत्यादि के बारे में जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर जेल अधीक्षक राजेश यादव, जेलर अजय कुमार झा, डिप्टी जेलर शेषनाथ यादव, अनीता सक्सेना व माधुरी तिवारी मौजूद रहीं।

# डीएम के सख्ती के बाद जल जीवन मिशन पूर्ण जलापूर्ति परियोजनाओं का सत्यापन अभियान शुरू

**गाँवो में पानी की टंकियों और पाइप लाइनों का होगा सत्यापन, 6 से 13 मई तक चलेगा अभियान**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा । जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जल जीवन मिशन ग्रामीण के तहत बनी जलापूर्ति परियोजनाओं की गुणवत्ता पर उठे सवालों को गंभीरता से लेते हुए एक बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई शुरू की है।उन्होंने जिले की 145 ग्राम पंचायतों में निर्मित पानी की टंकियों,पाइपलाइन नेटवर्क और फंक्शनल हाउस होल्ड कनेक्शन (क्ष्ल्लद्दए) की सघन जांच के निर्देश दिए हैं।

अधिशासी अभियंता,जल निगम ग्रामीण की रिपोर्ट में इन ग्राम पंचायतों में जलापूर्ति परियो जनाओं के शत-प्रतिशत पूर्ण होने की जानकारी दी गई है।यह सत्यापन 6 से 13 मई 2025 के बीच किया जाएगा।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में दो अधिकारियों की टीम गठित की जाए,जिसमें एक सत्यापन अधिकारी और एक तकनीकी अधिकारी शामिल होंगे।यह टीमें स्थल निरीक्षण करेंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि जलापूर्ति नियमित रूप से हो रही है, पाइपलाइन डालते समय टूटी सड़कों की मरम्मत की गई है, और कार्यदायी संस्थाओं द्वारा किए गए कार्य मानकों के अनुरूप हैं या नहीं।प्रत्येक विका स खंड में अलग-अलग अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है।जैसे बेलसर ब्लॉक की जांच उप निदेशक कृषि एवं अधिशासी अभियंता सरयू ड्रेने ज खंड-3 छपिया ब्लॉक की जांच मुख्य पशु चिकि त्सा अधिकारी एवं सहायक अभियंता लघु सिंचाई और कर्नलगंज ब्लॉक की जांच परियोजना निदेश क डीआरडीए एवं अधिशासी अभियंता (आवास विकास) करेंगे।

सत्यापन के बाद, निर्धारित प्रारूप में रिपोर्ट तैयार कर जिला विकास अधिकारी को प्रस्तुत की जाएगी,जिससे समेकित आख्या तैयार की जा सके।जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दा श्त नहीं की जाएगी।यह कदम शासन की योजना ओं की पारदर्शिता,जवाबदेही और जनहित की दिशा में एक निर्णायक पहल है।

# पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के कार्यालय पर पॉइंट्स मैन कर्मचारियों की सभा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के केंद्रीय कार्यालय पर आयोजित कर्मचारी सभा में पॉइंट्स मैन कर्मचारियों ने अपनी समस्याएं संघ के महामंत्री विनोद राय के समक्ष रखा जिस पर महामंत्री विनोद राय ने प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक से बात कर इन समस्याओं को तुरंत हल करने का निवेदन किया। अधिकरी महोदय ने उपरोक्त समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया है।

इस अवसर पर महामंत्री विनोद राय ने कहा कि प्वाइंट्समैन कर्मचारियों की समस्याओ से संबंधित ज्ञापन लखनऊ मंडल पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ द्वारा मिला है जिसे आगामी रेलवे बोर्ड पी एन एम में जो दिनांक 6एवं 7 मई को नई दिल्ली में रेलवे बोर्ड के साथ होना है जिसमें स्टाफ साइड से हमारे केंद्रीय महामंत्री डॉक्टर एम राघवैया प्रतिनिधित्व करेंगे। रेलवे बोर्ड पी एन एम में पॉइंट्स मैन कर्मचारियो की समस्याओं को उठाया जाएगा एवं रेलवे बोर्ड द्वारा इन समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराया जाएगा। पॉइंट्स मैन कैटेगरी की ये वाजिब समस्याए है जिस पर प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है इन समस्याओं को तत्काल दूर किया जाना आवश्यक है जो कर्मचारी तथा रेल हित में है। इस अवसर पर पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ मुख्यालय मंडल के मंडल मंत्री श्री फिरोजुल हक,पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी श्री ओ पी सिंह,दीपक चौधरी, के एम मिश्रा, लक्ष्मी श्रीवास्तव जयप्रकाश सिंह कारखाना मंडल के मंडल अध्यक्ष श्री ईश्वर चंद्र विद्यासागर मंडल मंत्री श्री कुलदीप मणि त्रिपाठी, राकेश श्रीवास्तव सतीश श्रीवास्तव बृजपाल सिंह कौशल कुमार सिंह देवेश सिंह अवध बिहारी पांडेय अजय त्रिपाठी दीपक प्रजापति अंशुमाल पाठक अभिषेक गुप्ता हरकेश बहादुर सिंह नूर आलम योगेंद्र पाल दिनेश शर्मा, प्रभाकर वर्मा, सनी सिंह, दिनेश मल, बद्री विशाल दुबे, अविनाश सिंह सिद्धांत सिंह रोहित कुमार, मनीष चौधरी संजय श्रीवास्तव रामप्रसाद कृष्णा पंकज शर्मा राजेश शर्मा अखिलेश सुधीर गौतम प्रदीप शिव कुशवाहा राकेश कुमार संजय कुमार कंचनलाल, विजय भारती, विजय सिंह, वैभव पांडे नित्यानंद पांडे इत्यादि पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शिक्षकों एवं छात्राओं ने मिलकर पक्षियों के लिए की पानी की व्यवस्था

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच । गर्मी का मौसम अपनी चरम सीमा पर है। इस समय पशु-पक्षी भी जल और भोजन के लिए तरसने लगते हैं। इस गंभीर स्थिति को समझते हुए राजकीय विद्यालय राजापुरकला (बलहा) में इको क्लब के माध्यम से एक सराहनीय पहल की गई। शिक्षकों एवं छात्रों ने मिलकर मिट्टी के बर्तनों में पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की। विद्यालय परिसर में विभिन्न स्थानों एवं वृक्षों पर इन बर्तनों को स्थापित किया गया। छात्रों ने इन बर्तनों को रखने के लिए रस्सी को सिकहरनुमा बनाया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य न केवल पक्षियों को भीषण गर्मी में राहत पहुँचाना है बल्कि विद्यार्थियों में दया, करुणा और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी जगाना था। विद्यार्थियों ने इन बर्तनो मे प्रतिदिन ताजे पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लिया। इस अभियान से न केवल पक्षियों को जीवनदान मिलेगा, बल्कि बच्चों को यह भी सीख मिली कि प्रकृति के साथ सह-अस्तित्व का भाव बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। इस नेक कार्य को प्रधानाचार्य मुक्तेश्वर कुमार पोद्दार के दिशा निर्देशन में इको क्लब प्रभारी वीरेंद्र कुमार वर्मा ने अपने सहयोगी सत्यप्रकाश, ओम पाल गंगवार एवम पुष्पेन्द्र कुमार के माध्यम से किया।आने वाले समय में विद्यालय इस प्रयास को और भी विस्तृत रूप देने की योजना बना रहा है, ताकि हर बच्चा पर्यावरण रक्षक बन सके।

### गर्भवती महिलाओं की डीएम व एसपी ने की गोदभराई, बच्चों को कराया अन्नप्रासन्न



**बहराइच ।** तहसील नानपारा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों के निरीक्षण करते हुए डीएम मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने आईसीडीएस के स्टाल पर 04 गर्भवती महिलाओं रूबी, शीबा, महक व मीरा की गोद भराई की तथा दो बच्चों आदेश व सूर्या को अन्नप्रासन्न कराया।

### बीपीसीएल ने की नई शुरुआत, अब उपभोक्ताओं को घर बैठे मिलेंगे घरेलू समान




**गोण्डा।** भारत सरकार की तेल एवं गैस कि अग्रणी कम्पनी बपीसीएल ने उपभोक्ताओं के लि एक नई सेवा की शुरुआत की है जिससे कि अब उपभोक्ता ओं को घर बैठे होम डिलीवरी के माध्यम से नित्य उपयोग होने वाले घरेलू सामान मंगा सकते हैं।गों डा जिले में भारत पैट्रोलियम सबसे पहले जिले में स्थित मंगलम गैस एजेंसी के संचालक को या सुवि धा देने के लिए कहाँ गया है जिसकी शुरु आत एजें सी संचालक ने उपभोक्ताओं को यह सुविधा मुहैया कराने की शुरू कर दी है।गैस एजेंसी संचालक देवें द्र प्रताप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया है कि जैसे उपभोक्ताओं को घर बैठे एक फोन पर घरेलू गैस उपलब्ध हो रहा है ऐसे ही अब उपभोक्ताओं को घर बैठे ही घरेलू सामान एक फो न पर उप लब्ध होगा।

### कॉलेज छात्राओं ने प्रोफ़ेसर पर लगाया उत्पीड़न का आरोप, बनी जांच कमेटी

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जनपद के शिकोहाबाद नारायण महाविद्यालय में जंतु विज्ञान के प्रोफ़ेसर द्वारा छात्रों के साथ अच्छे नंबर दिलाने के नाम पर उत्पीड़न किए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित छात्राओं द्वारा मुख्यमंत्री, कुलपति और जिलाधिकारी की शिकायत पर महाविद्यालय प्राचार्य द्वारा कार्रवाई करते हुए? संबंधित मामले में जांच कमेटी गठित कर दी गई है।

शिकोहाबाद के नारायण महाविद्यालय शिक्षण संस्थान की एम एस सी जंतु विज्ञान की छात्राओं ने कॉलेज के ही प्रोफ़ेसर पर अच्छे नंबर दिलाए जाने का प्रलोभन देकर? उत्पीड़न किए जाने का आरोप लगाया है। पीड़ित छात्राओं द्वारा संबंधित मामले की शिकायत मुख्यमंत्री के अलावा आगरा विश्वविद्यालय के कुलपति, जिला अधिकारी और महाविद्यालय के प्राचार्य से भी की गई किंतु छात्राओं का आरोप है महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा मामले को गंभीरता से नही लेते हुए रफा दफा करने का प्रयास किया जा रहा है। महाविद्यालय के प्राचार्य बी के सिंह का कहना है कि संबंधित शिकायत के आधार पर चार सदस्यो की जांच कमेटी गठित कर दी गई है। जांच रिपोर्ट आने पर संबंधित प्रोफ़ेसर के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं मामला हाई लाइट होने पर संबंधित? प्रोफ़ेसर शनिवार को अचानक पांच दिन की छुट्टी पर चले गए हैं।

### प्रकृति के साथ सांमजस्य बैठाएं: कुलपति विमला

सहारनपुर। मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रोफ़ेसर डॉ. विमला वाई ने शनिवार को कहा कि मनुष्य को स्वयं को प्रकृति से ऊपर नहीं समझना चाहिए और न हीं उसके साथ छेड़छाड़ करनी चाहिए। मनुष्यों का दायित्व बनता है कि वह प्रकृति का आदर करें और उसके साथ सामंजस्य स्थापित करें। कुलपति वाई ने आज यह बात इस्लामिया डिग्री कॉलेज देवबंद में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में कहीं। उन्होंने कहा कि कोई तीन हजार वर्ष पहले जब इस पूरे क्षेत्र में प्रलय आई थी तो मनुष्य की परवरिश और भरण पोषण के लिए प्रकृति ने शाक-भाजी उपलब्ध कराई थी। उन्होंने शिक्षकों और छात्र दोनों से कहा कि जैसे मनुष्यों की पहचान और ख्याति उसके खानदान से होती है तो यही बात मां शाकुंभरी यूनिवर्सिटी से जुड़ी है। आपकी प्रतिष्ठा इसी यूनिवर्सिटी की सफलता और उपलब्धियां से जुड़ी है।

उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे प्रेम, सद्भाव, शांति के साथ रहे और आगे बढे। क्रोध एवं ईर्ष्या से न मनुष्य का हित होगा, न समाज और न देश का।

डॉ. वाई ने विभिन्न इंटर कॉलेजों के प्रधानाचार्यों और प्रतिष्ठित शिक्षकों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। डा. विमला ने प्रमुख सामाजिक शख्सियतों अशोक गुप्ता, सेठ कुलदीप कुमार छाबड़ा, सुरेंद्र सिंघल, वजाहत शाह कमल देवबंदी को भी सम्मानित किया।

# 120 लाख की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बड़हलगंज, गोखपुर। विकास की नई इबारत लिख रहे नगर पंचायत बड़हलगंज में विभिन्न वार्डों के 120 लाख रुपए के विकास परियोजनाओं का शिलान्यास विधायक राजेश त्रिपाठी व चेयरमैन प्रीति उमर द्वारा किया गया।

शनिवार को उपनगर के संत रविदास में आयोजित शिलान्यास-लोकार्पण कार्यक्रम में चिल्लूपार विधायक राजेश त्रिपाठी ने चेयरमैन प्रीति उमर व विभिन्न सभासदों के साथ लगभग 120 लाख की लागत से हनुमान नगर वॉर्ड के आरसीसी सड़क व नाला, अब्दुल कलाम नगर में आरसीसी सड़क व नाला, संत रविदास नगर में इंटरलॉकिंग सड़क व नाला तथा सत्यदेव शास्त्री नगर वॉर्ड में काली मंदिर प्रांगड़ में इंटरलॉकिंग सड़क, रंगाई पुताई तथा स्टील रेलिंग आदि कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान विधायक राजेश त्रिपाठी ने कहा कि चेयरमैन प्रीति उमर के नेतृत्व में बड़हलगंज नगर पंचायत ने जिस तरह विकास को गति दिया है, वह बहुत ही काबिले तारीफ है। उन्होंने चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी से बारिश से पूर्व सभी नाली व नालों की सफाई करने का भी निर्देश दिया। चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर ने बताया कि राज्य वित्त आयोग तथा सीवरेज व जल निकासी योजना अंतर्गत उक्त विकास के कार्यों को पूर्ण कराया जाएगा। चेयरमैन प्रीति उमर ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापन किया। इस दौरान ईओ राम समुख, सभासद जितेंद्र पासवान, दीपक गौंड, रवि साहनी, दीपक शर्मा, सूरज सोनकर, राकेश राय, ऋषि चंद, वीरेंद्र गुप्ता, सुनील यादव रामदास मद्धेशिया, सुदीप वर्मा, भाजपा जिला मंत्री स्वतंत्र सिंह, मंडल अध्यक्ष दुर्गेश मिश्रा, बृजेश वर्मा, राजकुमार निगम, विनय तिवारी, रमेश शाही, आचार्य वेद प्रकाश त्रिपाठी, संजय यादव, अष्टभुजा सिंह, कृष्णा गुप्ता, अनूप जायसवाल, अमरनाथ उमर, अमलेश कुमार, अरविंद सिंह, शैलेन्द्र सिंह, हरिकेश यादव, संजय मौर्य, राजू शर्मा, आकाश पटवा, छोटू उमर, रणधीर भारति, मोहन मद्धेशिया, प्रेम नारायण राय सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहें।

# पेंशनर ट्रेजरी में जमा करें जीवित प्रमाण पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण ने बताया कि ने बताया है कि पिछले तीन माह से पेंशनरों के जीवित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं करने के कारण पेंशन भुगतान करने में समस्या आ रही है। उन्होंने ऐसे पेंशनरों से अपील किया है कि जिन्होंने अभी तक जीवित प्रमाण-पत्र नहीं जमा किया है, वे शीघ्र ही अपना जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर दें। पदीय दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता पर डीएम के निर्देश पर निलम्बित हुए ग्राम पंचायत सचिवबहराइच । तहसील मिहींपुरवा (मोतीपुर) अन्तर्गत ग्राम कठौतिया के निवासियों द्वारा 23 अन्त्योदय कार्ड धारकों के नाम सूची से काटे जाने से सम्बन्धित शिकायती प्रार्थना-पत्र के सम्बन्ध में जिलाधिकारी मोनिका रानी के आदेश पर नायब तहसीलदार मिहींपुरवा, सहायक विकास अधिकारी (पं.) मिहींपुरवा व पूर्ति निरीक्षक मिहींपुरवा की संयुक्त टीम द्वारा की गई जांच में 23 कार्डधारकों में 10 कार्डधारक पात्र व 13 कार्डधारक अपात्र पाये गये। जिससे स्पष्ट है कि ग्राम सभा की खुली बैठक में अन्त्योदय कार्डधारकों का प्रस्ताव नियमानुसार नहीं कराया गया था।उक्त के दृष्टिगत तत्समय ग्राम कठौतिया में तैनात ग्राम पंचायत सचिव दयानन्द को अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता, लापरवाही, उदासीनता बरतने के कारण प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने पर डीएम मोनिका रानी के निर्देश पर जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया है तथा अनुशासनिक कार्यवाही संस्थगित करते हुए सहायक विकास अधिकारी (पं.) फखरपुर-बहराइच को जांच अधिकारी नामित किया गया है।

# भाकियू के आंदोलन की चेतावनी बीडीओ को पड़ गई भारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पूरनपुर। खंड विकास कार्यालय में बीडीओ के पद पर तैनात शिरीष कुमार ने जब से पद ग्रहण किया है। तब से ही उनके बेरुखी अड़ियल रवैये से कई लोग नाराज रहते थे। साथ ही जनप्रतिनिधियों से भी तालमेल बैठाने में नाकामयाब साबित हुए। उत्तर प्रदेश शासन में खंड विकास अधिकारी की शिकायत लगातार पहुंच रही थी।उत्तर प्रदेश की योगी सरकार सरकार लगातार अधिकारियों से जनता के प्रति मृदुल व्यवहार रखने और कार्यालय में आने वाले प्रत्येक फरियादी से अच्छी तरह से उनकी समस्याओ को सुनना और उनका समाधान करने के दिशा निर्देश समय-समय पर देती रहती है। लेकिन खंड विकास अधिकारी योगी सरकार के इन दिशा निर्देशों का पालन नहीं कर रहे थे।खंड विकास अधिकारी शिरीष कुमार पर किसान नेताओं ने भ्रष्टाचार सहित कई आरोप लगाते हुए उप जिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह से शिकायत की थी।साथ ही भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक ने बीडीओ पर भ्रष्टाचार व जनता से अभद्र भाषा का प्रयोग करने से सहित कई आरोप लगाकर विरोध प्रदर्शन कर हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था। बीडीओ के न हटाने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी थी। बीसलपुर से पूरनपुर आए बीडीओ। तैनाती के बाद से ही आरोप लगने लगे थे। और इनकी तैनाती के बाद से इनका व्यवहार जनता,कुछ प्रधानो सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और मीडियाकर्मियों की प्रति अच्छा नहीं था। विवादों में आने के बाद भाकियू ने बीडीओ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया और न हटाने पर आंदोलन की चेतावनी दी थी। तैनाती के बाद से विवादों में रहे बीडीओ शिरीष कुमार का यूपी शासन में तैनात अनुसचिव एवं संयुक्त सचिव ने ट्रांसफर कर ग्राम विकास अनुभाग लखनऊ मुख्यालय पर अटैच किया गया है। जब कि आदेश में तात्कालिक प्रभाव से लखनऊ में जुआइन करने का आदेश किया गया और एक मई को आदेश होने के बाद भी खंड विकास अधिकारी अभी भी कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं है। ट्रांसफर के बाद भी ब्लॉक परिसर में जमें है। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**तत्काल प्रभाव से लखनऊ कार्यालय में किया अटैच**

**खंड विकास अधिकारी शिरीष कुमार की कार्य प्रणाली से नाराज थे ग्राम प्रधान मीडिया कर्मी सहित अन्य जनप्रतिनिधि**

**ट्रांसफर होने के बाद भी खंड विकास अधिकारी का नहीं छूट रहा है पूरनपुर ब्लॉक की कुर्सी का मोह जल्द ही इसकी भी होगी शासन स्तर पर शिकायत**

# रक्तदान शिविर में पहुंचे ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने किया रक्तदान

**युवाओं को रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए : ब्लॉक प्रमुख मानसी अपूर्व सिंह**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी द्वारा रोटरी क्लब पूरनपुर रॉयल्स एवं भारत विकास परिषद बांसुरी शाखा इनर व्हील क्लब पूरनपुर पर्ल्स के सहयोग से संयुक्त रूप से एक रक्तदान शिविर का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर में किया गया हैं।जिसका शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह उर्फ निर्विकार सिंह एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी मनीष राज शर्मा ने किया रक्तदान शिविर में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अपूर्व सिंह ने रक्तदान करके शिविर का शुभारंभ किया रोटरी रॉयल्स के अध्यक्ष सोनू छीना ने भी रक्तदान किया है। राष्ट्रीय बजरंग दल एवं गौ सेवा प्रमुख शिवम भदोरिया और उनकी टीम का भी योगदान रहा हैं।कार्यक्रम में पूरनपुर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने पहुंच कर रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन किया और संस्थाओं के द्वारा किए जा रहे हैं। कार्य की सराहना की रक्तदान



शिविर सुमन चैरिटेबल ब्लड बैंक पीलीभीत के सहयोग से आयोजित किया गया हैं। संस्थाओं के द्वारा विगत कई वर्षों से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता रहा है। जिसके माध्यम से समय-समय पर जरूरतमंद लोगों को निशुल्क रक्त उपलब्ध करवाया जाता है। कार्यक्रम में संस्था के जिला अवैतनिक सचिव कौशलेंद्र भदौरिया,सोनू छीना , प्रशांत सक्सेना, आकाश खंडेलवाल, गौरव पांडे,रवि वर्मा, अनुभव गुप्ता, शेखर सिंह, अनंत गुप्ता ,श्वेता गुप्ता, पूनम अग्रवाल,सोनिया चौहान, नीता अग्रवाल, सुमन चैरिटेबल ब्लड बैंक से डॉक्टर महावीर सिंह,मो याशीर आदि लोग मौजूद रहे आए हुए सभी अतिथियों का रेड क्रॉस सोसाइटी के जिला अवैतनिक सचिव कौशलेंद्र भदौरिया ने आभार व्यक्त किया एवं सभी रक्तदाताओं को संस्थाओं की तरफ से प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया हैं।

## अमेठी में लव जिहाद की घटना से फैली सनसनी

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रामगंज क्षेत्र के एक गांव में लव जिहाद का एक सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है।एक बाइस वर्षीय युवती को बहला फुसलाकर चौबीस अप्रैल को दूसरे समुदाय के लोग हिन्दू युवती को लेकर फरार हो गये हैं। उक्त युवती की आगामी छह मई को शादी होनी थी। युवती के पिता स्थानीय थाने पर पहुंचकर गांव के ही चार नामजद युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।थाना क्षेत्र के एक गांव के एक युवक ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि मेरी बाइस वर्षीय पुत्री की शादी आगामी छह मई को होनी थी लेकिन बीती चौबीस अप्रैल की सुबह लगभग दस बजे सामान लेने के लिये बाजार निकली थी जो शाम तक घर वापस नही पहुंची तो घर के लोगो ने उसके मोबाइल पर फोन किया तो नम्बर स्विच आफ था। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन की गई लेकिन कोई सुराग नही लग सका तो स्थानीय थाने में सत्ताइस अप्रैल को गुमसुदगी की रिपोर्ट लिखवायी गई लेकिन अभी तक उसका पता नही लग सका।इसी बीच युवती के परिजनों को जानकारी मिली की गांव के ही मोहम्मद सहजाद, अरमान, सलमान,इमरान पुत्रगण मोहम्मद नजीर निवासी उपरोक्त के लड़के व उनके अन्य साथी युवती से बाहर बराबर मिला करते थे। युवती के पिता ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि उसे जानकारी मिली कि उपरोक्त लोगो के द्वारा मेरी बेटी का पासपोर्ट बनवाये है और मुझे पुरा भरोसा है कि मेरी लड़की का अपहरण कर गायब कर दिया गया है और उसका धर्म परिवर्तन कर गलत काम करेंगे।पुलिस ने मामले को गम्भीरता से लेते हुये आनन फानन में चार नामजद आरोपियों पर केस दर्जकर लिया है।तहसील अमेठी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पीड़ित परिवार के साथ बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी से मिलकर मामले में युवती को शीघ्र बरामद करने के साथ ही आरोपियों पर कठोर कार्यवाही करने की मांग की है। इस लव जिहाद के मामले पर स्थानीय पुलिस अपनी जुबान खोलने को तैयार नही है जबकि क्षेत्रीय नागरिकों में आक्रोश व्याप्त है।

## जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में तहसील अमरिया का सम्पूर्ण समाधान दिवस हुआ सम्पन्न

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव की अध्यक्षता में तहसील अमरिया का सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 11 शिकायती प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुये।शिकायतों के सम्बन्ध में संज्ञान लेते हुए जिलाधिरकारी ने कहा कि अधिकारी अपनी-अपनी विभागीय शिकायतों का गुणवत्ता परकढंग से निस्तारण करें,अधिकारी स्वयं शिकायतकर्ता की शिकायतों के निस्तारण हेतु मौका मुआइना अवश्य करें और शिकायतकर्ता सहित दोनों पक्षों को बुलाकर शिकायतों का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कार्यालय से जन सुनवाई की शिकायतों की गुणवत्ता की जांच की जा रही है। सभी अधिकारी दोनों पक्षों को बुलाकर गुणवत्तापूर्ण शिकायतों का निस्तारण करायें तथा निस्तारण आख्या पोर्टल पर अपलोड करें,जिससे कि शिकायतकर्ता द्वारा दोबारा शिकायत न की जा सके। राजस्व सम्बन्धी मामलों में जहां पर पुलिस प्रशासन की आवश्यकता हो तो वहां पुलिस को साथ लेकर मौके पर निस्तारण कराया जाये। जिलाधिकारी द्वारा समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि जनसुनवाई, आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को गुणवत्तापरक ढंग से निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाये।तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में मुख्य चिकित्साधिकारी, मयंक गोस्वामी उप जिलाधिकारी अमरिया,अधिशासी अभियन्ता सिंचाई, अधिशासी अभियन्ता लो0नि0वि0, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी,जिला पूर्ति अधिकारी व तहसीलदार अमरिया,खण्ड विकास अधिकारी,थानाध्यक्ष सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे है।

## सबलपुर खास गांव में नाली के विवाद में घर में घुसकर दंपति की पिटाई, मामले में पुलिस से की शिकायत

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव सबलपुर खास की रहने वाली मीरा देवी पत्नी राम कृपाल कश्यप ने शनिवार एक बजे बताया कि उसके दरवाजे पर कच्ची नाली है। पड़ोसी के घर का पानी भी इसी नाली में आता है। आरोप है कि उक्त लोग इसको लेकर गालीगलौज करते हैं। विरोध करने पर उक्त लोगों ने घर में घुसकर दंपति के साथ मारपीट की और पुलिस से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। दंपति ने मामले में कोतवाली पहुचकर पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

## चाइल्ड हेल्पलाइन टीम ने दो बालिकाओं को बालिका वधू बनने से रोका

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली सदर थाना क्षेत्र में चाइल्ड हेल्पलाइन, जिला बाल संरक्षण इकाई, वन स्टाफ सेंटर एवं थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग द्वारा थाना कोतवाली पुलिस के सहयोग से एक बालिका को बालिका वधू बनने से रोक दिया गया।आपको बताते चलें कि एक व्यक्ति ने चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर सूचना प्राप्त हुई, कि कोतवाली सदर थाना क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति अपनी लगभग 17 वर्षीय बालिका का बाल विवाह संपन्न कराने जा रही है।बाल विवाह विभाग जनपद बरेली में दिनांक 06 मई को होना प्रस्तावित था। सूचना प्राप्त होते ही जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता के निर्देश पर संरक्षण अधिकारी मीनाक्षी पाठक एवं चाइल्ड हेल्पलाइन परियोजना समन्वयक निर्वान सिंह, थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग उपनिरीक्षक रामा कांति एवं थाना कोतवाली सदर पुलिस द्वारा तत्परता दिखाते हुए जांच हेतु मौके पर पहुंच गई, बाल विवाह की सूचना सही पाई गई, टीम द्वारा बालिका की आयु के संबंध में दस्तावेज देखने पर बालिका नाबालिक पाई गई, दूसरा मामला थाना बीसलपुर क्षेत्र के एक गांव का था, जिसमें टीम द्वारा जांच बाल विवाह रुकवाया दिया गया। बाल विवाह 05 जून को होना प्रस्तावित था। टीम द्वारा दोनों बालिकाओं के परिजनों को फटकार लगाते हुए, हिदायत देते हुए कहा कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत किसी भी 18 वर्ष से काम की बालिका का विवाह करना दंडनीय अपराध है।अगर बालिका की आयु 18 वर्ष पूर्ण होने से पहले विवाह किया गया, विवाह करने वाले, सहयोग करने, पंडित, हलवाई, टेंट वाले, बैड वालो एवं बाल विवाह में सम्मिलित मेहमानों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वाल विवाह के दोषी पाए जाने वाले व्यक्तियों को एक लाख का जुर्माना एवं दो साल की सजा का प्रावधान है, जांच टीम द्वारा बालिका की विवाह संबंधी की जारी रस्मों को रोके जाने की सख्त हिदायत दी। दोनों बाल विवाह को चाइल्ड हेल्पलाइन से तत्परता दिखाते हुए रोक दिया गया, चाइल्ड हेल्पलाइन टीम दोनों बालिकाओं को बाल कल्याण समिति के समक्ष सोमवार को प्रस्तुत करेंगी।

# तहसील अमेठी के सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनी जनसमस्याएं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से आज जनपद की चारों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में तहसील अमेठी में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी ने शिकायतकर्ताओं की समस्या सुनकर मौके पर अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शिकायतें लंबित न रखी जाये शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस विभाग के सम्बंधित शिकायतों को पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने सुना एवं संबंधित थानाध्यक्षों को निस्तारण के निर्देश दिया।तहसील अमेठी में कुल बयालीस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें दो का मौके पर निस्तारण कराया गया। तहसील तिलोई में सत्ताइस शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से तीन का निस्तारण किया गया।तहसील गौरीगंज में चालीस शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें दो का



निस्तारण किया गया तथा तहसील मुसाफिरखाना में अठाइस शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से एक शिकायत का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस और राजस्व की संयुक्त टीमें मौके पर भेजी गई।सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने समस्त जनपदीय अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने-अपने कार्यालय में प्रातः दस बजे से बारह बजे तक जन समस्याओं को सुने तथा उनका प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## किसान नेताओ ने उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर। कलीनगर उप जिलाधिकारी महिपाल सिंह को भारतीय किसान अराजनैतिक के जिला उपाध्यक्ष अरविंद यादव ने तहसील के ग्राम सिमरा तालुके महाराजपुर में ग्राम समाज की भूमि पर गांव के ही कुछ दबंग किस्म के लोगों ने अवैध रूप से टीन सेट डालकर कब्जे की नीयत से भूसा भर रहे हैं। साथ ही पूर्व में तैनात रहे उप जिला अधिकारी ने भी मना किया था। कि ग्राम समाज की भूमि पर कोई भी ग्रामवासी अवैध कब्जा नहीं करेगा। क्योंकि ज्यादातर ग्रामवासी उक्त जगह के निर्माण के विरोध में हैं।लेकिन कुछ लोग मौका मिलते ही उक्त मुक्त भूमि पर अवैध कब्जा करने का भरपूर प्रयास कर रहे हैं।किसान नेता ने मामले को गंभीरता पूर्वक लेते हुए उप जिलाधिकारी से अवैध कब्जा हटाने का व अवैध कब्जा करने वाले लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की है। अगर इस मामले में प्रभारी कार्रवाई नहीं हुई तो भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक किसी भी समय कलीनगर तहसील में आंदोलन करने को बाध्य होगी जिसकी जिम्मेदारी कलीनगर तहसील प्रशासन की होगी ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से अरविंद जिला उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक,समीम अली, गोलू यादव,मुन्ना सहित कई लोगों के ज्ञापन में हस्ताक्षर हैं।

# दहेज़ में नहीं मिली कार तो बिन दुल्हन लौटी बारात, मुकदमा दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**साढ़े पांच लाख, 51 हजार नकद मिलने के बाद भी शादी से मुकरा दहेजलोभी दूल्हा**

सुलतानपुर। दहे.ज लोभियों के हठ ने एक और सुहागन की उम्मीदों का गला घोंट दिया। दहे.ज में साढ़े पांच लाख नकद लेने के बाद भी कार नहीं मिली तों दूल्हा बारात लेकर वापस चला गया। मामला धम्मौर थाने के एक गांव का है। वधु पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने वर पक्ष के कई लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामला एक गांव निवासी कुमार मिश्रा ने अपनी बेटी की शादी मटेरा घनियापुर अमेठी निवासी सचिन मिश्रा पुत्र प्रेम कुमार से की थी। सचिन मिश्रा गौरीगंज स्थित एक विद्यालय में लिपिक के पद पर कार्यरत है। कुमार मिश्रा ने 5 लाख नगद वह 51 हजार रुपये बरीक्षा के रूप में नगद दिया था। तय कार्यक्रम के अनुसार 30 अप्रैल की शाम करीब 7 बजे बारात एक गांव पहुंची। जहां बारातियों की खूब आव भगत की गई। द्वार पूजा के बाद डाल पूजा की रस्म अदायगी के वक्त लड़की के लिए वर पक्ष द्वारा कोई गहना वगैरह नहीं लाने पर घर वालों ने पूछताछ की तो दूल्हे के परिवार जन भड़क गए। मांग करने लगे कि जब तक उन्हें चार पहिया गाड़ी व लड़की का पूरा गहना वधू पक्ष की तरफ से नहीं दिया जाता विवाह नहीं होगा। वही कुमार मिश्रा ने बताया की बातचीत हो ही रही थी की दूल्हे के एक रिश्तेदार मनोज मिश्र ने कहा की बन्दूक लाओ और सभी को गोली मार दो, इससे घराती डर गये। इसके बाद बाराती सभी बिना शादी किये ही लौट गए। अगले दिन मामले की लिखित जानकारी थाने पर दी गयी। वहां पहुंची लड़के की मां मीरा देवी भी धमकी देने लगी। इस बावत धम्मौर थाना प्रभारी अंजू मिश्रा ने बताया की सचिन, मीरा, मनोज, अभय व सचिन के मामा समेत कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच पड़ताल कर रही है।

# अपर जिलाधिकारी ने भारत-नेपाल अन्तर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा व्यवस्था का नाव पर बैठकर लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक विक्रम दहिया और अपर जिलाधिकारी ऋतु पूनिया द्वारा कानून एवं शान्ति व्यवस्था के दृष्टिगत शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना माधोटांडा क्षेत्रान्तर्गत मालाघाट, रमनगरा एवं भारत-नेपाल अंतराष्ट्रीय सीमा पर प्रशानिक अधिकारियों,सशस्त्र सीमा बल व जनपदीय पुलिस के साथ पैदल गश्त की गई एवं स्थानीय लोगों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुन निराकरण के सम्बन्धित को निर्देश दिए गए। बार्डर एरिया पर स्थित पौन एकड़ घाट के आसपास नाव के माध्यम से दूरगामी क्षेत्रों का जायजा लिया



गया तत्पश्चात रमनगरा स्थित एसएसबी कैम्प पर चरनदीप सिंह गिल व जमीर असिस्टेंट कमान्डेंट 49 वीं बटालियन एसएसबी के साथ विभिन्न सुरक्षात्मक पहलुओं पर गहनता से चर्चा की गई। सशस्त्र सीमा बल व जनपदीय पुलिस को आपसी समन्वय बनाए रखते हुए प्रभावी गश्त और निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान एडीएम ऋतु पूनिया, महिपाल सिंह एसडीएम कलीनगर, अशोक पाल प्रभारी निरीक्षक थाना माधोटांडा उपस्थित रहें हैं।

# पीएम का जातीय जनगणना का फैसला अभूतपूर्व : सुशील त्रिपाठी

## जातीय जनगणना का निर्णय कंग्रेस-सपा की राजनीति का पूर्ण विराम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। भाजपा कार्यकर्ताओं ने शनिवार को तिकोनिया पार्क में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा जातीय जनगणना कराए जाने के साहसिक निर्णय पर ढोल नगाड़ा, आतिशबाजी व एक-दुसरे को मिष्ठान खिलाकर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के फैसले का स्वागत करते हुए उनका धन्यवाद व आभार प्रकट किया। तिकोनिया पार्क में बड़ी संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने प्लेकार्ड लेकर पीएम मोदी ज़िंदाबाद, भारत माता की जय के नारे लगाए। भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने मोदी सरकार के जातीय जनगणना के फैसले को अभूतपूर्व बताया। कहा हिंदू और मुस्लिम दोनों की जातीय जनगणना भारत की राजनीति में नया इतिहास लिखेंगी। इस निर्णय से वंचितों पिछड़ों, अति पिछड़ों और पसमांदा मुस्लिमों को उनका हक मिलेगा। हर वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ेंगा। जातीय जनगणना के फैसले से कंग्रेस और सपा सहित इंडी गठबंधन की राजनीति का पूर्ण विराम हो गया है।उन्होंने




कहा इसके पहले 1931 में जातीय जनगणना हुई थी।94 वर्ष के लम्बे अन्तराल में अधिकांश समय कंग्रेस व विपक्षी दलों की सरकारें रही। लेकिन किसी ने जातीय जनगणना नही कराई। आज राहुल गांधी, अखिलेश यादव जैसे नेता पीएम के फैसले पर श्रेय लेने की होड़ में लग गए हैं। देश में गांधी परिवार के तीन पीएम बने जिनमें नेहरू, इन्दिरा गांधी और राजीव गांधी की सोच आरक्षण, दलितों व ओबीसी समाज की विरोधी रही। पिछड़ा वर्ग आयोग के जिलाध्यक्ष डॉ राम जी गुप्ता ने केन्द्र सरकार के फैसले की सराहना की। कहा मोदी सरकार ने ही ओबीसी आयोग को संवैधानिक द.र्जा दिया। एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा जातीय जनगणना समता और न्याय की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। मीडिया इंचार्ज विजय रघुवंशी ने कहां भाजपा हमेशा जातीय जनगणना के पक्ष में रही है। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ सीताशरण त्रिपाठी, पूर्व विधायक अर्जुन सिंह, करुणा शंकर द्विवेदी, जगजीत सिंह छंगू, ओम प्रकाश पाण्डेय बजरंगी, कृपा शंकर मिश्रा, विजय सिंह रघुवंशी, गांधी सिंह, शशीकांत पाण्डे, बबिता तिवारी, डॉ प्रीति प्रकाश आदि मौजूद रहे।

## जेईई मेन्स के सफल स्टूडेंट्स औन मोहम्मद का किया सम्मान

बंधुआकलां/सुल्तानपुर। बंधुआकलां क्षेत्र के मनियारपुर गांव निवासी औन मोहम्मद को शियाने हैदरे कर्रार वेलफ़ेयर एसोसिएशन ने उनके आवास मनियारपुर में औन मोहम्मद को मिठाई खिलाकर एवं शील्ड दे कर सम्मानित किया गया। सदर तहसील के अंतर्गत आने वाले मनियारपुर गांव के होनहार छात्र औन मोहम्मद पुत्र इक़बाल आलम ने जेईई मेन्स परीक्षा 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 97.89 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता ने न केवल परिवार का नाम रोशन किया बल्कि सुल्तानपुर जनपद का गौरव भी बढ़ाया है। प्रतिभा की मिसाल बना औन मोहम्मद की इस सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि मेहनत, लगन और सही मार्गदर्शन से किसी भी मुकाम को हासिल किया जा सकता है। शियाने हैदरे कर्रार वेलफ़ेयर एसोसिएशन ने औन मोहम्मद को मुबारकबाद दी और उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अलमदार हुसैन, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ मोहतशम र.ज़ा, जिलाध्यक्ष दिलशाद हुसैन, युवा प्रदेश अध्यक्ष फ.ज़ल रि.ज़वी, रौनक .ज़ैदी, जाकिर हुसैन,आलम, इकबाल हुसैन, हाशिम आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## जातिगत जनगणना: आगे की राह?

केन्द्र सरकार ने आखिरकार जातिगत जनगणना कराना स्वीकार कर लिया है। बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में नरेन्द्र मोदी सरकार ने ऐलान किया कि जनगणना के जरिये सरकार लोगों की जातिवार संख्या भी जुटायेगी। हालांकि इसकी घोषणा करते हुए कैबिनेट ने यह नहीं बताया कि यह काम कब शुरू होगा। विपक्ष, विशेषकर कांग्रेस ने यह मांग पिछले लगभग दो वर्षों से जोर-शोर से उठाई हुई थी जिसमें उसके नेतृत्व में बने इंडिया गठबन्धन ने भी अपना स्वर मिलाया है। इस मांग के कारण लगभग हाशिये पर जा चुकी कांग्रेस को भारतीय राजनीति में बड़े पैमाने पर लौटने का मौका मिला था। संविधान की रक्षा का जो नारा कांग्रेस समेत उसके सहयोगी प्रतिपक्षी दलों ने दिया था, उसने 2024 के लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी के संख्या बल को 2019 के मुकाबले काफी घटाया था। 2024 के प्रारम्भ में हुई राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की थीम भी जातिगत जनगणना की मांग को तर्कसंगत व जरूरी बताती थी। इस मांग को राहुल ने सड़कों पर बड़े पैमाने पर उठाया था। उन्होंने बार-बार यह बात कही थी कि देश में दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों, आदिवासियों आदि की संख्या सर्वाधिक है परन्तु संसाधनों एवं अवसरों में उनकी हिस्सेदारी बहुत कम है। यह एक तरह से कांशीराम की उठाई वह मांग है जिसमें वे कहते थे कि श्जिसकी जितनी संख्या भारी उसकी उतनी हिस्सेदारी।श कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करते राहुल को इस मांग को उठाते हुए कोई उजर नहीं था कि यह बहुजन नेता की बात की ही प्रतिध्वनि है जिसकी वारिस मायावती इस मामले पर चुप्पी साधे हुई हैं। वे लोगों को अपने भाषणों में बतलाते रहे हैं कि केन्द्रीय सचिवालय में केवल 5 ही सचिव स्तर के ऐसे अधिकारी हैं जो ओबीसी हैं। राहुल यह भी बतलाते रहे कि बजट के पांच प्रतिशत पर ही इनका नियंत्रण है। इसलिये ओबीसी, दलितों आदि के साथ न्याय नहीं होता। उनके द्वारा संसद में भी यह मुद्दा जोरदार ढंग से उठाया गया जिसे इंडिया के सहयोगियों, विशेष रूप से समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय जनता दल का जबर्दस्त साथ मिला। राहुल ने वर्तमान लोकसभा के प्रारम्भिक सत्रों में चेताया था कि विपक्ष सरकार से जाति आधारित जनगणना करा कर रहेगा। राहुल का कहना था कि श्भाजपा सरकार इस मांग को पूरा नहीं करेगी तो इंडिया सरकार करेगी। भाजपा की पूरी राजनीति ही इसके विपरीत है- सवर्णों को बल देने वाली। इसे लेकर राहुल का न केवल मजाक उड़ाया गया वरन उन्हें अपमानित भी किया गया था। पूर्व मंत्री अनुराग ठाकुर ने उन पर तंज कसा था कि, जिन्हें अपनी जाति का पता नहीं वे जातिगत जनगणना की मांग कर रहे हैं।श भाजपा तथा उसके सहयोगी एनडीए के सांसदों ने इसका भरपूर लुत्फ उठाया थाय परन्तु अब सरकार के इस एकतरफा निर्णय से वे हैरान हैं क्योंकि वे नहीं जानते कि जनता को इस बात का क्या जवाब दें कि आखिर उनकी पार्टी की सरकार ने यह फैसला क्योंकर लिया जो अब तक इसकी विरोधी थी। फैसले की हां में हां मिलाने के अलावा जिन पार्टी सदस्यों, समर्थकों, नेताओं, विधायकों व सांसदों के पास और कोई चारा नहीं है वे यह कहकर इसे मोदी का मास्टरस्ट्रोक साबित करने पर तुले हैं कि इस फैसले ने राहुल, अखिलेश यादव और तेजस्वी यादव के हाथ से बड़ा मुद्दा छीन लिया है। इस निर्णय के परिप्रेक्ष्य में कुछ सवाल सामने आ रहे हैं। पहला यह कि नीतिगत विरोध के बावजूद भाजपा की क्या मजबूरी रही कि उसे यह फैसला लेना पड़ा? कुछ का कहना है कि पहलगाम के मुद्दे से ध्यान भटकाने के लिये भाजपा ने यह कदम उठाया है ताकि कश्मीर के मुद्दे पर उसकी विफलता ढंक जाये। यह भी कहा जाता है कि सरकार दुनिया को संदेश देना चाहती है कि आतंकी हमले के बावजूद सरकार देश के अंदरूनी मसलों पर ध्यान बनाये हुए है। यानी देश का एक निर्भीक व अविचलित चेहरा वह दुनिया को दिखाना चाहती है। इस बड़े फैसले से दुनिया महसूस करे कि पहलगाम की घटना के बावजूद न घबराहट है, न बदहवासी- चाहे युद्ध की आशंका बन चुकी हो। यह भी माना जाता है कि बिहार में भाजपा इस मुद्दे को आगे बढ़ायेगी। वह केवल कांग्रेस तथा उसके साथी राजद व सीपीएम (माले) से ही नहीं, अपने सहयोगी नीतीश कुमार (जनता दल यूनाइटेड) से भी यह मुद्दा छीनना चाहती है। उस राज्य में खुद के बूते सरकार बनाने पर भाजपा आमादा है जहां इसी साल सितम्बर के बाद चुनाव होंगे।

# ऐतिहासिक निर्णय है जातिगत जनगणना

**कांग्रेस ने जातिगत जनगणना को एक राजनतिक हथियार के रूप में उपयोग करके 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के मिशन 400 को पूरा होने से रोक दिया यद्यपि उसके बाद हरियाणा, दिल्ली और महाराष्ट्र में भाजपा के नए नारों ल्लएक रहेंगे नेक रहेंगेल्ल और ल्लबटेंगे तो कटेंगेल्ल ने परिस्थितियाँ पूरी तरह बदल दीं। वर्तमान में भारत -पाक के मध्य चल रहे तनाव के समय सरकार द्वारा लिया गया जातिगत जनगणना का निर्णय विपक्ष के लिए तनाव पैदा करने है भले ही इस समय वो इस फैसले को अपनी जीत मानकर जश्न मना रहा है। वास्तविकता यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सहयोगियों व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ मिलकर विरोधी दलों के खतरनाक राजनीतिक एजेंडे पर पॉलटिकिल सर्जिकल स्ट्राइक कर दी है और एक बड़ा मुद्दा उनके हाथों से छीन लिया है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सदन और सदन के बाहर हमेशा यही कहते थे कि जब भी हमें मौका मिलेगा हम संसद से जातिगत जनगणना का प्रस्ताव पारित करवाकर रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी जी ने उनके इस कथन का पटाक्षेप कर दिया है और यह भी स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस जातिगत जनगणना पर केवल राजनीति ही करती रही है। वर्ष 1931 में जब देश में अंग्रेजों की सरकार थी तब जातिगत जनगणना हुई थी, स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में अधिकांश समय कांग्रेस की सरकारें ही रहीं किंतु कांग्रेस ने कभी भी जातिगत जनगणना करवाने का साहस नहीं किया अपितु पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह सरकार के गृहमंत्री पी चिदम्बरम तक ने सदन में खड़े होकर 16 बिन्दुओं को आधार मानकर जातिगत जनगणना का कड़ा विरोध किया था और इसे देशहित के खिलाफ बताया था। यह एक कटु सत्य है किआज जिस कांग्रेस के नेता राहुल गाँधी जातिगत जनगणना के नाम पर देश को अराजकता की आग में झोकने का प्रयास कर रहे हैं उस कांग्रेस ने जातिगत जनगणना का हमेशा विरोध किया और इसे लागू नहीं होने दिया।**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछकर किये गये हिन्दू नरसंहार के बाद जनमानस में उपजे आक्रोष और पाकिस्तान पर कार्यवाही की प्रतीक्षा कर रहा आम जनमानस तथा राजनैतिक दल उस समय हैरान रह गए जब केंद्र सरकार ने जातिगत जनगणना कराने का बड़ा निर्णय सुनाया। केंद्र सरकार का यह निर्णय आते ही देश का राजनैतिक विमर्श जातिगत जनगणना पर केनद्रित हो गया। आमजन यद्यपि यह सोच रहा है कि इस समय जब हम आतंकवादियों के शवों की प्रतीक्षा कर रहे हैं उस समय प्रधानमंत्री जी को ये क्या सूझ पड़ी, किन्तु आश्वस्त है कि प्रधानमंत्री जी ने ऐसा किया है तो अवश्य इसके पीछे कुछ रणनीति होगी। उधर कांग्रेस के नेतृत्व में इंडी गठबंधन इसे अपनी विजय बताकर प्रसन्नता व्यक्त कर रहा है। कांग्रेस तो इतनी आतुर हो गई कि उसने सोशल मीडिया पर, ल्लसरकार उनकी, सिस्टम हमाराङ्क कैप्शन के साथ राहुल का प्रचार आरम्भ कर दिया, फिर उनको याद दिलाना पड़ा कि ये फिल्म में एक खलनायिका द्वारा कहे गए शब्द हैं जो आतंकवादियों के साथ है। पहलगाम आतंकी हमले के पश्चात प्रधानमंत्री जी ने कदा रुख अपनाया है और कहा है, हम आतंकवादियों तथा उनके पीछे छुपे लोगों का धरती के अंत तक पीछा करेंगे और सजा देंगे। प्रधानमंत्री ने इस बार पाकिस्तान को कल्पना से अधिक दंड मिलने की बात भी कही है। संभव है, इस प्रक्रिया में समय लगे और लम्बे समय तक युद्ध की परिस्थितियां बनी रहें। उस समय में विपक्ष अपना राजनैतिक अस्तित्व बचाए रखने के लिए क्या ऽ क्या कर सकता है? स्वाभाविक रूप से जाती जनगणना जैसे मुद्दों को हवा देगा। भारत की अवश्यम्भावी विजय के उपरांत विपक्ष के पास क्या मुद्दा होगा? स्वाभाविक है वो पुनः अत्यंत आक्रामक रूप से जातिगत जनगणना के मुद्दे को उठाएगा यही कारण है कि केंद्र सरकार ने पहले ही जातिगत जनगणना का निर्णय लेकर उन वर्गों की चिंताओं को दूर कर दिया है जो मानती है कि जातिगत जनगणना उनके पक्ष में होगी और जिनको विश्वास में लेकर राहुल गाँधी तथा उनके मित्र देश और समाज का वातावरण बिगाड़ सकते हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सामाजिक समरसता के विचारों को आत्मसात करते हुए तथा संघ को अपने निर्णय में साथ लेकर केंद्र सरकार ने यह निर्णय लिया है। कांग्रेस ने जातिगत जनगणना को एक राजनतिक हथियार के रूप में उपयोग करके 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के मिशन 400 को पूरा होने से रोक दिया यद्यपि उसके बाद हरियाणा, दिल्ली और महाराष्ट्र में भाजपा के नए नारों ल्लएक रहेंगे नेक रहेंगेल्ल और ल्लबटेंगे तो कटेंगेल्ल ने परिस्थितियाँ पूरी तरह बदल दीं। वर्तमान में भारत -पाक के मध्य चल रहे तनाव के समय सरकार द्वारा लिया गया जातिगत जनगणना का निर्णय विपक्ष के लिए तनाव पैदा करने है भले ही इस समय वो इस फैसले को अपनी जीत मानकर जश्न मना रहा है। वास्तविकता यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सहयोगियों व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के साथ मिलकर विरोधी दलों के खतरनाक राजनीतिक एजेंडे पर पॉलटिकिल सर्जिकल स्ट्राइक कर दी है और एक बड़ा मुद्दा उनके हाथों से छीन लिया है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सदन और सदन के बाहर हमेशा यही कहते थे कि जब भी हमें मौका मिलेगा हम संसद से जातिगत जनगणना का प्रस्ताव पारित करवाकर रहेंगे। प्रधानमंत्री मोदी जी ने उनके इस कथन का पटाक्षेप कर दिया है और यह भी स्पष्ट कर दिया है कि कांग्रेस जातिगत जनगणना पर केवल राजनीति ही करती रही है। वर्ष 1931 में जब देश में अंग्रेजों की सरकार थी तब जातिगत जनगणना हुई थी, स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में अधिकांश समय कांग्रेस की सरकारें ही रहीं किंतु कांग्रेस ने कभी भी जातिगत जनगणना करवाने का साहस नहीं किया अपितु पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह सरकार के गृहमंत्री पी चिदम्बरम तक ने सदन मे खड़े होकर 16 बिन्दुओं को आधार मानकर जातिगत जनगणना का कड़ा विरोध किया था और इसे देशहित के खिलाफ बताया था। यह एक कटु सत्य है किआज जिस कांग्रेस के नेता राहुल गाँधी जातिगत जनगणना के नाम पर देश को अराजकता की आग में झोकने का प्रयास कर रहे हैं उस कांग्रेस ने जातिगत जनगणना का हमेशा विरोध किया और इसे लागू नहीं होने दिया। पत्रकार वार्ता में जातिगत जनगणना के निर्णय की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि जातिगत जनगणना कराना समता, समरसता, सुशासन और सामाजिक न्याय के एक नये युग का आरंभ है। अब जातिगत जनगणना का मुद्दा पूरी तरह से बीजेपी के पाले में है। भाजपा ने कभी भी जातिगत जनगणना का विरोध नहीं किया। स्मरणीय है कि जब बिहार के वर्तमान मुख्यमंत्री नीतिश कुमार इंडी गठबंधन में शामिल थे और उन्होंने जातिगत जनगणना को लेकर सर्वदलीय बैठक बुलाई थी तब बीजेपी ने भी उस बैठक में भाग लिया था और जातिगत जनगणना का समर्थन किया था यद्यपि बीजेपी को विपक्ष के तौर तरीकों पर आपत्ति थी क्योंकि जनगणना मूलतः केंद सरकार का विषय है और इसमें राज्य सरकारों की कोई भूमिका नहीं है। अभी तक जिन राज्यों में यह जनगणना हुई है वह राजनीति से प्रेरित तथा सामाजिक तनाव बढ़ाने वाली रही है। केंद्र सरकार की जातिगत जनगणना से पहली बार वास्तविक आंकड़े सामने आयेंगे।इस जनगणना के माध्यम से कई चीजे स्पष्ट हो सकेंगी जिसमें एक यह बड़ा मुददा भी है कि हर जाति के दंबग लोग ही आरक्षण का लाभ उठाते चले आ रहे हैं जबकि उन्हीं जातियों और समाज के अन्य लोग पिछड़ते ही चले जा रहे हैं, उन्हें आरक्षण व सरकार की अन्य सुविधाओं का प्रत्यक्ष लाभ नहीं मिल पा रहा है अर्थात क्रीमिलेयर का भी वास्तविक वर्गीकरण हो सकेगा। विपक्ष की जातिगत जनगणना केवल हिंदू समाज को जातियों में विभाजित करने की नीयत से थी जबकि मोदी सरकार अब संपूर्णता के आधार पर जातिगत जनगणना कराने जा रही हैं देश के इतिहास में पहली बार मुस्लिम समाज की जातियों की भी जनगणना होने जा रही है। इस जनगणना के माध्यम से धर्मांतरण करने वालों का आंकड़ा भी जुटाया जायेगा। धर्म परिवर्तन करने के कारण देश के कई हिस्सों की जनसंख्या और भौगोलिक संरचना में तेजी से बदलाव देखा गया है ।ऐसे में सरकार के यह भी पता करने का इरादा है कि किन धर्मों और जाति विशेष के लोगों में धर्मांतरण हुआ और किस हिस्से में इसका प्रभाव अधिक है। जातिगत जनगणना का परिणाम सामने आने के बाद सामाजिक आर्थिक स्थिति का सटीक डेटा मिल सकेगा। वंचित समूहों के लिए नीतियां बनाने में मदद मिल सकेगी संसाधनों और अवसरो का समान वितरण हो सकेगा तथा समाजिक असमानता को कम करने में मदद मिलने के साथ जाति व्यवस्था के कारण होने वाले भेदभाव की समस्या का भी समाधान हो सकेगा। जातिगत जनगणना पर संघ का दृष्टिकोण भी स्पष्ट है कि यदि जातिगत जनगणना का उद्देश्य न्याय और कल्याण है तो समर्थन योग्य है और यदि उसका उद्देश्य राजनीति और समाज को बांटना है तो उसका सदैव विरोध है।राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने इस निर्णय का समर्थन किया है। संघ का विचार है कि ल्लजाति का अंत आंकड़ों से नहीं, आत्मीयता से होगा लेकिन आंकड़ो के बिना न तो नीति बनेगी न्याय मिलेगा।ल्ल वैसे भी संघ का मूल कार्य सामाजिक समरसता ही है और वह आगामी समय में सामाजिक समरसता का एक महा अभियान चलाने वाला है। वर्तमान जातिगत जनगणना का स्वरूप संघ के दृष्टिकोण से मेल खाता है। जातिगत जनगणना की बात सामने आने पर कई विचारक इसमें सनातनी ल्लगोत्रङ्क को भी जोड़े जाने की मांग कर रहे हैं क्योंकि हिन्दू समाज की रचना में गोत्र, किसी भी समाज के सनातन ऋषि परम्परा से जुडाव को स्थापित करता है। हिन्दू जीवन के सभी सोलह संस्कारों तथा पूजा एवं दान के संकल्प में गोत्र का नाम लिया जाना अनिवार्य होता है। **-मृत्युंजय दीक्षित**

# केरल में भाजपा की ईसाई-पहुंच योजना को लगा झटका

**पी. श्रीकुमारन**

केरल में भाजपा के बहुचर्चित ईसाई-पहुंच कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) द्वारा किये गये आत्मघाती गोल के कारण गहरा झटका लगा है, यद्यपि संसद द्वारा वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित किये जाने के बाद, भाजपा को केरल में ईसाई समुदाय में सेंध लगाने में थोड़ी सफलता मिली थी।वास्तव में, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर का एर्नाकुलम जिले के मुनंबम में ईसाई समुदाय के एक वर्ग द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया। भाजपा और केंद्रीय मंत्री किरेनरिजिजू ने मुनंबम में 600 से अधिक ईसाई परिवारों के बीच उम्मीद जगायी थी, जो केरल वक्फ बोर्ड (केडब्ल्यूबी) के साथ कानूनी लड़ाई में उलझे हुए हैं। बोर्ड ने इस आधार पर उनकी संपत्ति पर दावा किया है कि यह संपत्ति उसकी है। केंद्रीय मंत्री ने ईसाई परिवारों का पक्ष लेने के लिए मुनंबम का दौरा भी किया। भाजपा ने शुरू में यह दावा करके उनकी उम्मीदें जगायी थीं कि विधेयक के कानून बन जाने पर इसका पूर्वव्यापी प्रभाव पड़ेगा और इससे उन्हें लाभ होगा। वास्तव में, भाजपा केरल कैथोलिक बिशप काउंसिल (केसीबीसी) को इसी आधार पर वक्फ (संशोधन) विधेयक का समर्थन करने के लिए राजी करने में सफल रही थी। लेकिन मुनंबम के ईसाइयों को, हालांकि थोड़ी देर से ही सही, यह एहसास हो गया है कि कानून से उन्हें कोई लाभ नहीं होगा। रिजिजू ने खुद स्पष्ट रूप से स्वीकार किया कि कानून से मुनंबम के निवासियों को केडब्ल्यूबी के साथ उनकी कानूनी लड़ाई में मदद मिलेगी। ईसाई परिवार अब इस बात से नाराज हैं कि भाजपा और केंद्र सरकार ने उन्हें धोखा दिया है। मानो यह काफी नहीं था, आरएसएस ने अपने मुखपत्रऑर्गनाइजर में ईसाई समुदाय और चर्च को निशाना बनाते हुए लगातार दो लेख प्रकाशित करके आग में घी डालने का काम किया। संक्षिप्त हनीमून खत्म हो गया और भाजपा-आरएसएस गठबंधन की राजनीतिक चालाकी ने ईसाई समुदाय के गुस्से को फिर से भड़का दिया। संसद में वक्फ (संशोधन) विधेयक पारित होने के तुरंत बाद, लेखों के प्रकाशन का समय महत्वपूर्ण है, जिसे उनके द्वारा किये गये हंगामे के बाद वापस ले लिया गया है। लेकिन नुकसान हो चुका है। केसीबीसी के आधिकारिक प्रवक्ता फादर थॉमस थारायिल ने स्वीकार किया कि लेख के प्रकाशन का समय निश्चित रूप से चिंता का विषय है। लेख में दावा किया गया था कि भारत में कैथोलिक चर्च के स्वामित्व वाली भूमि देश में वक्फ संपत्तियों से कहीं अधिक है। लेख में यह भी कहा गया था कि ब्रिटिश शासकों ने चर्च को लगभग सात करोड़ हेक्टेयर भूमि पट्टे पर दी थी, और बताया कि 1965 का एक नियम अभी तक लागू नहीं हुआ है, जो औपनिवेशिक युग के चार्टर, वसीयत, पट्टे और किराये के समझौतों को निरर्थक बनाता है। संसद द्वारा पारित विधेयक केंद्र सरकार को शैक्षणिक और धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए मुस्लिम धार्मिक बंदोबस्त को विनियमित करने का अधिकार देता है। बेशक, सर्वोच्च न्यायालय के हस्तक्षेप ने सरकार को कानून के तत्काल कार्यान्वयन के साथ आगे बढ़ने से रोक दिया है। सुप्रीम कोर्ट 5 मई को इस मुद्दे पर सुनवाई फिर से शुरू करेगा। विपक्षी दलों ने चर्च की संपत्तियों पर नियंत्रण करने के केंद्र सरकार के कदम की कड़ी निंदा की है। उनका कहना है कि मुसलमानों के बाद, मोदी सरकार अब अपने अल्पसंख्यक विरोधी एजंडे के तहत ईसाइयों को निशाना बना रही है। केरल के मुख्यमंत्री पिनाराईविजयन, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, केरल में विपक्ष के नेता वीडीसतीशन और केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) ने कहा कि लेख भाजपा-आरएसएस के असली इरादों को उजागर करते हैं, और वह है अल्पसंख्यकों को परेशान करना। विजयन ने अल्पसंख्यक समूहों को एक-एक करके निशाना बनाने और उन्हें चरणबद्ध तरीके से नष्ट करने की एक बड़ी योजना देखी। भाजपा सरकार देश में अल्पसंख्यकों को संविधान द्वारा दी गयी गारंटी और सुरक्षा को कमजोर कर रही है। चर्च द्वारा संचालित दीपिका ने संपादकीय में कहा कि हालांकि आरएसएस ने लेख वापस ले लिए हैं, लेकिन ऑर्गनाइजर ने अभी तक यह स्वीकार नहीं किया है कि उसके द्वारा प्रकाशित जानकारी गलत है। यह केवल उन लेखों के बारे में नहीं है जिन्हें आरएसएस ने वापस ले लिया है या अस्वीकार कर दिया है। यह जिन विचारों को आगे बढ़ाता है और जो कार्य करता रहता है, वे देश में अल्पसंख्यकों, जिनमें ईसाई भी शामिल हैं, की समान नागरिकता की भावना के लिए हानिकारक हैं। लेख में उत्तरी भारत में ईसाइयों पर चल रहे हमलों को भी उजागर किया गया है, साथ ही केंद्र सरकार की चुप्पी की भी आलोचना की गयी है, जो ईसाई समुदाय के खिलाफ हिंसा करने वालों को बढ़ावा दे रही है।

## सेहत मंत्र

### गर्मियों में रूटीन में ऐसे शामिल करें चमेली का तेल, ताजगी से भरपूर होगी आपकी सुबह


गर्मियों की सुबह चिपचिपी और उमस भरी होती है। सुबह उठने के बाद ताजगी नहीं महसूस होती है। ऐसे में अगर आप भी सुबह के समय ताजगी महसूस नहीं करते हैं, तो एक खास तेल आपकी मदद कर सकता है। जो आपकी सुबह शांति और ताजगी से भरपूर बन सकती है। चमेली के तेल को प्रकृति का खजाना कहा जाता है। इस एसेंशियल ऑयल में वह शक्ति छिपी है, जो आपकी इंद्रियों को जगाता है और आपके अंदर एक नई ऊर्जा का संचार कर सकती हैं। अगर आप अपने दिन की शुरूआत को खुशनुमा बनाना चाहते हैं तो आपको नहाने के पानी में चमेली के तेल की कुछ बूंदे डालनी चाहिए। इसकी भीनी-भीनी खुशबू आपके मन को शांत करने के साथ आपको तरोताजा महसूस कराएगा। इससे आपका मूड पूरा दिन पॉजिटिव बना रहेगा। सप्ताह में एक बार बॉडी स्क्रब का इस्तेमाल करना चाहिए। इसके लिए आप थोड़ी सी चीना, नमक और ग्लिसरीन ले लें। फिर इसमें नींबू का रस मिलाएं और इसमें 2-3 बूंद चमेली के एसेंशियल ऑयल डालें। फिर इसे शरीर पर लगाकर 5-8 मिनट तक स्क्रब करें, जिससे डेड स्किन निकल जाएंगे और ब्लड सर्कुलेशन बढ़ जाएगा। इससे भी पॉजिटिव संचार होता है। आप चाहें तो अपने मॉइस्चराइजर में 2-3 बूंद चमेली का तेल और 1 बूंद पेचौली मिलाकर लगा सकते हैं। यह आपके मूड और स्किन दोनों को तरोताजा करेगा और यह त्वचा को जबरदस्त चमक देगा। चमेली एसेंशियल ऑयल वाली मोमबत्ती जलाकर आप अपने आसपास खुशनुमा माहौल बना सकते हैं और यह आपके मूड को बेहतर बना सकता है। कई बार जब हम सुबह सोकर उठते हैं, तो अजीब सी निराशा होती है। ऐसे में जब भी आप लो फील करने लगें, तो हथेली पर एक बूंद तेल लेकर इसको रब करें और सूंघें। इससे आपको ताजगी का एहसास होगा और आत्मविश्वास भी बढ़ेगा।

## धर्म मंत्र

### मथुरा में स्थित है भाई-बहन का मंदिर यमुना और यमराज से जुड़ी है कथा

हमारे देश में कई ऐसे मंदिर मौजूद हैं, जो अपनी भव्यताओं और मान्यताओं को लेकर काफी ज्यादा प्रसिद्ध हैं। यह मंदिर भिन्न-भिन्न देवी-देवताओं को समर्पित होते हैं। ऐसे में आज हम आपको एक ऐसे अनोखे मंदिर के बारे में बताने जा रहे हैं, जो भाई-बहन को समर्पित है। दरअसल, भाई-बहन को समर्पित इस मंदिर की कथा यमराज और मां यमुना को समर्पित है। यमुना और यमराज भगवान सूर्य के पुत्र और पुत्री हैं। उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के विश्राम घाट में नजदीक स्थित भाई-बहन का मंदिर असल में यमुना और उनके भाई यमराज को समर्पित है। इसको श्री यमुना धर्मराज मंदिर के नाम से जाना जाता है। श्री यमुना धर्मराज मंदिर भाई-बहन के प्यार का प्रतीक है। जोकि मथुरा के प्राचीन मंदिरों में से एक है और यह मंदिर द्वारकाधीश मंदिर के पास है। बता दें कि इस मंदिर में काले पत्थर से बनी मां यमुना और यमराज की मूर्ति स्थापित है। यहां पर मां यमुना चतुर्भुज रूप में विद्यमान है और वहीं वह यमदेव को प्रसन्न और आशीर्वाद देती मुद्रा में हैं। यमुना जी के एक हाथ में भोजन की थाली और दूसरे हाथ में कमल का फूल है। वहीं तीसरे हाथ टीका लगाते हुए और चौथा हाथ आशीर्वाद वाली मुद्रा में है। इस मंदिर में प्रवेश के लिए आपको छोटे से चांदी से बने द्वार से जाना होगा। इस मंदिर को लेकर धार्मिक मान्यता है कि भाई दूज के मौके पर जो भी भाई-बहन यमुना नदी में स्नान करते हैं और फिर इस मंदिर के दर्शन के लिए जाते हैं। उनके सभी पाप धुल जाते हैं।

## पर्यटन



### महाराष्ट्र का छिपा हुआ खजाना है कोयनानगर मानसून में यहां घूमना है जन्नत के बराबर

देश के पश्चिमी भाग में स्थित महाराष्ट्र एक प्रमुख राज्य होने के साथ ही खूबसूरती के लिए भी जाना जाता है। यह एक ओर ऊंचे-ऊंचे पहाड़ तो दूसरी ओर अरब सागर से घिरा है। महाराष्ट्र अपनी खूबसूरती के कारण पर्यटकों के अपनी ओर आकर्षित करता है। महाराष्ट्र में कई ऐसी हसीन, ऐतिहासिक और शानदार जगहें मौजूद हैं, जहां पर घूमने के लिए दुनियाभर से लोग आते हैं। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से लेकर लोनावाला, खंडाला और माथेरान जैसी जगहों के बारे में तो हर कोई जानता है, लेकिन यहां पर स्थित कोयनानगर के बारे में कम लोग जानते हैं। इस जगह को महाराष्ट्र का छिरा हुआ खजाना माना जाता है। कोयनानगर महाराष्ट्र के सतारा जिले में स्थित है। सतारा जिला खूबसूरत पहाड़ और झील-झरनों के लिए जाना जाता है। वहीं कोयनानगर को कोयना के नाम से भी जाना जाता है। सतारा जिले में कोयना नदी के किनारे कोयनानगर है। यह सतारा शहर से कुछ ही दूरी पर बसा है। कोयनानगर महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से करीब 294 किमी दूर है। पूणे से 190 किमी और सांगली से 130 किमी दूर है। कोयनानगर चिपलून-सांगली राजमार्ग पर स्थित है और यह कई चीजों के लिए फ़ेमस माना जाता है। कोयनानगर में स्थित कोयना बांधा भारत की सबसे बड़ी जल विद्युत परियोजनाओं में से एक माना जाता है। कोयना बांध के पीछे स्थित शिवसागर जलाशय भी कोयनानगर को खास बनाने का काम करता है। यह जगह सतारा जिले के साथ ही पूरे महाराष्ट्र का छिपा हुआ खजाना माना जाता है। यहां पर आप एडवेंचर एक्टिविटी भी कर सकते हैं। बता दें कि कोयनानगर को खूबसूरती का खजाना माना जाता है। यह जगह शहर की भीड़-भाड़ से दूर अपने शांत और शुद्ध वातावरण के लिए भी जाना जाता है। प्रकृति प्रेमियों के लिए यह जगह स्वर्ग से कम नहीं है। कोयनानगर की हरियाली यहां की खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम करती है।

# सार्वजनिक मार्गों व संपत्ति पर अवैध कब्जेदारी, डीएम ने चेताया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। स्थानीय तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक श्री विजयवर्गीय ने पूर्ण मनोयोग से जन शिकायत सुनी। रामनगर तहसील के बेलगाम राजस्व कर्मियों की शिकायत है सिलसिलेवार डीएम के समक्ष प्रस्तुत हुई। चकमार्गों पर बढ़ते अवैध कब्जों और उनके शिकायतें निस्तारण में शब्द जाल व लापरवाही पर खांसे खफा दिखे ।डीएम श्री त्रिपाठी ने कानूनगो और लेखपालों की कार्यशैली पर कड़ी आपत्ति जताया और स्पष्ट निर्देश दिए कि चकमार्गों पर कब्जे की शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और समयबद्ध निस्तारण भी सुनिश्चित किया जाए।डीएम ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में इस तरह की शिकायतें बढ़ती रहीं और निस्तारण में कोताही बरती गई तो जिम्मेदार राजस्व कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि चकमार्ग सार्वजनिक संपत्ति है और उस पर कब्जा किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समाधान दिवस में डिंहुवा अकौना निवासी कन्हैया लाल ने बताया कि बतनेरा गांव में स्थित उनकी कृषि भूमि के पास ग्राम समाज की भूमि पर प्रशासन द्वारा पांच बाढ़ पीड़ितों को आवासीय पट्टा दिया गया था।पट्टा मिलने के बाद उक्त लाभार्थियों ने चकमार्ग पर भी अवैध कब्जा कर लिया है जिससे उनका खेत तक पहुंचना मुश्किल हो गया है।इसी प्रकार सिलौटा निवासी काली प्रसाद ने शिकायत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उन्हें आरसी जारी कर दी गई थी जबकि अब उन्होंने मकान का निर्माण पूर्ण कर लिया है।उन्होंने आरसी निरस्त किए जाने की मांग की।वहीं एंडोरा गांव के निवासी विपिन कुमार ने आरोप लगाया कि वह बीते नौ महीने से चकमार्ग से अवैध कब्जा हटवाने की मांग कर रहे हैं लेकिन लेखपाल और कानूनगो मौके पर बिना पहुंचे ही निस्तारण की फर्जी रिपोर्ट लगा रहे हैं। इस पर डीएम ने तत्काल दोनों कर्मियों को तलब कर कड़ी फटकार लगाई तथा निर्देश दिया कि ऐसे मामलों में जवाबदेही तय की जाएगी।जिला व तहसील स्तरीय अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित आज के समाधान दिवस में राजस्व विभाग के 57 पुलिस 20 विकास 11, खाद्य एवं रसद विभाग पांच विद्युत विभाग 2 लोनिवि एक बाल विकास पुष्टाहार विभाग,स्वास्थ्य व चकबन्दी संबंधित एक-एक बैंक 2 अल्पसंख्यक एक इस प्रकार कुल 102 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें से 15 शिकायतों का निस्तारण कराया गया।जिलाधिकारी द्वारा अन्य शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए।जिलाधिकारी केसख्त लहजे के बाद अब उम्मीद जगी है कि जनता की समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा।और जन समस्याओं का समाधान और चकमार्गों पर कब्जा करने वाले कटाई बक्से नहीं जाएंगे। बताते हैं कि पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने कानून-व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं की समीक्षा की और थानाध्यक्षों को आवश्यक निर्देश दिए।इस मौके पर उप जिलाधिकारी पवन कुमार, बीएसए संतोष देव पांडेय व अधिशासी अभियंता दिलीप कुमार यादव क्षेत्राधिकारी गरिमा पंत , खंड विकास अधिकारी जितेंद्र कुमार सहायक विकास अधिकारी डॉ. दलबीर सिंह तहसीलदार महिमा मिश्रा नायब तहसीलदार सैयद तहजीब हैदर राजस्व निरीक्षक ओम प्रकाश एसडीओ मनोज यादव महिला सब इंस्पेक्टर नीतू व चौकी प्रभारी संतोष त्रिपाठी उपस्थित रहे। ''रामसनेहीघाट'' :

## समाधान दिवस में डीएम एसपी ने मनोयोग से सुनी शिकायतें

उप जिला अधिकारी अनुराग सिंह की अध्यक्षता एवं पुलिस उपाधीक्षक जटा शंकर मिश्रा की उपस्थिति में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 55 वाद प्रस्तुत हुए जिनमे राजस्व से संबंधित 21 वाद जिसमें 02 का मौके पर निस्तारण पुलिस से संबंधित 17 वाद व विकास से संबंधित 10 मे एक वाद का मौके पर निस्तारण वन विभाग से संबंधित 02 वाद खाद एव रसद 02 वाद व अन्य विभाग 03 वाद प्रस्तुत हुए। ''सिरौलीगौसपुर:'' उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह की अध्यक्षता एवं तहसीलदार शरद सिंह के संयोजन में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 23 शिकायतें प्रस्तुत हुईं। इनमें राजस्व विभाग से 7, पुलिस विभाग से 2, विकास विभाग से 5 और पूर्ति विभाग से 9 शिकायतें थीं। अधिकारियों ने मौके पर 6 शिकायतों का निस्तारण किया। इनमें राजस्व विभाग की 1 और पूर्ति विभाग की 5 शिकायतों का समाधान शामिल रहा।

## और हाई स्कूल पास हो गया निजामपुर का राम केवल

### युवाओं का मार्गदर्शक महकमे को आइना

बाराबंकी । तहसील रामसनेही घाट विकास खंड बनीकोडर के ग्राम निजामपुर निवासी जगदीश का बेटा राम केवल पूर्वकथा का भाग बन गया। विभागीय विद्वानों के मंशानुरूप नवाचार मिशन पहचान के अंतर्गत विद्यार्थियों के आत्मविश्वास एवं ज्ञान में वृद्धि हेतु संचालित, ''आज का विचार'', ''बाल न्यूज सेन्टर'', ''फन डे'', ओ एम आर सीट पर अधिगम स्तर का मासिक मूल्यांकन'' इत्यादि गतिविधियों से इसी गांव के राम केवल ने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण की। राजकीय इण्टर कॉलेज, अहमदपुर से परीक्षा उत्तीर्ण कर रामकेवल गांव निजामपुर में हाई स्कूल उत्तीर्ण करने वाला प्रथम छात्र बना। जो न सिर्फ़ राम केवल की जीत है, बल्कि पूरे परिवार,गांव,समाज और राजकीय इण्टर कॉलेज -अहमदपुर के लिए भी गर्व का पल है। महकमे को आइना व आने वाली पीढ़ी का मार्गदर्शन करेगा जगदीश का बेटा राम केवल ।

# मेधावी छात्र-छात्राओं का हुआ सम्मान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर बाराबंकी। विकास खंड सिद्धौर क्षेत्र के राजकीय हाईस्कूल असदामऊ-बेलहरी में शनिवार को मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। आयोजित सम्मान समारोह में प्रथम स्थान से दसवें स्थान तक के छात्र- छात्राओं को पुष्प की माला पहना! मिठाई एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती शोमावती ने की।इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक, डॉ0 अनुपम आनन्द ,श्रीमती गौसिया बानो, सुश्री सावित्री वर्मा , श्रीमती ज्योती त्रिपाठी व लिपिक श्रीमती सावित्री देवी, छात्र -छात्राएं व अभिभावक जन उपस्थित रहे। सम्मान समारोह में मण्डल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शिनी में चयनित छात्रा सुनीता को माला पहना व पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। मण्डल स्तरीय विज्ञान प्रद?र्शनी में सुनीता ने अधोध्या मण्डल में पाँचवा स्थान प्राप्त किया है। सम्मानित हुई छात्र छात्राओं में खुशी का माहौल है।वही प्रधानाचार्या ने विद्यार्थियों को अगले वर्ष शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाने हेतु प्रेरित किया ।इस अवसर कक्षा 9 एवं 10 के सभी छात्र छात्रायें व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# वक्फ बिल को लेकर जन जागरूकता अभियान, शरद ने बताया उपलब्धियां

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। ग्राम पंचायत सहादतगंज में वक्फ बिल को लेकर आयोजित बैठक मे पूर्व विधायक शरद कुमार अवस्थी ने मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम का नेतृत्व किया।अवस्थी ने मुस्लिम समुदाय को वक्फ बिल के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह बिल गरीब मुस्लिम वर्ग के अधिकारों की रक्षा करेगा। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों की शंकाओं का समाधान भी किया गया।पूर्व विधायक ने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि सरकार सभी वर्गों के लिए बिना भेदभाव काम कर रही है। आयुष्मान भारत कार्ड से लेकर उज्ज्वला योजना तक की सुविधाएं सभी पात्र लोगों को मिल रही हैं। राशन कार्ड और प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ भी दिया जा रहा है।अवस्थी ने विपक्ष पर लोगों में भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। उन्होंने स्पष्ट किया कि वक्फ बिल का लाभ मुस्लिम समाज के पिछड़े वर्ग को मिलेगा। इस अवसर पर राकेश कुमार सबीह आलम , मो0 जावेद अंसारी, मोइरशाद अंसारी, मो सुवालेह मंडल उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा मो.आसिफ अंसारी, मो.अनवर अंसारी आदि मौजूद रहे।

## सहादतगंज मे आयोजित कार्यक्रम

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। संयुक्त सनातन गौ रक्षा वाहिनी अल्पसंख्यक के तत्वाधान मे कस्बा सहादतगंज मे आयोजित कार्यक्रम मे कस्बे के दर्जनों लोगो ने संयुक्त सनातन गौ रक्षा वाहिनी अल्पसंख्यक के जिला उपाध्यक्ष सबीह आलम की अगुवाई मे भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने भाजपा जवाइन करने वालो को पटका पहनाकर सदस्यता दिलाई। वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश वर्मा गुरु जी की अध्यक्षता मे आयोजित कार्यक्रम मे अल्पसंख्यक समाज के लोगो को भाजपा की सदस्यता दिलाते हुए पूर्व विधायक शरद अवस्थी ने कहा कि भाजपा की नीतियाँ एव सिद्धांत सभी वर्गो के लिए हितकारी है सरकार की योजनाओं का लाभ सभी को मिल रहा है अल्पसंख्यक समाज के लोगो के लिए चलाई जा रही योजनाओं का ही नतीजा है कि अल्पसंख्यक समाज तेजी से भाजपा से जुड़ रहा है। संयुक्त सनातन गौ रक्षा वाहिनी अल्पसंख्यक के जिला उपाध्यक्ष सबीह आलम के साथ शकील सेठ मुंबई जावेद टापा सेठ मुंबई इरशाद सेठ मुंबई सलमान चप्पल वाले आमिर राईन अकील राईन स्वालेह अंसारी, इमरान चौधरी सुफ़ियान जावेद आसिफ बीधडीधसीध अनवर बीडीसी.खुर्रम ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की तथा रज़ा समिति के सदस्यों ने भाजपा को समर्थन देने का ऐलान किया।

## सात दिवस के अन्दर समस्त आवश्यक प्रपत्र कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य

सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि जनपद के कृषक बन्धुओं को सूचित किया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु उद्यान विभाग में संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एम.आई.डी.एच.) योजनान्तर्गत खरीफ मौसम में कराये जाने वाले कार्यक्रम (नवीन उद्यान रोपण) यथा- केला, पपीता, आम, अमरूद, करौंदा, कटहल, खरीफ प्याज रोपण विभाग द्वारा संपादित कराये जायेंगे। उपरोक्त योजना के कार्यक्रम में लाभ प्राप्त करने हेतु आवश्यक प्रपत्र यथा आधार कार्ड, बैंक पासबुक, खतौनी व पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ, मोबाईल नम्बर के साथ एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एम.आई.डी.एच.) के कार्यक्रम हेतु उद्यान विभाग की बेवसाईट पर पंजीकरण कराना होगा। पंजीकरण की तिथि से सात दिवस के अन्दर समस्त आवश्यक प्रपत्र कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा। योजना का लाभ प्रथम आवक-प्रथम पावक के आधार पर विभागीय दिशा निर्देशानुसार देय होगा। अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, राजकीय पौधशाला परिसर, स्वरूपनगर, सीतापुर से सम्पर्क किया जा सकता है।

# जी बी एस प्रबंधन ने छात्र छात्राओं को बांटे टैबलेट

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। दुल्हदेपुर स्थित जीबीएस कॉलेज में भव्य कार्यक्रम आयोजित कर आईटीआई के छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरण किया गया। कार्यक्रम में कुल 40 छात्र-छात्राओं को टैबलेट प्रदान किए गए।विभागाध्यक्ष हिमांशु सिंह ने टैबलेट वितरण के दौरान छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरकार की यह पहल युवाओं को डिजिटल इंडिया से जोड़ने का प्रयास है। छात्रों को टैबलेट का सदुपयोग करने की सलाह दी गई। सिंह ने छात्रों को प्रेरित किया कि वे इन टैबलेट का उपयोग पढ़ाई और ज्ञान वर्धन के लिए करें। उन्होंने कहा कि इससे छात्र अपनी पढ़ाई में आगे बढ़ सकेंगे और अपने विद्यालय तथा परिवार का नाम रोशन कर सकेंगे। कार्यक्रम में आकिब सहित कॉलेज के अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

# पैगापुर के दबंग प्रधान का बंजर भूमि पर कब्जा करना बदस्तूर जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। ग्राम सभा पैगापुर मुस्तफा उर्फ बाबू प्रधान अपने चाचा जमीरुद्दीन के साथ जीएस जमीन कब्जाने में माहिर है। राजस्व विभाग के नाक के नीचे से अपने लिए कई बीघा बंजर भूमि पलहीपुर मार्ग कब्रिस्तान के सामने अपने चाचा जमीरुद्दीन को जीएस जमीन पर कब्जा कराया। पंचायत भवन के पीछे दबंग प्रधान बाउंड्री बनाकर खुद कब्जा किया। आइजीआरएस पर शिकायत करने के बाद अशोक सिंह लेखपाल मौके पर पहुंच कर अपने टीम के साथ जांच की। जांच में अवैध पाया गया निर्माण, राजस्व विभाग द्वारा अभी तक अवैध निर्माण ना तो गिराया गया राजस्व विभाग हाथ पर हाथ रखे बैठी हुई है। दबंग प्रधान और उनके गुर्गों का मनोबल बढ़ा रही है इससे पहले 'पीएम हाउस के सामने गाटा संख्या 340 में दबंग प्रधान वह उनके गुर्गे अपना आशियाना बना रहे थे ग्रामीण के शिकायत पर एसडीएम साहब मौके पर पहुंचकर आशियाना को तो बाबा के बुलडोजर से धोस्त करवा दिया गया लेकिन दबंग प्रधान के ऊपर कोई मुकदमा दर्ज नहीं हुआ' इसलिए दबंग प्रधान अपने दबंगई से बंजर भूमि पर लगातार कब्जा करने का काम कर रहे हैं। अब देखना है राजस्व विभाग दबंग प्रधान के ऊपर अवैध निर्माण गिराकर प्रशासनिक कार्रवाई करते है या नहीं ग्रामीणों की नजर राजस्व विभाग पर टिकी हुई हैं।

# भूमि सत्यापन तक मेडिकल स्टोर के संचालन पर लगी रोक, नोटिस जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टिकैतनगर में डीएम के निरीक्षण के बाद हरकत में आया प्रशासन

बाराबंकी। डीएम के निरीक्षण के बाद हरकत में आए स्वास्थ्य विभाग ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टिकैतनगर के आसपास संचालित भूमि का सत्यापन होने तक मेडिकल स्टोर के संचालन पर रोक लगा दी । जानकारी के अनुसार श्रीमती सीमा सिंह, औषधि निरीक्षक बाराबंकी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टिकैतनगर का औचक निरीक्षण किया गया था, जहां मौके पर उनके द्वारा सी एच सी के आस पास स्थित मेडिकल स्टोर्स द्वारा सरकारी जमीन पर अधिक्रमण करके मेडिकल स्टोर का संचालन किए जाने के संबंध में जांच हेतु दिए गए निर्देशों के क्रम में सीएच सी के पास स्थित बबलू मेडिकल स्टोर, बंटी मेडिकल स्टोर, हिमांशु मेडिकल स्टोर तथा मोनिस मेडिकल स्टोर की जांच की गई तथा मौके पर पाई गई अनियमितताओ के निराकरण का सत्यापन तथा उप जिलाधिकारी सिरौली गौसपुर के निर्देशानुसार, उक्त जमीन जिसपर मेडिकल स्टोर संचालित है के स्वामित्व का राजस्व अभिलेखागार कार्यालय उप जिलाधिकारी सिरौली गौसपुर द्वारा सत्यापित होकर रिपोर्ट प्राप्त होने तक मेडिकल स्टोर के संचालन पर रोक लगाते हुए नोटिस दिया गया । साथ ही, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र टिकैतनगर के साथ भी बैठक की गई तथा तथा अनुरोध किया गया की जिलाधिकारी के निर्देशानुसार अस्पताल के मरीजों को अस्पताल में आपूर्तित सरकारी औषधियों की उपलब्धता बनाए रखने के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें । मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा अवगत कराया गया की अस्पताल में सभी औषधियां पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं ।

# एलडीए की कार्रवाही में कई अवैध निर्माण सील

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने शहर में अवैध निर्माण के खिलाफ अपनी मुहिम को और तेज करते हुए प्रवर्तन जोन-7 में व ज़ोन 1 में बड़ी कार्रवाई करते हुए एलडीए से बिना नक्शा पास कराए किए जा रहे अवैध निर्माणों को सील कर दिया। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि सचिन कुमार व अन्य द्वारा आलमनगर में सरीपुर रोड स्थित शीला गार्डे न में लगभग 200 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण करवाया जा रहा था। वहीं रामवीर सिंह यादव व अन्य द्वारा ठाकुरगंज के फरीदीपुर में रिंग रोड स्थित मल्लपुर में लगभग 120 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर दुकानों व भवन का निर्माण करवाया जा रहा था। इसके अलावा रंजीत कुमार व अन्य द्वारा चौक के लाजपत नगर में लगभग 80 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध रूप से किये जा रहे इन तीनों निर्माण कार्यों को प्रवर्तन दल ने शनिवार को सील कर दिया। वहीं प्रवर्तन जोन-1 के जोनल अधिकारी विपिन कुमार शिवहरे ने बताया कि अभय सिंह व अन्य द्वारा गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-5 में लगभग 120 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर बहुमंजिला भवन का निर्माण करवाया जा रहा था। इसी तरह अतुल दीक्षित व अन्य द्वारा गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-5 में 120 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। अवैध रूप से किये जा रहे इन दोनों निर्माण कार्यों को विहित न्यायालय के आदेश पर प्रवर्तन टीम द्वारा शनिवार को पुनः सील किया गया।

## आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस कर्मचारियों को यातायात पुलिस ने किया जागरूक

सुल्तानपुर। प्रभारी यातायात परवेज आलम ने सड़क दुर्घटनाओं के प्रतिशत को शिफर करने के उद्देश्य को लेकर जागरूकता अभियान चला रहे है। शनिवार को प्रभारी यातायात परवेज आलम आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस कार्यालय पहुंचकर मौजूद कर्मचारियों को यातायात नियम के गुर सिखाए। प्रभारी उप निरीक्षक परवेज आलम ने आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहाकि जब भी आप यात्रा पर निकले अपने साथ वाहन के आवश्यक दस्तावेज लेकर चले, तथा हेल्मेट, सीटबेल्ट लगाए, कालीफिल्म के उपयोग से बचे तथा वाहन की निर्धारित गति का इस्तेमाल करे। उन्होंने बताया कि यदि इतने नियमों का पालन वाहन चालक करले, तो शत-प्रतिशत उसकी यात्रा उसके गंतव्य तक सरल और सुगमता के साथ होगी। प्रभारी यातायात मौजूद आईसीआईसीआई लाइफ इंश्योरेंस कर्मियों से अपील करते हुए कहाकि दुर्घटना से देर भली है क्योंकि आपका आपके घर वाले इंतजार कर रहे है, इसलिए जल्दबाजी न करें, नियम का पालन करे और सुरक्षित रहे।

# जनता देशद्रोहियों को जवाब देगी और मोदी आतंकवादियों को : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कंाग्रेस द्वारा फिर से सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक पर सवाल खड़े करने को सेना और देश की भावनाओं का अपमान बताते हुए शनिवार को कहा कि यह कंाग्रेस की भारत के मनोबल को तोड़ने तथा पाकिस्तान के पक्ष में सोची समझी रणनीति का हिस्सा है।

भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद संबित पात्रा ने आज यहां पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कंाग्रेस पार्टी की देशविरोधी मानसिकता पर कड़े प्रहार किए। डॉ. पात्रा ने कहा,ल्ल कंाग्रेस ने कंाग्रेस वर्किंग कमेटी मीटिंग के तुरंत बाद सांसद चरणजीत सिंह चन्नी से प्रेस कॉन्फ्रेंस करवाई, जिसमें उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक पर सवाल उठाए। यह सिर्फ बयान नहीं, कंाग्रेस की सोची-समझी रणनीति है, जो भारतीय सेना के शौर्य पर सीधा हमला और देश की भावनाओं का अपमान है। उन्होंने कहा कि भले ही, कंाग्रेस पार्टी और गांधी परिवार, श्री राहुल गांधी और श्रीमती सोनिया गांधी आतंकवादी हमलों को गंभीरता से न लें, देश की जनता की भावनाओं को न समझें, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं है कि उन्हें भारतीय सेना के मनोबल को बार-बार गिराने की छूट मिल जाए। यह देश की जनता की संवेदनाओं के साथ खुला खिलवाड़ है। हाल ही में, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी हमला हुआ, जिससे पूरे देश में शोक और आक्रोश का वातावरण है। इस बीच, कंाग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक आयोजित की गई, जिसमें कुछ प्रस्ताव पारित किए गए। लेकिन इसके बाद कंाग्रेस पार्टी द्वारा एक और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करवाई गई, जो पूरी तरह से एक सुनियोजित रणनीति का हिस्सा प्रतीत होती है। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस सीमावर्ती प्रदेश पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान सांसद चरणजीत सिंह चन्नी द्वारा की गई। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में चन्नी जी ने पुलवामा हमले के बाद भारत द्वारा की गई एयर स्ट्राइक पर सवाल उठाते हुए कहा, ''कोई एयर स्ट्राइक नहीं हुई थी। अगर आपके ऊपर बम गिरा हो, तो क्या आपको पता नहीं चला? मैंने तो हमेशा इसका सबूत मांगा है।

डॉ. पात्रा ने कहा, यह बयान केवल एक व्यक्ति की राय नहीं, बल्कि कंाग्रेस पार्टी की सुनियोजित रणनीति है। एक तरफ खरगे जी सीडब्ल्यूसी की बैठक में एक प्रस्ताव पढ़ते हैं और दूसरी ओर सीमावर्ती प्रदेश के बड़े नेता समानांतर प्रेस कॉन्फ्रेंस करके भारतीय सेना के शौर्य को झुठलाते हैं। यह कंाग्रेस पार्टी की दोहरी और दोगली नीति को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019 में हुई एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान में भारी खलबली मच गई थी। वहां के मंत्री और सैन्य अधिकारी आज भी आशंका व्यक्त कर रहे हैं कि भारत फिर से सर्जिकल स्ट्राइक न कर दे। भारतीय मीडिया में भी इस विषय पर लगातार चर्चा होती रही है, जिसमें पाकिस्तान के बयानों को प्रसारित किया गया है, जो सर्जिकल स्ट्राइक की पुष्टि करते हैं। ऐसे में कंाग्रेस पार्टी का यह कहना कि ल्लकोई एयर स्ट्राइक नहीं हुई है,ङ्क यह केवल सेना ही नहीं, बल्कि पूरे देश के मनोबल को चोट पहुंचाना है। यह प्रश्न उठता है आखिर कंाग्रेस क्यों बार-बार ऐसे अवसर तलाशती है कि पाकिस्तान की सरकार, सेना और आतंकवादियों को ऑक्सीजन मिल सके? कंाग्रेस पार्टी को देश से क्षमा मांगनी चाहिए। देश की सुरक्षा और सेनाओं के सम्मान के मुद्दे पर राजनीति करना कंाग्रेस की पुरानी आदत बन चुकी है, लेकिन इस बार देश इसे स्वीकार नहीं करेगा। सेना के शौर्य का अपमान और देशवासियों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा।

## पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर को स्वतंत्र कराए : शिवसेना

एजेंसी



जम्मू। जम्मू-कश्मीर शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष मनीष साहनी ने कहा है कि पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाकर ही राज्य में शांति बहाली और आतंकवाद का खात्मा संभव हो सकता है।

श्री साहनी ने शनिवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह भी मांग की कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके )को मुक्त कराकर जम्मू-कश्मीर का हिस्सा बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, सिंधु जल संधि का पानी रोके जाने से पाकिस्तान बौखलाया हुआ है। भारत पर हमले की धमकियां दी जा रही हैं। संघर्ष विराम समझौते का लगातार उल्लंघन किया जा रहा है और इसीलिए बिना समय गंवाए भारत सरकार को पाकिस्तान की धमकियों के खिलाफ कड़ी जवाबी कार्रवाई करनी होगी। हमें पाकिस्तान के अंदर घुसकर बदला लेना होगा, पीओके को पाकिस्तान के कब्जे से मुक्त कराना होगा और एकीकृत जम्मू-कश्मीर का सपना पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी सेना, उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकवादियों के आकाओं को जहन्नुम में भेजे बिना राज्य में पिछले साढ़े सात दशकों से चल रहे आतंकवाद का पूरी तरह खात्मा नहीं हो सकता और शांति बहाली भी नहीं हो सकती। श्री साहनी ने पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट करने और जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकियों का सफाया करने की भी मांग की। उन्होंने सुरक्षा और खुफिया एजेंसियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि पहलगाम हमले को 12 दिन हो गए हैं, लेकिन इस नापाक और कायराना हरकत को अंजाम देने वाले आतंकवादी जाने कहां गायब हो गए हैं।

## यह नया भारत, घर में घुसकर मारेगा : शेखावत

एजेंसी

जोधपुर। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने दो टूक कहा है कि भारत अपने हितों की रक्षा करने में सक्षम, समर्थ, सशक्त और स्वतंत्र है और यह नया भारत है जो घर में घुसकर मारेगा।

श्री शेखावत शनिवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में पहलगाम आतंकवादी हमले और उसके बाद पाकिस्तान में भय के माहौल से जुड़े सवाल पर यह बात कहते हुए कहा कि पहलगाम की घटना का माकूल जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में भय होना भी चाहिए। गोस्वामी तुलसीदासजी ने रामचरितमानस में लिखा है, 'भय बिनु होई न प्रीत'। उन्हें लगता है कि जब भारत ने उरी और पुलवामा के बाद सर्जिकल स्ट्राइक कर संदेश दिया था कि भारत की भूमि और बाहर से हमारे विरुद्ध चलने वाली गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा, उसके बाद पिछले पांच-छह साल से कोई बड़ी आतंकवादी घटना नहीं हो पाई थी। अब फड़फड़ाते हुए एक बार फिर ऐसी कायराना हरकत की गई है।

उन्होंने कहा कि यह नया भारत है। घर में घुसकर मारेगा। पहलगाम की घटना का माकूल जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस बात का खुले में इजहार कर चुके हैं। पाकिस्तान के नेताओं के गौरी-गजनवी मिसाइल और एटम बम की धमकी देने के सवाल पर श्री शेखावत ने कहा कि गौरी-गजनवी पहले भी थी। गौरी-गजनवी तो भारत में आकर अनेक बार चोट खाकर गए थे। जब हमने एयर स्ट्राइक की थी, तब भी गौरी-गजनवी मिसाइल थी। उन्होंने कहा कि आज से हजार साल पहले भी हमारे पूर्वजों ने इनको ठीक सबक सिखाया था। एक बार फिर गौरी-गजनवी को हमारी अग्नि और ब्रह्मोस प्रतिकूल जवाब देंगी। उन्होंने कहा दुनिया के देश, जिन्होंने आतंकवाद का दर्द और दंश झेला है, इस समय भारत के साथ में खड़े हैं। विश्व इस बात को स्वीकार कर रहा है कि आतंकवाद की जड़ें पाकिस्तान में पालित पोषित और सिंचित हो रही हैं। अमेरिका ही नहीं, दुनिया के सभी देश पूरी ताकत के साथ भारत के साथ खड़े हैं, लेकिन मैं यह कहूंगा कि कोई खड़ा हो या न हो, भारत अपने हितों की रक्षा करने में सक्षम भी है, समर्थ भी है, सशक्त भी है और स्वतंत्र भी है। सिंधु जल संधि निलंबित करने के सवाल पर श्री शेखावत ने कहा कि पिछले सभी युद्धों के समय भी हमने सिंधु जल संधि की पवित्रता पर आंच नहीं आने दी थी लेकिन प्रधानमंत्री का स्पष्ट कहना है कि अब समय आ गया है, जब रक्त और पानी, दोनों साथ नहीं बहेंगे। आजादी के 75 साल बाद हमको इस पर भी विचार करने की आवश्यकता है कि किस दबाव में, क्यों भारत के हितों के साथ, भारत के किसानों के हितों के साथ, भारत के लोगों के हितों के साथ समझौता करते हुए इस संधि को किया गया था। उन्होंने कहा कि संधि निलंबित होने से पाकिस्तान में बौखलाहट स्वाभाविक है। अब यह घबराहट बनी रहेगी।

## प्रेस की आजादी में भारत की रैंकिंग चिंताजनक : कांग्रेस

नयी दिल्ली। कंाग्रेस ने कहा है कि विश्व के 180 देशों में हुए सर्वेक्षण में प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की रैंकिंग 161वीं है, जो साबित करता है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासन में प्रेस की आजादी पर लगातार हमले हो रहा है। कंाग्रेस ने विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर अपने आधिकारिक 'एक्स' पेज पर एक पोस्ट में शनिवार को कहा , ल्लविश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर कंाग्रेस ऐसे हर निडर पत्रकार के साथ खड़ी है जो धमकी और सच को दबाने के खिलाफ लड़ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में प्रेस स्वतंत्रता सूचकांक में भारत की गिरती रैंकिंग भाजपा शासन के तहत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खतरनाक क्षरण को दर्शाती है। इसके साथी पार्टी ने एक अखबार में प्रकशित सर्वेक्षण की तालिका भी पोस्ट की है, जिसमें कहा गया है की 180 देशों में हुए सर्वेक्षण में भारत का पिछले साल 161वां स्थान रहा है।

## कृषि शोध का लाभ किसान को मिलना चाहिए : शिवराज

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण किसान मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि कृषि शोध का लाभ खेतों में किसानों तक पहुंचना चाहिए जिससे उनकी आय में वृद्धि के साथ जीवनयापन में सुधार हो सके। श्री चौहान ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) में बागवानी संबंधी कामकाज की समीक्षा करते हुए कहा कि शोध का मुख्य केंद्र कृषि उत्पादकता बढाना होना चाहिए। उन्होंने इलायची, केसर, सुपारी और काली मिर्च इत्यादि की विशेष किस्म की फसलों की पैदावार के संबंध में और विशेष शोध तथा प्रयास करने पर बल दिया। यह समीक्षा बैठक शुक्रवार देर शाम आयोजित की गयी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जैसे-जैसे सामाजिक-आर्थिक समृद्धि और बढ़ेगी तो बागवानी उत्पादों - फल-सब्जियों की उपभोक्ता मांग में भी वृद्धि होगी। इसको देखते हुए बेहतर उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए और अच्छे तरीके से काम करना होगा। उन्होंने कहा कि बागवानी क्षेत्र में अनुसंधान के लोकव्यापीकरण के लिए अभियान चलाया जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुछ उत्पादों के मामले में भारत की स्थिति बेहतर है, लेकिन और अधिक उत्पादों पर भी काम करते हुए उत्पादकता के उच्च मापदंड पर काम करना होगा। उन्होंने बागवानी क्षेत्र की बेहतर फसल पद्धतियों का अध्ययन करने के साथ ही किसानों तक अनुसंधान और आवश्यक जानकारी की पहुंच सुनिश्चित करने के लिए भी प्रयास करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि अनुसंधान की जानकारी किसानों तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार की जरूरत है, ताकि बागवानी के किसान योजनाओं का सही लाभ उठा सके। उन्होंने घातक कीटनाशकों से बचते हुए ज्यादा पोषण क्षमता वाली तथा स्वास्थ्यवर्धक फसलों का उत्पादन बढ़ाने पर बल दिया और कहा कि किसानों तक पौधों की अच्छी किस्मों की आपूर्ति होनी चाहिए। इसके लिए किसानों को बेहतर नर्सरियों से अच्छी किस्म के पौधे मिलना सुनिश्चित करने की दिशा में काम किया जाना चाहिए।

### मुरुगन ने प्रदान किये राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** सूचना एवं प्रसारण तथा संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने शनिवार को 12 सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। डॉ. मुरुगन ने मुंबई में विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) के दौरान आठवें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो सम्मेलन में सामुदायिक रेडियो स्टेशनों को 10वें राष्ट्रीय सामुदायिक रेडियो पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक रेडियो देश के सभी कोनों में नागरिकों तक पहुँचने का एक साधन है। उन्होंने कहा कि देश भर के सामुदायिक रेडियो किसी न किसी कल्याणकारी उद्देश्य में लगे हुए हैं और भारतीय परंपरा तथा संस्कृति को बढ़ावा देने सहित अच्छे उद्देश्यों का सहयोग कर रहे हैं। ये स्टेशन महिलाओं और आदिवासी समुदाय जैसे विभिन्न समुदायों और समूहों के लिए कल्याणकारी गतिविधियों का एक नया आयाम दे रहे हैं। वर्तमान में, देश भर में 531 सामुदायिक रेडियो स्टेशन हैं। सम्मेलन में जन संचार और जागरूकता उत्पन्न करने में सामुदायिक रेडियो की महत्वपूर्ण भूमिका और सामाजिक विकास में उनकी क्षमता पर जोर दिया गया।

### रक्षा खुफिया एजेन्सी के महानिदेशक को पद से हटाये जाने का दावा गलत : सरकार

**नयी दिल्ली।** सरकार ने पाकिस्तान स्थित न्यूज चैनल ए आर वाई और कुछ अन्य पाकिस्तानी सोशल मीडिया खातों के इस दावे को झूठा तथा निराधार करार दिया है जिसमें भारतीय रक्षा खुफिया एजेन्सी के महानिदेशक ले. जनरल डी एस राणा को उनके पद से हटाकर अंडमान निकोबार में तैनात किये जाने की बात कही गयी है। सूचना प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय ने शनिवार को एक पोस्ट में कहा कि पाकिस्तान समर्थित इन सोशल मीडिया खातों का यह दावा झूठा तथा भ्रमित करने वाला है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि लेफ्टिनेंट जनरल डीएस राणा को अंडमान और निकोबार कमान के कमांडर-इन-चीफ के प्रतिष्ठित पद पर पदोन्नत किया गया है। वह रक्षा खुफिया एजेन्सी के पहले प्रमुख हैं जिन्हें कमांडर-इन-चीफ के पद पर पदोन्नत किया गया है। अंडमान और निकोबार कमान पहली त्रि-सेवा कमान है जो हिंद महासागर क्षेत्र में भारतीय सशस्त्र बलों के लिए अत्यधिक रणनीतिक महत्व रखती है।

### साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार 2025 के लिए पुस्तकें आमंत्रित

**नयी दिल्ली।** साहित्य अकादमी ने वर्ष 2025 के 'साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार' के लिए भारतीय अनुवादकों, प्रकाशकों और पाठकों से मान्यता प्राप्त सभी 24 भारतीय भाषाओं में अनूदित पुस्तकें आमंत्रित की हैं। साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि पुरस्कार के लिए वर्ष 2019, 2020, 2021, 2022 और 2023 अर्थात एक जनवरी 2019 और 31 दिसंबर 2023 के बीच पहली पहली बार प्रकाशित पुस्तकों पर विचार किया जाएगा। प्रत्येक पुस्तक की एक प्रति के साथ आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 मई 2025 है। उन्होंने बताया कि पुरस्कार से संबंधित विस्तृत विवरण के लिए साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार नियम अकादमी की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि असमिया, बांग्ला, बोडो, डोगरी, अंग्रेज़ी, गुजराती, हिंदी, कन्नड, कश्मीरी, कोंकणी, मैथिली, मलयालम्, मणिपुरी, मराठी, नेपाली, ओड़िआ, पंजाबी, राजस्थानी, संस्कृत, संताली, सिंधी, तमिल, तेलुगु तथा उर्दू में भारतीय अनुवादकों की श्रेष्ठ कृतियों को प्रतिवर्ष साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार प्रदान किया जाता है। ये पुरस्कार एक समारोह में प्रदान किए जाते हैं, जिसमें प्रत्येक पुरस्कार विजेता को 50 हजार रुपये की राशि और एक ताम्रफलक प्रदान किए जाते हैं। साहित्य अकादमी मान्यता प्राप्त 24 भारतीय भाषाओं में से प्रत्येक भाषा में वर्ष 1989 से साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार प्रदान कर रही है।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन आमंत्रित

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन आमंत्रित किये हैं जिसमें साहस, समाज सेवा, पर्यावरण, खेल, कला और संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में असाधारण प्रदर्शन करने वाले बालकों को सम्मानित किया जाता है। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने शनिवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए नामांकन आमंत्रित किए गये हैं। यह देश भर के बच्चों की असाधारण उपलब्धियों के लिए प्रतिवर्ष प्रदान किया जाने वाला एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार है। नामांकन भरने की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। सभी नामांकन आधिकारिक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन भरे जाने चाहिए। मंत्रालय के अनुसार नामांकन पांच से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए है। कोई भी व्यक्ति या संस्था असाधारण उपलब्धियों वाले बच्चों को पुरस्कार के लिए नामांकित कर सकती है।

## पेज एक का शेष

### मानचित्र पर बार...

परियोजनाओं को जून 2025 से दिसंबर 2025 तक चरणबद्ध रूप से लॉन्च किया जाएगा। झांसी, बरेली, अलीगढ़, सहारनपुर, आगरा (ककुआ), कानपुर (न्यू कानपुर सिटी योजना), मथुरा (ट्रांसपोर्ट नगर), मुरादाबाद (डिडौसी), बुलंदशहर, गाज़ियाबाद, मेरठ और लखनऊ इसमें शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने सभी परियोजनाओं की समयबद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीआईएस आधारित महायोजना संरचना के अंतर्गत प्रदेश के 59 नगरों की महायोजनाएं तैयार की जा रही हैं, जिनमें से 42 को अनुमोदन प्राप्त हो चुका है। शेष चार महायोजनाएं (झांसी, मैनपुरी, फर्रुखाबाद-फतेहगढ़ एवं बहराइच) के अनुमोदन की प्रक्रिया इसी माह में पूरी की जाए। मुख्यमंत्री ने निजी निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल आधारित परियोजनाओं को प्राथमिकता देने, प्रवासी श्रमिकों के लिए विशेष आवासीय योजनाएं संचालित करने और ग्रीन बिल्डिंग प्रमाणीकरण, सोलर रूफटॉप सिस्टम, रेनवॉटर हार्वेस्टिंग एवं अपशिष्ट प्रबंधन को अनिवार्य शहरी मानक के रूप में लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने यूपी आवास एप और रेरा पोर्टल को और अधिक सुगम एवं पारदर्शी बनाए जाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

### अविवादित वरासत...

लेकर आयुक्त स्तर तक अब एकीकृत डैशबोर्ड विकसित किया जाए। प्राधिकरणों के लैंडयूज डेटा को खतौनी पर प्रदर्शित किया जाए और धारा 80 के अंतर्गत भू-उपयोग परिवर्तन प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाया जाए। नामांतरण वादों को पूरी तरह ऑटोमेट करने की जरूरत मुख्यमंत्री ने कहा कि नामांतरण वादों को पूर्णतः ऑटोमेट किए जाने की आवश्यकता है। इससे नागरिकों को सुगमता और समयबद्ध न्याय प्राप्त होगा। उन्होंने चकबंदी प्रक्रिया में तकनीकी हस्तक्षेप और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, साथ ही सावधान किया कि चकबंदी की जटिलताओं के कारण गंभीर सामाजिक विवाद जन्म ले सकते हैं, अतः इसे अत्यंत संवेदनशीलता से निपटाया जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के सभी लंबित आवेदन अगले 10 कार्यदिवसों में पूर्ण रूप से निस्तारित किए जाएं। उन्होंने कहा कि भूमि संबंधी विवादों का शीघ्र समाधान न केवल जनविश्वास, बल्कि राज्य में निवेश और विकास के लिए भी आवश्यक है, वहीं लैंड रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण पारदर्शी, भ्रष्टाचार-मुक्त और उत्तरदायी शासन प्रणाली की नींव है। 36 लाख से अधिक जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र जारी विभाग द्वारा प्रस्तुत जानकारी के अनुसार, विगत वर्ष में ही 36 लाख से अधिक जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र निर्गत किए गए, जिनमें से 85% आवेदन सात कार्यदिवसों के भीतर ऑनलाइन निस्तारित हुए। मुख्यमंत्री ने इस प्रगति को सराहनीय बताया और सेवा वितरण को और अधिक प्रभावी और पारदर्शी बनाए जाने के निर्देश दिए।

### पाकिस्तान के साथ...

का निर्णय लिया है। इससे पहले जहाजरानी महानिदेशालय ने मर्चेंट शिपिंग अधिनियम के तहत एक निर्देश जारी कर पाकिस्तान के ध्वज वाले जहाजों को भारतीय बंदरगाहों में प्रवेश करने से प्रतिबंधित कर दिया और भारतीय ध्वज वाले जहाजों को पाकिस्तान के बंदरगाहों पर जाने से रोक दिया। ये प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने भी शुक्रवार को जारी एक अधिसूचना में, तत्काल प्रभाव से पाकिस्तान से आने या निर्यात किए जाने वाले सभी सामानों के आयात या पारगमन पर प्रतिबंध लगा दिया है। पहलगाम हमले के बाद भारत ने अटारी चौकी को पहले ही बंद कर दिया है जो दोनों देशों के बीच एकमात्र व्यापार मार्ग है। पाकिस्तान ने भी भारत के उपायों के जवाब में इसी तरह की कई घोषणाएं की हैं जिससे दोनों देशों के बीच संबंधों में कड़वाहट आ गयी है।

### पाकिस्तान के पास ...

राउंड तोपखाने के गोले, रॉकेट और छोटे हथियारों के गोला-बारूद की आपूर्ति करते थे। रिपोर्ट में कहा गया है कि अकेले फरवरी और मार्च 2023 के बीच पाकिस्तान ने 42,000 122 मिमी बीएम -21 रॉकेट, 60,000 155 मिमी हॉवित्जर गोले और 130,000 122 मिमी रॉकेट भेजे, जिससे 36 करोड़ 40 लाख डॉलर की कमाई हुई। इसमें से 80 प्रतिशत लाभ कथित तौर पर रावलपिंडी में पाकिस्तानी सेना के जीएचक्यू में भेज दिया गया। वित्तीय वर्ष 2022-23 तक, इन हथियारों का निर्यात आसमान छूकर 41 करोड 50 लाख डॉलर हो गया। इससे पाकिस्तानी सेना का गोला बारूद का भंडार कम होना शुरू हो गया। विश्लेषकों के अनुमान के अनुसार वर्ष 2025 तक पाकिस्तान का गोला-बारूद भंडार केवल 96 घंटे यानी चार दिन के उच्च-तीव्रता वाले संघर्ष को झेल सकता है। साथ ही रिपोर्टों में कहा गया है कि पाकिस्तान उच्च मुद्रास्फीति, बढ़ते कर्ज और घटते विदेशी मुद्रा भंडार के गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। इस वित्तीय उथल-पुथल ने सेना की संचालन क्षमताओं को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। ईंधन की कमी के कारण पाकिस्तान की सेना को राशन में कटौती करने, सैन्य अभ्यास स्थगित करने और निर्धारित युद्ध अभ्यास रोकने के लिए मजबूर होना पड़ा है। पूर्व सेना प्रमुख जनरल कमर जावेद बाजवा ने इन सीमाओं को स्वीकार करते हुए कहा है कि पाकिस्तान के पास भारत के साथ लंबे समय तक संघर्ष करने के लिए गोला-बारूद और आर्थिक ताकत की कमी है। गोला-बारूद के भंडार में कमी और आर्थिक बाधाओं के कारण पाकिस्तान की सैन्य तैयारी में काफी कमी आई है। खुफिया रिपोर्टों से पता चलता है कि पाकिस्तान ने संभावित संघर्ष की आशंका में भारत-पाकिस्तान सीमा के पास गोला-बारूद के डिपो बनाए हैं। हालांकि, मौजूदा कमी को देखते हुए इन उपायों से कितना फायदा होगा यह बड़ा सवाल है। पाकिस्तान की अपनी सैन्य तैयारियों पर इन हथियारों के हस्तांतरण के प्रभाव ने चिंता बढ़ा दी है। गोला-बारूद की कमी के कारण पाकिस्तानी सैन्य नेतृत्व भी गंभीर रूप से चिंतित है और दो मई को कोर कमांडरों के सम्मेलन में कई अन्य बातों के अलावा इस मुद्दे पर भी चर्चा की गई।

### प्रदेशभर में वज्रपात...

देहात, कानपुर नगर, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड, गौतम बुद्ध नगर, बुलन्दशहर, अलीगढ, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन, हमीरपुर, महोबा, झांसी, ललितपुर एवं आसपास के इलाकों में गरज-चमक संग वज्रपात की संभावना है।

### एनआईए ने तहुव्वर...

पर 26/11 मुंबई हमलों के लिए एक बड़ी साजिश रचने का आरोप पत्र दाखिल किया था जबकि मुंबई पुलिस ने मुंबई आतंकवादी हमले में उसकी मुख्य भूमिका के मद्देनजर आरोप पत्र दायर किया था। इस बीच अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले 2008 के आतंकवादी हमलों के मास्टरमाइंड राणा की अपील को खारिज कर दिया था। उसके बाद राणा को भारतीय हिरासत में भेजने का रास्ता साफ हो गया था।

### आतंकियों के घरों ...

भ्रामक है, बल्कि घातक भी है। खासकर ऐसे समय में जब पहलगाम की घटना के बाद जम्मू-कश्मीर के छात्र और व्यापारी अत्यधिक असुरक्षित हैं और उन पर हमले का खतरा है। महबूबा ने एक्स पर पोस्ट में कहा, 'पहलगाम आतंकी हमले में कश्मीरियों की संलिप्ता वाला फारूक साहब का बयान बेहद परेशान करने वाला और खेदजनक है। एक कश्मीरी और वरिष्ठ नेता के रूप में उनके बयान से विभाजनकारी विमर्श को बढ़ावा मिलने का खतरा है, जिससे कुछ मीडिया चैनलों को कश्मीरियों तथा मुसलमानों को और अधिक बदनाम करने का मौका मिल रहा है।'

### गंगा एक्सप्रेसवे के हर...

हो रही है। सेंसर रोड के अप्स एंड डाउन्स और कम्फर्ट लेवल को मापते हैं और जहां जरूरत होती है, वहां तुरंत सुधार किया जाता है। यह तकनीक समय और संसाधनों की बचत करती है। गोरखपुर एक्सप्रेसवे पर भी तकनीक का विस्तार गंगा एक्सप्रेसवे पर इस तकनीक की सफलता को देखते हुए यूपीडा इसे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर भी लागू करने जा रहा है। यह 91.35 किलोमीटर लंबा एक्सप्रेसवे गोरखपुर को पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जोड़ेगा। स्विस तकनीक के उपयोग से यह एक्सप्रेसवे भी उच्च गुणवत्ता और कम्फर्ट के साथ तैयार होगा, जो योगी सरकार की आधुनिक बुनियादी ढांचे की सोच को मजबूती देगा।

### अंगोला के साथ...

140 करोड़ भारतीयों की ओर से 'अफ्रीकी संघ' की अध्यक्षता के लिए शुभकामनाएं दी और कहा, ल्लहमारे लिए यह गौरव की बात है कि भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान 'अफ्रीकी संघ' को जी-20 की स्थायी सदस्यता मिली। भारत और अफ्रीका के देशों ने औपनिवेशिक शासन के खिलाफ एक सुर में आवाज उठाई थी। एक दूसरे को प्रेरित किया था। आज हम ग्लोबल साउथ के हितों, उनकी आशाओं, अपेक्षाओं और आकांक्षाओं की आवाज बनकर एक साथ खड़े रहे हैं । उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में अफ्रीका के देशों के साथ हमारे सहयोग में गति आई है। हमारा आपसी व्यापार लगभग 100 अरब डॉलर हो गया है। रक्षा सहयोग और समुद्री सुरक्षा पर प्रगति हुई है। पिछले महीने, भारत और अफ्रीका के बीच पहला नौसैनिक अभ्यास 'ऐक्यम' किया गया है। पिछले 10 वर्षों में हमने अफ्रीका में 17 नये दूतावास खोले हैं। 12 अरब डॉलर से अधिक के ऋण अफ्रीका के लिए आवंटित किये गये हैं। साथ ही अफ्रीका के देशों को 70 करोड़ डॉलर की अनुदान सहायता दी गई है। अफ्रीका के 8 देशों में व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र खोले गए हैं। अफ्रीका के 5 देशों के साथ डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा बनाने में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा, किसी भी आपदा में, हमें अफ्रीका के लोगों के साथ, कंधे से कंधे मिलाकर, 'प्रथम प्रतिकर्ता' की भूमिका अदा करने का सौभाग्य मिला है। भारत और अफ्रीकी संघ- ल्लहम प्रगति में साझीदार और वैश्विक दक्षिण के स्तंभ हैं। मुझे विश्वास है कि अंगोला की अध्यक्षता में, भारत और अफ्रीकी संघ के संबंध नई ऊंचाइयां हासिल करेंगे। बाद में विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) दम्मू रवि ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अंगोला ने पहलगाम हमले को लेकर अंगोला के राष्ट्रपति का बयान अफ्रीकी संघ के अध्यक्ष के तौर पर महत्वपूर्ण है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि वर्षों तक गृह युद्ध में फंसे रहे अंगोला में सड़कों एवं रेलवे के नेटवर्क के विकास के लिए भारत से सहयोग मांगा गया है। भारतीय रेलवे का उपक्रम राइट्स इस दिशा में काम कर रहा है। इसके अलावा सड़कों एवं बंदरगाहों के विकास के लिए भी बात हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि सैन्य आधुनिकीकरण के लिए दिया गया 20 करोड़ डॉलर का ऋण भारतीय रुपये में दिया जाएगा तथा अधिकतर साजोसामान की खरीद भी भारत से होगी। इससे पहले अंगोला के राष्ट्रपति का सुबह राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में रस्मी स्वागत किया गया। इसके बाद उन्होंने राजघाट जा कर महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। हैदराबाद हाउस पहुंचने से पहले विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उनसे शिष्टाचार भेंट की।

# उत्तराखंड और नेपाल के बीच सदियों पुराने संबंध हैं : धामी

■ नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रांत के मुख्यमंत्री कमल बहादुर शाह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रांत के मुख्यमंत्री कमल बहादुर शाह के नेतृत्व में 10 सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से भेंट की। इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत और नेपाल के मित्रतापूर्ण संबधों और सीमावर्ती क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक सुदृढ़ करने पर बल दिया। सीमावर्ती जिलों में आपसी समन्वय से विकास कार्यों को गति देने, सांस्कृति और धार्मिक संबंधों को बढ़ावा देने, पर्यटन विकास एवं आपदा प्रबंधन जैसे महत्वपर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखंड और नेपाल की सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत साझा हैं और दोनों क्षेत्रों के बीच सदियों पुराने ऐतिहासिक संबंध हैं। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्र में व्यापार, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं इन्फ्रास्टक्चर विकास में सहयोग के लिए उत्तराखण्ड सरकार की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रांत के मंत्री वीर बहादुर थापा, सदस्य घनश्याम चौधरी, नरेश कुमार शाही, झपत बहादुर सौद, शेर बहादुर भण्डारी, प्रमुख सचिव सुदूर पश्चिम प्रांत डॉ. कमल प्रसाद पोखरेल शर्मा, सचिव सूरत कुमार बम, राजनीतिक सलाहकार डॉ. जितेन्द्र उपाध्याय मौजूद थे। उत्तराखंड सरकार से प्रमुख सचिव आरके सुधांशु और सचिव विनोद कुमार सुमन इस दौरान मौजूद थे।

## भारत और नेपाल के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंध हैं : कमल शाह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। देहरादून स्थित कृषि भवन में शनिवार को उत्तराखंड व नेपाल के मध्य कृषि और सम्बद्ध क्षेत्रों में पारस्परिक सहयोग पर आधारित बैठक में परिचर्चा की गई। बैठक में नेपाल सुदूर पश्चिम प्रांत के मुख्यमंत्री कमल शाह ने कहा कि भारत और नेपाल के बीच गहरे सामाजिक, सांस्कृतिक और भौगोलिक संबंध हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की जीवनशैली, खानपान, पहनावा और धार्मिक आस्थाएं एक-दूसरे से बहुत मिलती-जुलती हैं। विशेष रूप से उत्तराखंड राज्य, जो नेपाल की सीमा से लगा हुआ है, यहां के लोगों का नेपाल के लोगों के साथ सदियों से सामाजिक और सांस्कृतिक मेलजोल रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड राज्य में प्राकृतिक और ऑर्गेनिक खेती के क्षेत्र में जो प्रयास किए जा रहे हैं, वे अत्यंत सराहनीय हैं। ये प्रयास न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कारगर हैं, बल्कि किसानों की आय को भी बढ़ावा देते हैं। पंचेश्वर बाध निर्माण और धारचूला में पुल निर्माण जैसी अन्तरराष्ट्रीय मुद्दों पर भी उन्होंने अपनी बात रखी। मुख्यमंत्री ने उत्तराखण्ड के कृषि मंत्री का धन्यवाद किया और उन्हें अपने प्रांत आने के लिए आमंत्रण दिया। इस अवसर पर राज्य के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि भारत और नेपाल का रिश्ता रोटी-बेटी का है। उन्होंने बाबा केदार और बाबा पशुपतिनाथ की बात करते हुए दोनों राष्ट्रों के बीच धार्मिक महत्ता को भी प्रकट किया। उन्होंने बताया कि राज्य के तराई व भावर क्षेत्र खाद्यान्न उत्पादन के लिए उपयुक्त हैं, वहीं पर्वतीय क्षेत्रों में औद्यानिकी और सगंध पौधों की भारी संभावनाएं हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में राज्य में कृषि क्षेत्र का सतत विकास हो रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि उत्तराखण्ड में क्लस्टर खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है और सेब की अति सघन बागवानी योजना सहित जैविक व एरोमैटिक कृषि पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मंत्री ने नेपाल से आए प्रतिनिधिमंडल से अपील की कि उत्तराखण्ड और नेपाल मिलकर कृषि और औद्यानिकी के क्षेत्र में सहयोग करें।

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व संवाद केंद्र करेगा वरिष्ठ पत्रकार विभाकर को डॉ. राजेंद्र प्रसाद पत्रकारिता शिखर सम्मान से सम्मानित

**पटना।** बिहार के वरिष्ठ पत्रकार व लेखक अनिल विभाकर को विश्व संवाद केंद्र, पटना द्वार 17 मई को देशरत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद पत्रकारिता शिखर सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें पत्रकारिकता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जा रहा है। अनिल विभाकर का जन्म 5 जून 1954 को बिहार के तत्कालीन गया, वर्तमान में नवादा जिले के परोरिया गांव में हुआ था। साढ़े चार दशक से भी अधिक समय से पत्रकारिता और निरंतर लेखन का कार्य विभाकर कर रहे हैं। वह कई प्रमुख समाचार पत्रों अहम पदों पर रहे, वहीं हिन्दुस्थान समाचार के लिए भी योगदान दिया। वर्तमान में वह विश्व प्रसिद्ध खुदाबख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी बोर्ड में केन्द्र सरकार की ओर से पांच साल से सदस्य हैं। उन्होंने वर्ष 1974 के जेपी आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाई। आपातकाल के दौरान पुलिस की यंत्रणा झेली और मीसा तथा डीआईआर के तहत बीस महीने तक जेल में नजरबंद रहे। उन्हें अभी तक कई प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।

### पंजाब सीमा पर हेरोइन की खेप बरामद

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पिछले 24 घंटों में पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्र में संदिग्ध हेरोइन की तीन खेप बरामद की हैं। बीएसएफ के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि शुक्रवार शाम को तलाशी अभियान के दौरान फिरोजपुर के गांव गट्टी राजोके से सटे एक खेत से पैकेट संदिग्ध हेरोइन (कुल वजन- 575 ग्राम) बरामद की गई। एक अन्य तलाशी अभियान में, सीआई जलालाबाद के सहयोग से बीएसएफ ने जिला फाजिल्का के गांव ढाणी फूला सिंह से सटे एक खेत से पैकेट संदिग्ध हेरोइन (कुल वजन- 568 ग्राम) बरामद की गयी। अमृतसर सीमा पर आज सुबह करीब 08:10 बजे एक संदिग्ध पैकेट के बारे में विश्वसनीय सूचना मिलने पर, बीएसएफ के जवानों द्वारा गहन तलाशी के दौरान अमृतसर जिले के गांव-महावा के निकट एक खेत से एक पैकेट संदिग्ध हेरोइन (कुल वजन- 580 ग्राम) बरामद की गई। बरामद किए गए संदिग्ध हेरोइन के सभी पैकेट चिपकने वाले टेप से लिपटे हुए पाए गए, साथ ही इम्प्रोवाइज्ड लूप और रोशनी की छड़ें भी लगी हुई थीं, जो ड्रोन ड्रॉपिंग का संकेत देती हैं।

### बिहार में 11 अनुमंडल स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशाला की हुई स्थापना : विजय

**पटना।** बिहार के उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि अनुमंडल स्तर पर किसानों को मिट्टी जांच की सुविधा उपलब्ध कराने एवं मिट्टी जांच सेवाओं के विकेन्द्रीकरण के उद्देश्य से 11 अनुमंडल स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशाला की स्थापना की गई है। श्री सिन्हा ने शनिवार को यहां रसायन भवन में संचालित मिट्टी, बीज, उर्वरक एवं कीटनाशी जांच प्रयोगशालाओं का निरीक्षण करने के बाद कहा कि मिट्टी की जांच कर परिणाम के आधार पर संतुलित मात्रा में उर्वरक के उपयोग को प्रोत्साहित करते हुए कृषि योग्य मिट्टी को स्वस्थ रखना, फसल उपज में वृद्धि लाना एवं खेती की लागत को कम करना है। इसलिए, किसानों को उर्वरकों का सही मात्रा में उपयोग के लिये यह आवश्यक है कि किसानों को मिट्टी की उर्वरता मैप की जानकारी मिले। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी जिला मुख्यालय और प्रखंडों में उर्वरता मैप प्रदर्शित किया जाय। वैसे प्रखंडों में जहां मिट्टी में जिंक और बोरोन की कमी है वहां के किसानों को इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाये। मंत्री ने बताया कि अनुमंडल स्तर पर कृषकों को मिट्टी जांच की सुविधा उपलब्ध कराने एवं मिट्टी जांच सेवाओं के विकेन्द्रीकरण के उद्देश्य से 11 अनुमंडल स्तरीय मिट्टी जांच प्रयोगशाला की स्थापना की गई है। नये प्रयोगशाला की स्थापना से किसानों को अपनी मिट्टी जांच करने में आसानी होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि किसानों को सरल भाषा में मिट्टी जांच के महत्त्व की जानकारी दी जाये।

### नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म करने का आरोपित गिरफ्तार

**हरिद्वार।** नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म करने के आरोपित को पुलिस ने उस समय धर दबोचा, जब वह गांव छोड़कर भागने की फिराक में था। इससे पूर्व पुलिस नाबालिग को बरामद कर चुकी थी, जबकि आरोपित फरार चल रहा था। जानकारी के मुताबिक जनपद के थाना बुग्गावाला निवासी एक व्यक्ति ने 30 अप्रैल को तहरीर देकर आरोपित नदीम पुत्र नाजिम पर अपनी नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने व दुष्कर्म करने के सम्बन्ध में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस आरोपित की तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने आरोपित की गिरफ्तारी के लिए कई टीमों का गठन किया, किन्तु आरोपित पुलिस गिरफ्तारी से बचने के लिए छुपा हुआ था तथा गांव छोड़कर फरार होने की फिराक में था। सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपित नदीम (निवासी बंजारेवाला थाना बुग्गावाला, हरिद्वार) को आर्शीवाद वैडिंग पाईन्ट तेलपुरा के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपित के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उसका चालान कर दिया है।

### गंगा सप्तमी पर गंगोत्री में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

**देहरादून।** वैशाख शुक्ल सप्तमी को गंगा सप्तमी के रूप में मनाया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, आज ही के दिन मां गंगा भगवान शिव की जटाओं से निकलकर धरती पर अवतरित हुई थीं। इस अवसर पर विश्व प्रसिद्ध गंगोत्री धाम में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने गंगा के दर्शन कर पूजन-अर्चन किया और यज्ञ अनुष्ठानों में भाग लिया। गंगा सप्तमी पर ब्रह्म मुहूर्त में गंगा, यमुना और सरस्वती की मूर्तियों का विधिवत अभिषेक व पूजन किया गया। इसके उपरांत विशेष भोग अर्पित कर उसे श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। गंगा घाटों पर भक्तों ने तर्पण, पूजा और स्नान कर पुण्य अर्जन किया। गंगोत्री धाम स्थित श्री पंच समिति के सचिव सुरेश सेमवाल ने बताया कि मां गंगा की स्वर्ण मूर्ति का भव्य शृंगार किया गया है। उन्होंने कहा कि आज का दिन गंगा अवतरण की स्मृति में पावन पर्व के रूप में मनाया जाता है। पौराणिक मान्यता के अनुसार, राजा भगीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर मां गंगा शिवजी की जटाओं में अवतरित हुईं और फिर वहां से धरती पर आईं। उन्होंने बताया कि गंगोत्री में सुबह छह बजे तक मां गंगा का अभिषेक किया गया। इसके बाद आरती और भोग अर्पित कर भगवती की स्वर्ण मूर्ति को विशेष रूप से सजाया गया। श्रद्धालु गंगा की आराधना कर पितरों की तृप्ति व मोक्ष की कामना कर रहे हैं।

## सीएम ने वरिष्ठों को लाभ पहुंचाने के लिए आयुष्मान वैन को दिखाई हरी झंडी

■ स्वास्थ्य सेवाओं को दिल्ली के हर कोने तक पहुंचाने की दिशा में एक सशक्त कदम

कैनविज टाइम्स संवाददाता




नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को आयुष्मान वय वंदना योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक के वरिष्ठ जनों के लिए 'आयुष्मान पंजीकरण वैन' को आरके पुरम विधानसभा क्षेत्र के मुनिरका से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा और भाजपा विधायक अनिल शर्मा मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मुनिरका से 'आयुष्मान पंजीकरण वैन' को हरी झंडी दिखाना एक संतोषजनक और गौरवपूर्ण क्षण है। यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं को दिल्ली के हर कोने तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और सशक्त कदम है। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''सबका साथ, सबका विकास'' और ''आयुष्मान भारत'' जैसे जनकल्याणकारी विजनों को जमीन पर साकार करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के 70 दिन पूरे होने पर आज 70 मोबाइल वैन दिल्ली की सभी 70 विधानसभा क्षेत्रों में 70 वर्ष से ऊपर के वरिष्ठ जनों को वय वंदना कार्ड के लिए यहां से रवाना हो गई है। उन्होंने कहा कि सभी 70 वैन 70 विधानसभा क्षेत्रों में 70 दिनों तक वय वंदना कार्ड के लिए पंजीकरण करेंगी। वय वंदना कार्ड बनाने के लिए 70 वर्ष की ऊपर के वरिष्ठ जनों बस अपना आधार कार्ड और मोबाइल लेकर इस वैन के पास आए। वैन में मौजूद कंप्यूटर ऑपरेटर तुरंत उनका पंजीकरण कर देंगे। यह आयुष्मान भारत योजना को सभी तक पहुंचाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने के लिए है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे सरल योजना दुनिया के किसी भी देश में नहीं है। यह केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की वजह से ही सफल हो पाई। इस योजना का फायदा 70 वर्ष से ऊपर के गरीब वरिष्ठ जनों से लेकर बीएमडब्लू रखने वाले वरिष्ठ जनों को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने 28 अप्रैल को दिल्ली के वरिष्ठ जनों को वय वंदना योजना (वीवीवाई) कार्ड वितरित करके शुरू की थी। इस योजना के तहत सबसे पहला कार्ड राम सिंह नेगी, दूसरा वेद सिंह और तीसरा राजेन्द्र कुमार समेत कई लोगों को दिया गया। योजना के तहत दिल्ली के 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ जनों को 10 लाख रुपये का निःशुल्क स्वास्थ्य उपचार देश में कही भी मिलेगा।

## लड़की का शव पेड़ से लटका मिला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। रोहिणी जिले के प्रशांत विहार स्थित जापानी पार्क में एक लड़की का शव पेड़ से लटका मिला। मामले की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस को मृतका के पास से कोई दस्तावेज नहीं मिला है। फिलहाल पुलिस आसपास के थानों में संपर्क कर मृतका की पहचान करने में जुटी है। रोहिणी जिले के डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि शनिवार सुबह करीब 6:45 बजे प्रशांत विहार थाना पुलिस को सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और पाया कि 14-16 वर्ष की एक लड़की अपने दुपट्टे से पेड़ से लटकी हुई थी। पेड़ के तने के पास उसकी चप्पलें भी मिली। प्रथम दृष्टया में मामला आत्महत्या का लग रहा है। पुलिस ने मौके पर क्राइम टीम और एफएसएल टीम को बुलाया। फिलहाल पुलिस मृतका की पहचान करने में जुटी हुई है।

## सर्जिकल स्ट्राइक पर चन्नी की टिप्पणी निंदनीय: लद्धड़

कैनविजि टाइम्स संवाददाता

फगवाड़ा। पंजाब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष एस आर लद्धड़ ने पाकिस्तान के खिलाफ भारत की ओर से की गयी सर्जिकल स्ट्राइक की प्रामाणिकता पर सवाल उठाने के लिए राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी की कड़ी निंदा की है। श्री लद्धड़ ने शनिवार को यहां जारी एक बयान में श्री चन्नी की टिप्पणियों को 'बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक' बताया और कहा, ल्ल ऐसे समय में जब हमारे बहादुर सैनिक आतंकवाद का मुकाबला कर रहे हैं और सर्वोच्च बलिदान दे रहे हैं, एक महत्वपूर्ण सैन्य अभियान पर संदेह करना राष्ट्र के साथ विश्वासघात से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2016 में भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा नियंत्रण रेखा के पार की गयी सर्जिकल स्ट्राइक को व्यापक रूप से सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ एक साहसिक प्रतिक्रिया के रूप में देखा गया था। उन्होंने कहा कि यह स्ट्राइक देश के लिए एक 'गर्व का क्षण' था और उन्होंने उनकी वैधता को कम करने के पीछे की मंशा पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, हमारे राष्ट्रीय सुरक्षा अभियानों पर सवाल उठाकर चन्नी ने न केवल हमारे जवानों का अपमान किया है, बल्कि भारत के दुश्मनों का हौसला भी बढ़ाया है। भाजपा नेता ने श्री चन्नी पर राजनीतिक दबाव में पीछे हटने का प्रयास करने का भी आरोप लगाया और कहा कि जनता के विश्वास और मनोबल को नुकसान पहले ही हो चुका है। उन्होंने कहा, इस तरह के गैरजिम्मेदार और राष्ट्रविरोधी बयान कांग्रेस नेताओं की मानसिकता को दर्शाते हैं, जो बार-बार संकट के समय देश के साथ खड़े होने में विफल रहे हैं।

## रेलवे सात मई से फ़िरोज़पुर कैंट-पटना, अमृतसर-दरभंगा के बीच चलाएगा समर स्पेशल ट्रेन: सैनी

कैनविज टाइमस संवाददाता


जैतो। पंजाब में फिरोजपुर रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक परमदीप सिंह सैनी ने शनिवार को बताया कि रेलवे द्वारा रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन एवं अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने हेतु फ़िरोज़पुर कैंट-पटना-फ़िरोज़पुर कैंट और अमृतसर-दरभंगा-अमृतसर के बीच समर स्पेशल रेलगाड़ियों का संचालन करने का निर्णय लिया है। श्री सैनी ने बताया कि समर स्पैशल रेलगाड़ी संख्या 04602 फ़िरोज़पुर कैंट से पटना के लिए सात मई 2025 से 12 जुलाई 2025 (20 ट्रिप) के बीच प्रत्येक बुधवार और शनिवार को चलेगी। यह समर स्पेशल रेलगाड़ी 04602 फ़िरोज़पुर कैंट से अपराह्न 15.10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन शाम 18.00 बजे पटना पहुँचेगी। वापसी दिशा में, समर स्पेशल रेलगाड़ी संख्या 04601 पटना से फिरोजपुर कैंट के लिए आठ मई 2025 से 13 जुलाई 2025 (20 ट्रिप) के बीच प्रत्येक गुरुवार और रविवार को चलेगी। यह स्पेशल रेलगाड़ी 04601 पटना से रात्रि 20.50 से चलकर अगले दिन रात्रि 23.55 बजे फ़िरोज़पुर कैंट पहुँचेगी।मार्ग में ये समर स्पैशल रेलगाड़ियाँ मोगा, लुधियाना, अंबाला कैंट, यमुनानगर जगाधरी, सहारनपुर, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली, माँ बेलहा देवी धाम प्रतापगढ़, वाराणसी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा और दानापुर रेलवे स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी। समर स्पेशल रेलगाड़ी संख्या 04608 अमृतसर से दरभंगा के लिए नौ मई 2025 से 11जुलाई 2025 (10 ट्रिप) के बीच प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी। यह समर स्पेशल रेलगाड़ी 04608 अमृतसर से रात्रि 20:10 बजे प्रस्थान करके एक दिन बाद सुबह 02:30 बजे दरभंगा पहुंचेगी। वापसी दिशा में, समर स्पेशल रेलगाड़ी संख्या 04607 दरभंगा से अमृतसर के लिए 11 मई 2025 से 13 जुलाई 2025 (10 ट्रिप) के बीच प्रत्येक रविवार को चलेगी। यह समर स्पेशल रेलगाड़ी 04607 दरभंगा से सुबह 04:00 बजे प्रस्थान करके अगले दिन सुबह 10:30 बजे अमृतसर पहुंचेगी।

## पुलिस ने दबोचे चार शातिर टप्पेबाज कई वारदातों को दे चुके हैं अंजाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। चेकिंग के दौरान रूड़की पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से चार टप्पेबाजों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से लेपटॉप, सोने की चेन समेत अन्य सामान बरामद किया है। पकड़े गए आरोपित यूपी और उत्तराखण्ड में कई वारदातों को अंजाम दे चुके हैं। जानकारी के मुताबिक 22 अप्रैल को स्कॉर्पियो गाड़ी से अज्ञात चोरों ने 01 बैग जिसमें एक लैपटॉप तथा एक पर्स जिसमें विभिन्न बैंक कार्ड और दो चेक बुक रखे हुए थे, को चोरी कर लिया था। इस संबंध में कनखल निवासी शुभम गोयल ने तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। वहीं, दूसरी वारदात को टप्पेबाजों ने 2 मई को अंजाम दिया और बाइक सवार युवकों ने गणेशपुर रुड़की निवासी महिला के गले में झपट्टा मारकर सोने की चेन झपट ली और मौके से फरार हो गए। इन घटनाओं का एसएसपी ने संज्ञान लिया। उन्होंने गंगनहर कोतवाल व सीआईयू रुड़की को मामलों के जल्द खुलासे कर आरोपितों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए। टप्पेबाजी के इस गिरोह को तलाशने के लिए जुटी पुलिस टीम ने विभिन्न माध्यम से जानकारी जुटाते हुए मुखबिर तन्त्र को सक्रिय किया तथा घटनास्थलों के आसपास की संदिग्ध आवाजाही को टटोला। परिणामस्वरूप पुलिस ने देर रात माधोपुर अंडरपास से 02 बाइकों पर सवार 04 संदिग्ध को दबोचकर उनकी तलाशी ली। आरोपितों के कब्जे से सोने की चेन, लेपटॉप सहित अन्य सामान बरामद हुआ। पूछताछ में आरोपितों ने चेन स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देना तथा स्कॉर्पियो से बैग चोरी की घटना को अंजाम देने की बात कबूली।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063